seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

मेहनत का फल मीठा होता है, बस धैर्य रखना पड़ता है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 313 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, मंगलवार, 17 नवम्बर 2026 आईसीसी में फिर चला जय शाह का सिक्का 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

गोदाम में भीषण आग लगी

मुंबई। रायगढ़ जिले में वेश्वी गांव स्थित 'प्लैटिनम लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन इंडिया' के एक गोदाम में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह इकाई सोयाबीन तेल के निर्माण और भंडारण कार्यों से जुड़ी हुई है। परिसर का एक बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया और आसमान में काले धुएं का घना गुबार उठने लगा। आग से कई रासायनिक ड्रमों में विस्फोट हो गया, जिससे आग और भड़क गई।

जेल से चार बंदी हुए फरार

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला जेल से सोमवार तड़के चार बंदियों के फरार होने का मामला सामने आया है। चारों बंदी जेल की ऊंची चार दीवारी फांदकर भाग निकले। घटना सुबह करीब चार बजे की है। फरार बंदियों में तीन एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों के आरोपी हैं, जबकि चोरी के मामले में आरोपी है।

मरीज सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : खींवसर

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी राजकीय अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी चिकित्सा संस्थानों में नियमित पेस्ट कंट्रोल, साफ-सफाई और चूहों व आवारा पशुओं की रोकथाम सुनिश्चित की जाए। अस्पताल अधीक्षक एवं संस्थान प्रभारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करें। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।



अमिताभ व अभिषेक बच्चन को धमकी

नई दिल्ली। अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन को गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों की ओर से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पोस्ट में ढिल्लों ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस द्वारा लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े दो कथित शूटर्स की गिरफ्तारी से उसकी कथित योजना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हाल ही में विकास ठाकुर और दीपक सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि दोनों मुंबई में अमिताभ के आवास 'जलसा' के बाहर गोलीबारी की साजिश से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि, धमकी भरी पोस्ट की पुष्टि अभी नहीं हुई है। बच्चन परिवार की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

कांग्रेस ने दिल्ली चलो अभियान टाला

नई दिल्ली। वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों और रकफ के मुद्दे पर कांग्रेस ने आंदोलन की रणनीति में बदलाव किया है। पार्टी ने 25 और 26 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' अभियान का कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया है। अब संविधान दिवस पर 26 नवंबर को सभी राज्यों की राजधानियों में संविधान रक्षा मार्च निकाला जाएगा। दिल्ली में भी सीमित स्तर पर मार्च होगा। कांग्रेस ने बूथ स्तर पर 'वोट रक्षक' नियुक्त करने का फैसला किया है। मार्च की शुरूआत अंबेडकर या गांधी प्रतिमा से होगी, जहां संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ ली जाएगी।

आर्थिक स्थिति... ईंधन और बिजली की कीमतों ने बढ़ाया दबाव, खुदरा महंगाई दर भी आरबीआई की तय सीमा से ऊपर पहुंची

देश में थोक महंगाई लगातार तीसरे महीने बढ़ी, अक्टूबर में दर 12.29 प्रतिशत पर पहुंची



नई दिल्ली। देश में महंगाई का दबाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 12.29 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 11.39 प्रतिशत थी। यानी एक महीने में थोक महंगाई में 0.90 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब थोक महंगाई दर में वृद्धि हुई है। थोक महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह ईंधन और बिजली की कीमतों में तेजी रही। सितंबर में इनकी महंगाई दर 25.85 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में बढ़कर 32.84 प्रतिशत हो गई।

खुदरा भी आरबीआई की सीमा से ऊपर

अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) बढ़कर 6.09 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 5.54 प्रतिशत थी। इस तरह एक महीने में खुदरा महंगाई में 0.55 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई का लक्ष्य 4 प्रतिशत निर्धारित किया है और इसकी ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत तय की है। अक्टूबर में महंगाई दर इस सीमा को पार कर गई। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकार और रिजर्व बैंक की चिंता भी बढ़ सकती है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए नीतिगत कदम उठाने की जरूरत महसूस हो रही है।

यह है मुख्य कारण और यह होगा असर

- ईंधन और बिजली क्षेत्र में तेज बढ़ोतरी से उत्पादन लागत बढ़ी।
- इसका असर उद्योगों और बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है।
- लंबे समय तक थोक महंगाई ऊंचे स्तर पर रहने से इसका बोझ आम उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है।

उत्पादन लागत बढ़ने का असर उपभोक्ताओं पर

थोक महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहने से उत्पादन क्षेत्र पर सीधा असर पड़ता है। कच्चे माल, ईंधन, बिजली और परिवहन की लागत बढ़ने से कंपनियों का उत्पादन खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में कंपनियां अपने मुनाफे को बनाए रखने के लिए बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं। इससे रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर औद्योगिक उत्पादों तक की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार कर नीतियों में बदलाव कर सकती है। उदाहरण के तौर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने पर सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में कटौती की थी। हालांकि, राजस्व संबंधी सीमाओं के कारण करों में कटौती की भी एक सीमा होती है।

थोक और खुदरा महंगाई में अंतर

देश में महंगाई को मुख्य रूप से दो स्तरों पर मापा जाता है :

- खुदरा महंगाई (सीपीआई): यह आम उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर आधारित होती है।
- थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई): यह उन कीमतों को दर्शाती है, जिन पर कारोबारी थोक बाजार में एक-दूसरे से वस्तुओं की खरीद-बिक्री करते हैं।
- थोक महंगाई में धातु, रसायन, प्लास्टिक, रबर और अन्य औद्योगिक उत्पादों का बड़ा हिस्सा होता है। ऐसे में इसके बढ़ने से आने वाले समय में बाजार कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका रहती है।

खाद्य वस्तुओं में मामूली राहत

अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उपभोक्ताओं को मामूली राहत मिली है। थोक महंगाई के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर के 8.66 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर में 8.58% रह गई। हालांकि, रोजमर्रा की अन्य जरूरी वस्तुओं की महंगाई दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सितंबर में यह 8.67 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में बढ़कर 9.24 प्रतिशत हो गई। इससे स्पष्ट है कि खाद्य वस्तुओं में राहत के बावजूद दैनिक उपयोग की जरूरी चीजों की बढ़ती कीमतें आम लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं।

सीजेआई से वकील बोला-आप तो कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं

टिप्पणी के बाद कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद किया गया

नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने अपने खिलाफ चल रहे अवमानना मामले की जल्द सुनवाई की मांग को लेकर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की पीठ से तीखी बहस की।

सीजेआई के इंतजार करने की बात कहने पर वकील नाराज हो गए और उन्होंने न्यायाधीश की कुर्सी और ईमानदारी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष हुई।

पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। वकील ने निर्धारित प्रक्रिया के बिना अपना मामला रखने के लिए पहले माफी मांगी। इस पर जस्टिस वी. मोहना ने कहा कि इस तरह मामले का उल्लेख नहीं किया जा सकता। सीजेआई सूर्यकांत ने वकील से कहा कि उनका आवेदन देखा जाएगा और उन्हें कुछ समय इंतजार करना होगा। इसके बाद वकील नाराज हो गए और उन्होंने सीजेआई पर टिप्पणी कर दी कि आप कुर्सी पर बैठने लायक नहीं। हालांकि, उन्होंने पीठ में शामिल अन्य दोनों न्यायाधीशों के प्रति सम्मान जताया।

कोर्ट रूम से बाहर ले गए सुरक्षाकर्मी : वकील की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी वकीलों के अनुसार, बाद में सुरक्षाकर्मी संबंधित वकील को कोर्ट रूम से बाहर ले गए। मौजूद वकीलों ने इस व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि, इस मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

जूता फेंकने की घटना भी रही थी चर्चा में : 6 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान वकील राकेश किशोर ने तत्कालीन सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता फेंकने की कोशिश की थी। यह घटना एक धार्मिक मामले में टिप्पणी से नाराजगी के बाद हुई थी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तुरंत कोर्ट रूम से बाहर कर दिया था। बाद में बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने उन्हें प्रैक्टिस से निलंबित कर दिया था।

पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

इससे पहले जुलाई में भी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिकाकर्ता ने हंगामा किया था और सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस समय सुनवाई कर रही पीठ ने अवमानना कार्रवाई शुरू करने से इनकार कर दिया था और याचिकाकर्ता की मानसिक एवं स्वास्थ्य स्थिति का उल्लेख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ी सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले कुछ याचिकाकर्ताओं के लिए आवाज और वीडियो बंद करने की व्यवस्था शुरू की थी।

चुनाव लड़ने के लिए हाईकोर्ट का फर्जी आदेश पेश किया

कांग्रेस विधायक के बेटे के खिलाफ जालसाजी का मुकद्दमा, एक गिरफ्तार

झुंझुनूं।

राजस्थान में पंचायत राज चुनाव के बीच हाईकोर्ट के नाम पर कथित फर्जी दस्तावेज तैयार कर चुनाव लड़ने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में फर्जी स्थगन आदेश तैयार करने के आरोपी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के बेटे जयप्रकाश को पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ाने के लिए हाईकोर्ट का कूटरचित आदेश तैयार किया गया था, जिसे नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सूरजगढ़ थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि 31 अक्टूबर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट संदीप चौधरी ने इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पंचायत चुनाव में नामांकन के दौरान हाईकोर्ट का कथित फर्जी आदेश पेश कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने रूपपुरा तन कुलोठ खुर्द निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस उससे कथित फर्जी दस्तावेज तैयार करने, इसकी योजना बनाने और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है।

जांच में सामने आया कि हरियाणा निवासी उमेश कुमार के मोबाइल फोन से कथित हाईकोर्ट आदेश एसडीएम को भेजा गया था। मामला सामने आने के बाद निर्वाचन विभाग ने संबंधित अधिकारियों को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सूरजगढ़ थाने में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के बेटे जयप्रकाश सहित 3 पर जालसाजी का मामला दर्ज किया गया।

चुनावी रंजिश ने ली युवक की जान

धौलपुर। सरमथुरा पंचायत समिति की बरौली ग्राम पंचायत में चुनावी रंजिश ने रविवार देर रात हिंसक रूप ले लिया। सरपंच पद के दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। घटना के विरोध में सोमवार को होने वाला मतदान प्रभावित हो गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। मतदान शुरू होने के बाद भी लंबे समय तक मतदान केंद्रों पर एक भी मतदाता नहीं पहुंचा। पोलिंग पार्टी के कर्मचारी मतदाताओं का इंतजार करते रहे। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मतदान केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

वंदे भारत में फंसे 12 रिश्तेदार, ₹36 हजार देना पड़ा जुर्माना, गेट बंद होने से मचा हंगामा

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर रविवार को एक अजीब स्थिति पैदा हो गई, जब रिश्तेदार को वंदे भारत एक्सप्रेस में बैठाने पहुंचे 12 लोग ट्रेन के अंदर ही रह गए। स्वचालित गेट बंद होने के बाद वे बाहर नहीं निकल पाए तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वंदे भारत के गेट केवल निर्धारित स्टेशनों पर ही खुलते हैं।

बनारस, प्रयागराज और कानपुर के बाद ट्रेन सीधे नई दिल्ली रुकती है। अंदर फंसे लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। ट्रेन स्टाफ के समझाने के बावजूद कुछ लोगों ने उतरने के लिए हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना टूंडला कंट्रोल को दी गई। कंट्रोल के निर्देश पर ट्रेन को सुबह 10:49 बजे इटावा जंक्शन पर रोका गया। स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, आरपीएफ इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और जीआरपी टीम ने सभी 12 लोगों को ट्रेन से उतारा। आरपीएफ के अनुसार, प्लेटफार्म टिकट नहीं होने और हंगामा करने पर वाणिज्य विभाग ने प्रति व्यक्ति 3000 रुपये के हिसाब से कुल 36 हजार रुपये जुर्माना वसूला। सभी को भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

एफआईआर से नहीं लग जाता चरित्र पर दाग : हाईकोर्ट

वैवाहिक विवाद के लंबित मुकद्दमे के आधार पर नौकरी से वंचित करना गलत

जोधपुर

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ ने वैवाहिक विवाद से जुड़े आपराधिक मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि केवल एफआईआर दर्ज होने या मामला लंबित रहने से किसी व्यक्ति के चरित्र पर दाग नहीं लगाया जा सकता। दोष सिद्ध होने तक हर व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। जस्टिस कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में कई बार दबाव बनाने के उद्देश्य से भी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। ऐसे में आरोपों की गंभीरता और संबंधित पद के कर्तव्यों पर उसके प्रभाव का मूल्यांकन किए बिना किसी चयनित अभ्यर्थी को रोजगार से वंचित करना उसके आजीविका और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। मामला चूरू जिले के तारानगर क्षेत्र निवासी 29 वर्षीय कुलदीप सिंह से जुड़ा है। उन्होंने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में चयन हासिल किया था। दस्तावेज सत्यापन के बाद उन्हें गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पदस्थापन मिला, लेकिन पुलिस सत्यापन में पत्नी की ओर से दर्ज दहेज प्रताड़ना और मारपीट के मामले का हवाला देकर जॉइनिंग रोक दी गई। हाईकोर्ट ने कहा कि भर्ती नियमों में ऐसे मामलों में स्वतः अयोग्यता का प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने विभाग की कार्रवाई को मनमाना बताते हुए शिक्षा विभाग और चयन बोर्ड को कुलदीप सिंह को तुरंत नियुक्ति देने के निर्देश दिए।

हालांकि, नियुक्ति से पहले उन्हें शपथपत्र देना होगा कि भविष्य में दोषी ठहराए जाने पर वे नियुक्ति के आधार पर विशेष अधिकार का दावा नहीं करेंगे। दोषमुक्त होने पर उन्हें सभी लाभ मिलेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका, हलफनामे के जरिए सीईसी और चुनाव आयुक्तों से मांगी गई जानकारी; फैसलों, मतदाता सूची और डिजिटल सिस्टम पर उठे सवाल

एसआईआर पर चुनाव आयोग से 48 सवालों के जवाब मांगे राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन ने

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर चुनाव आयोग से विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े 48 सवालों के जवाब हलफनामे के जरिए देने की मांग की है। याचिका में चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, मतदाता सूची में बदलाव, फॉर्म-6 में संशोधन और डिजिटल प्रणालियों से जुड़े मामलों पर जवाब मांगे गए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि चुनाव आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में कई फैसलों को सर्वसम्मति से लिया जाना बताया है, लेकिन उनसे जुड़े रिकॉर्ड, फाइल नंबर, तारीख और निर्णय प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों से व्यक्तिगत जवाब की मांग की है।

फैसला किसने लिया?

याचिका में पूछा गया है कि देशभर में एसआईआर लागू करने का निर्णय किसने लिया और यह फैसला किस फाइल, तारीख और प्रक्रिया के तहत हुआ। साथ ही यह भी पूछा गया है कि क्या निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए या किसी मामले में बहुमत का सहारा लिया गया।

पूछे गए 48 सवाल

1. पूरे देश में एसआईआर कराने का फैसला किसने लिया?
2. यह निर्णय किस तारीख को लिया गया और किस फाइल में दर्ज है?
3. क्या एसआईआर का फैसला तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिया गया?
4. निर्णय बैठक में हुआ, फाइल के माध्यम से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से?
5. प्रत्येक चुनाव आयुक्त ने कब अपनी सहमति दी?
6. क्या किसी चुनाव आयुक्त ने इस फैसले पर आपत्ति दर्ज कराई?
7. यदि आपत्ति दर्ज हुई तो उसका निपटारा कैसे किया गया?
8. क्या एसआईआर से जुड़े फैसले सर्वसम्मति से हुए या बहुमत से?
9. किन-किन फैसलों में मुख्य चुनाव आयुक्त से अन्य आयुक्त असहमत थे?
10. एसआईआर आदेशों से संबंधित फाइल नोटिंग व रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं।
11. चुनाव आयुक्त विवेक जोशी और एसएस संधू ने एसआईआर, ईसीआईएनईटी, फॉर्म-6 या अन्य मामलों में कितनी बार लिखित आपत्ति दर्ज की?
12. ये आपत्तियां किन तारीखों को दर्ज की गईं?
13. क्या किसी फैसले पर असहमति को रिकॉर्ड में शामिल किया गया?
14. क्या असहमति के बाद भी निर्णय लागू किए गए?
15. क्या आयोग में किसी मुद्दे पर अलग-अलग राय रही?
16. 26 अक्टूबर के चुनाव आयोग के हलफनामे को किसने मंजूरी दी?
17. हलफनामे को मंजूरी देने की तारीख क्या थी?
18. मंजूरी बैठक में दी गई या फाइल/ई-मेल के माध्यम से?
19. क्या हलफनामे में किसी आयुक्त ने संशोधन का सुझाव दिया था?
20. हलफनामे से जुड़े दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं।
21. ऑनलाइन फॉर्म-6 में नया घोषणा पत्र जोड़ने का फैसला किसने लिया?
22. यह बदलाव कब किया गया?
23. क्या इस बदलाव को चुनाव आयोग की मंजूरी मिली थी?
24. क्या किसी चुनाव आयुक्त ने इस पर आपत्ति जताई?
25. नए प्रावधान के कारण कितने फॉर्म-6 प्रभावित हुए?
26. कितने आवेदन स्वीकार, अस्वीकार या लंबित रहे?
27. एसआईआर के दौरान कितने मतदाताओं के नाम हटाए गए?
28. नाम हटाने के कारण क्या थे?
29. कितने नाम मृत्यु, स्थान परिवर्तन, दोहराव या अन्य कारणों से हटाए गए?
30. क्या सभी नाम हटाने से पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के आदेश लिए गए?
31. क्या बिना ईआरओ आदेश के कोई नाम हटाया या बदला गया?
32. क्या बड़ी संख्या में नाम हटाने के लिए कोई स्वचालित प्रक्रिया अपनाई गई?
33. ईआरओनेट, ईसीआईनेट को केंद्रीयकृत करने का निर्णय किसने लिया?
34. मतदाता सूची के डिजिटल डेटा का नियंत्रण किसके पास है?
35. क्या किसी निजी कंपनी या ठेकेदार को मतदाता डेटाबेस में बदलाव की अनुमति दी गई?
36. यदि दी गई तो किन लोगों को और किस अवधि के लिए?
37. क्या किसी बाहरी एजेंसी को डेटा तक पहुंच मिली?
38. डेटा में बदलाव की निगरानी के लिए क्या व्यवस्था है?
39. क्या सिस्टम में किए गए बदलावों का ऑडिट कराया गया?
40. एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 आपत्तियों की संख्या कितनी रही?
41. कितनी आपत्तियां गलत या संदिग्ध पाई गईं?
42. गलत आपत्तियां दर्ज करने वालों पर क्या कार्रवाई हुई?
43. क्या बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा की गई?
44. मतदाताओं को नाम हटाए जाने से पहले कितनी सूचना दी गई?
45. नाम हटाने के खिलाफ अपील की क्या व्यवस्था रही?
46. पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में मतदाता सूची संबंधी मामलों में कितनी अपील दायर की गईं?
47. आयोग द्वारा रिकॉर्ड उपलब्ध न कराने की स्थिति में विशेषाधिकार का आधार क्या है?
48. सभी संबंधित निर्णयों, फाइलों और रिकॉर्ड की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं।



सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति

याचिका में राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट से इन सवालों को चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त, दोनों चुनाव आयुक्तों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने की अनुमति मांगी है। उनका तर्क है कि रक्फ़से जुड़े निर्णयों और डिजिटल मतदाता प्रणाली की पारदर्शिता के लिए इन सवालों के जवाब जरूरी हैं।

किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को दी सात सलाह

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राहुल गांधी को 7 सलाह देते हुए कहा कि इन कदमों से कांग्रेस जनता का भरोसा दोबारा हासिल कर सकती है। रिजिजू ने जो सलाह दी हैं, वे हैं :

1. **देश में अधिक समय बिताएं :** राहुल से विदेश यात्राओं की बजाय भारत में अधिक समय बिताएं और जनता के बीच सक्रिय रहें।
2. **वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करें :** कांग्रेस को अपने अनुभवी नेताओं के अनुभव का सम्मान करना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए।
3. **देश विरोधी ताकतों से दूरी रखें :** रिजिजू ने राहुल गांधी को ऐसे लोगों और संगठनों से दूरी बनाने की सलाह दी, जिन्हें वे भारत विरोधी मानते हैं।
4. **भाजपा-आरएसएस के प्रति रवैया बदलें :** भाजपा-आरएसएस को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखें, दुश्मन के रूप में नहीं।
5. **संसद को गंभीरता से लें :** संसद की कार्यवाही में अधिक सक्रिय भागीदारी और सार्थक बहस को बढ़ावा दें।
6. **संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करें :** संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखें व सम्मान करें।
7. **वंशवाद की राजनीति खत्म करें :** कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र मजबूत करें और पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से चलाएं।

श्रीगंगानगर पंचायत आम चुनाव 2026

87% मतदान हुआ, आज उपसरपंच के चुनाव

लोकतंत्र का महापर्व, मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह व रिकॉर्ड मतदान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

जिले में पंचायत आम चुनाव 2026 के तहत सरपंच पद के लिए हुए मतदान में ग्रामीण अंचल के मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह का परिचय दिया है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी पंचायतों की पंचायत समिति वार मतदान प्रतिशत की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, जिले के सभी क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो लोकतंत्र के प्रति मतदाताओं की अटूट आस्था और सजगता को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं।

पंचायत समिति वार मतदान के विस्तृत आंकड़े और विश्लेषण

श्रीगंगानगर जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में हुए इस चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपने नुमाइंदों को चुनने के लिए लोगों में कितना भारी जोश था। आइए, प्रत्येक पंचायत समिति के आंकड़ों पर विस्तार से नजर डालते हैं।

■ **अनूपगढ़:** जिले की अनूपगढ़ पंचायत समिति के अंतर्गत कुल 44 ग्राम पंचायतें आती हैं, जहां कुल मतदाताओं की संख्या 1,14,117 दर्ज की गई। यहां मतदान की शुरूआत पूरी तरह से शांतिपूर्ण रही । समय के साथ मतदान का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ाः

सुबह 10:00 बजे: 27,832 मतदाताओं ने वोट डाले, जो कुल मतों का 24.39% रहा।

दोपहर 01:00 बजेः यह आंकड़ा बढ़कर 58,457 यानी 51.23% पर पहुंच गया।

दोपहर 03:00 बजेः 79,612 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया, जो 69.76% रहा।

शाम 06:00 बजे: अनूपगढ़ ने रिकॉर्ड 88.11% (1,00,543 वोट) का उच्च मतदान प्रतिशत दर्ज किया। इसके अलावा, इस क्षेत्र में 1 ग्राम पंचायत निर्विरोध भी चुनी गई है।

■ **घड़साना:** घड़साना पंचायत समिति में 44 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत कुल 1,28,926 मतदाता पंजीकृत थे। यहां भी मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई।

सुबह 10:00 बजे तक 27,2330 वोट (21.12%), दोपहर 01:00 बजे तक 59,486 वोट (46.14%), और दोपहर 03:00 बजे तक 85,241 वोट (66.12%) डले।

शाम 06:00 बजे तक कुल 1,09,909 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जिससे यहां का कुल मतदान प्रतिशत 85.25% दर्ज किया गया।

■ **श्रीकरणपुर:** करणपुर पंचायत समिति में 36 ग्राम पंचायतें हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 90,572 है। शांतिपूर्ण मतदान की शुरूआत के साथः सुबह 10:00 बजे 17,970 (19.84%), दोपहर 01:00 बजे 40,948 (45.21%), और दोपहर 03:00 बजे 56,055 (61.89%) मतदाताओं ने वोट डाले।

शाम 06:00 बजे तक कुल 75,917 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, और इस प्रकार श्रीकरणपुर का कुल मतदान 83.82% रहा।

■ **पदमपुर:** पदमपुर क्षेत्र में भी 36 ग्राम पंचायतों के तहत 1,08,977 कुल मतदाता थे। यहाँ का चुनावी रुझान इस प्रकार रहाः

सुबह 10:00 बजे 23,933 वोट (21.96%), दोपहर 01:00 बजे 52,048 वोट (47.76%), और दोपहर 03:00 बजे 71,441 वोट (65.56%) पोल हुए।

शाम 06:00 बजे तक कुल 94,911 मतदाताओं ने वोटिंग की, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 87.09% पर पहुंच गया।

■ **रायसिंहनगर:** जिले की बड़ी पंचायत समितियों में शुमार रायसिंहनगर में 55 ग्राम पंचायतें और 1,41,011 कुल मतदाता हैं। यहाँ मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गयाः

सुबह 10:00 बजे 31,435 (22.29%), दोपहर 01:00 बजे 60,949 (43.22%), और दोपहर 03:00 बजे 92,150 (65.35%) वोट डाले गए।

शाम 06:00 बजे तक रिकॉर्ड 1,21,341 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, और कुल मतदान 86.05% दर्ज किया गया।

■ **सादुलशहर:** सादुलशहर पंचायत समिति के अंतर्गत 39 ग्राम पंचायतें और 1,10,438 मतदाता पंजीकृत थे। शांतिपूर्ण शुरूआत के बादः

सुबह 10:00 बजे 24,924 (22.57%), दोपहर 01:00 बजे 53,923 (48.83%), और दोपहर 03:00 बजे 74,598 (67.55%) मतदान हुआ।

शाम 06:00 बजे तक यहाँ 97,717 मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिससे कुल मतदान प्रतिशत बढ़कर 88.48% हो गया, जो जिले में एक मजबूत भागीदारी का संकेत है।

■ **श्रीगंगानगर (नॉर्थ):** श्रीगंगानगर उत्तर मुख्यालय के अंतर्गत 32 ग्राम पंचायतें आती हैं, जहाँ कुल 1,08,779 मतदाता हैं। यहाँ का मतदान विवरण इस प्रकार रहाः

सुबह 10:00 बजे 23,434 (21.54%), दोपहर 01:00 बजे 49,224 (45.25%), और दोपहर 03:00 बजे 68,038 (62.55%) वोट पड़े।

शाम 06:00 बजे तक कुल 92,588 मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जिससे कुल मतदान 85.12% दर्ज किया गया।

■ **श्रीगंगानगर (साउथ):** दक्षिण मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत 20 ग्राम पंचायतें और 62,635 कुल मतदाता शामिल हैं। कम ग्राम पंचायतों वाला यह क्षेत्र भी मतदान में पीछे नहीं रहाः

सुबह 10:00 बजे 15,033 (24.00% - जो सुबह के समय सबसे अधिक प्रतिशत में से एक है), दोपहर 01:00 बजे 30,678 (48.98%), और दोपहर 03:00 बजे 41,393 (66.09%) मतदाताओं ने वोट डाले।

शाम 06:00 बजे तक कुल 54,389 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कुल मतदान 86.83% दर्ज किया गया।

शांतिपूर्ण और अनुशासित मतदान प्रक्रिया

जिला निर्वाचन प्रशासन और पुलिस विभाग की चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते पूरे श्रीगंगानगर जिले में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सभी आठों पंचायत समितियों में मतदान की शुरूआत बिना किसी बाधा या अप्रिय घटना के हुई। ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस उत्सव में हिस्सा लिया। प्रशासनिक मुस्तैदी और जनता के भारी सहयोग से यह चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ है, जो ग्रामीण विकास की नई इबारत लिखेगा।

उम्र की बेड़िया नहीं रोक पाई



पुलिस प्रशासन की मुश्तैदी



रिटर्निंग अधिकारी सतनाम सिंह रावलामंडी ने पूरी व्यवस्था बनाए रखी।

युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह



श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ छठ महोत्सव

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

श्रीगंगानगर। लोक आस्था, सूर्य उपासना और कठिन तपस्या का चार दिवसीय महापर्व छठ जिला मुख्यालय पर पूरी श्रद्धा, हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हो गया। पर्व के अंतिम दिन उगते हुए सूर्य (उदीयमान सूर्य) को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही व्रतियों का कठिन उपवास पूरा हुआ। शहर के तीन पुली, जैड माइनर और अन्य प्रमुख स्थानों पर बनाए गए अस्थायी घाटों पर पूर्वांचलवासियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र छठी मईया की भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। छठ महापर्व को लेकर शहर के घाटों पर पिछले कई दिनों से विशेष तैयारियां चल रही थीं। श्रीसूर्य छठ पूजा सेवा समिति, गंगा मैया सेवा समिति, श्री मिथिला छठ पूजा सेवा समिति और श्री मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैड माइनर नहर के पास आयोजित रात्रि जागरण में फिरोजपुर और अन्य स्थानों से आई विशेष झांकियों और नृत्य प्रस्तुतियां ने समां बांध दिया।



सुबह चार बजे से ही व्रती महिलाओं और परिजनों का घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। अपनी-अपनी मन्नतों को पूरा करने के लिए व्रती हाथ में सूप और अर्घ्य पात्र लेकर सूर्योदय की प्रतीक्षा में ठंडे पानी में खड़े रहे। जैसे ही पूर्व दिशा में भगवान भास्कर ने अपनी किरणें बिखेरीं, घाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ आतिशबाजी और पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। श्री सूर्य पूजा छठ सेवा समिति के पदाधिकारियों धर्मेंद्र दास व उमेश दास तथा श्री मिथिला छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त अध्यक्ष विनोद शाह ने बताया कि उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने अपने परिवार की सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। इस दौरान विभिन्न समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष लंगर और भंडारे का भी आयोजन किया गया। जाति और क्षेत्र की सीमाओं से परे इस महापर्व में शहर के विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे श्रीगंगानगर में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सद्भाव की एक अनूठी तस्वीर देखने को मिली।

भजन-संकीर्तन संपन्न

श्रीगंगानगर। श्री सत्य साईं सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान श्री सत्य साईं बाबा के आशीर्वाद से विश्व शांति तथा लोक कल्याण की भावना के साथ आयोजित 24 घंटे का वार्षिक अखंड भजन-संकीर्तन आयोजित हुआ। संयोजक डॉ. ब्रह्म भाटिया ने बताया कि ह्यभजन से शांति, शांति से विश्व कल्याणह्ल के भाव के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक चेतना से सराबोर रहा। इस अव पर शहर सहित पदमपुर, रावला व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मनोज आर्य ने सभी सहयोगियों एवं सेवादारों का आभार व्यक्त किया तथा श्रद्धालुओं को भोजन व पवित्र विभूति प्रसाद वितरित किया गया।

ब्लूमिंग डेल्स के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्थानीय ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों सक्षम जैन एवं हिमांक गुप्ता ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ह्यटेकस्प्रिंट 4.0ह्ल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ह्यसर्वश्रेष्ठ नवाचार एवं व्यावसायिकीकरण पुरस्कारह्ल प्राप्त किया। भौतिक विज्ञान व्याख्याता मनोज स्वामी के मार्गदर्शन में देशभर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान दोनों विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, तकनीकी कौशल व नवाचार का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस उपलब्धि पर उन्हें 3 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि व सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या मीतू शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित करते हैं। भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सोहन लाल सिहाग, सचिव श्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन व प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



लैंगिक संवेदनशीलता और समानता से सशक्त होगा विद्यालयी वातावरण

श्रीगंगानगर। बिरला पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों एवं स्टाफ के लिए जेंडर सेंसिटिविटी इन स्कूल्स विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बिरला पब्लिक स्कूल के 46 और अन्य विद्यालयों के 14 सहित कुल 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. ममता यादव और श्रीमती पूजा सिंह ने संवादात्मक सत्रों और गतिविधियों के माध्यम से लैंगिक समानता, समावेशिता, जेंडर सेंसिटिव पेडागॉजी और कक्षा-कक्ष में पूर्वाग्रह रहित भाषा के प्रयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्राचार्या श्रीमती सुशीला सहारण ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में समानता व मानवीय मूल्यों का विकास करना है। प्रधानाध्यापिका श्रीमती आकांक्षा खुल्लर ने सुरक्षित विद्यालयी वातावरण में शिक्षकों की भूमिका को अहम बताया। आयोजन में संजीव चौहान, मुकेश और भरत का विशेष योगदान रहा।



'श्यामा आन बसो वृन्दावन में ....'

श्रीगंगानगर। हनुमानगढ़ रोड स्थित अग्रवाल ट्रस्ट परिसर में शनिवार रात राधा गोविंद सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित ह्यराधा-रानी संकीर्तनह्ल ने शहर को वृंदावन जैसा बना दिया। विदेशी फूलों से सजे दरबार में भजन गायिका निकुंज कामरा ने 'श्यामा आन बसो वृंदावन में..' जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु झूम उठे। मुख्य अतिथि अग्रवाल सदन के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने भी भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। आधी रात तक चले इस आयोजन में फाउंडेशन की अध्यक्ष रेणु अग्रवाल, डॉ. पीसी आचार्य, डॉ. देवकरण जुनेजा, अंकित मित्तल, गीतांजलि गोयल, आत्माराम, सुरजीत कौर, तमन्ना मित्तल, रमन वर्मा और गौरव गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्याम परिवार मंडल ने दरबार सजाया, लंगर सेवा समिति ने प्रसाद और हिंदू शक्ति फाउंडेशन ने जल-फ्रूट सेवा दी।

सड़कों पर जगह-जगह लगे कचरे के ढेर , कोटेशन के जरिये करवाए जा रहे काम

चरमराई सफाई व्यवस्थाः सात दिन बाद भी नालों की सिल्ट का उठाव नहीं

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

शहर में सफाई व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। नगरपरिषद प्रशासन भले ही शहर में दो समय सफाई और नियमित कचरा उठाव के बड़े-बड़े दावे कर रहा हो, लेकिन धरातल पर स्थिति इन दावों के बिल्कुल उलट और बदहाल नजर आ रही है। आलम यह है कि शहर के प्रमुख इलाकों में हफ्तेभर पहले नालों से निकाली गई सिल्ट का आज तक उठाव नहीं हुआ है, जिसके कारण गलियों के कोनों और मुख्य सड़कों पर कचरे और सिल्ट के ढेर पसरे हुए हैं। शहर की कई प्रमुख कॉलोनियों में इन दिनों सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। सेतिया फार्म, प्रेम नगर और विनोबा बस्ती सहित शहर के विभिन्न वार्डों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि वार्डों में सफाई के नाम पर भी पक्षपात और भेदभाव किया जा रहा है। अधिकांश वार्डों से नियमित सफाई कर्मचारियों को हटाकर दूसरे स्थानों पर लगा दिया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर गंदगी के अंबार लगते जा रहे हैं। नगरपरिषद की ओर से कचरा संग्रहण और उठाव के लिए जो वाहन संचालित किए जा रहे हैं, वे नियमित रूप से वार्डों में नहीं पहुंच रहे हैं।

सोशल मीडिया पर खोल रहे पोल

स्थिति यह है कि जनता की समस्याओं से परेशान होकर पार्षदगण आए दिन सोशल मीडिया के जरिए नगरपरिषद को जमीनी हकीकत से अवगत करवा रहे हैं, वीडियो और तस्वीरें साझा कर रहे हैं। इसके बावजूद नगरपरिषद प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ठोस समाधान या कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। पूर्व पार्षद कमल नारंग के अनुसार शहर में कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगरपरिषद के अधिकारी दो पारी में कचरा उठाव का झूठा दावा करते हैं, लेकिन हकीकत में इनके पास कार्य के अनुरूप पर्याप्त संसाधन ही नहीं हैं। वाहनों के लिए टेंडर भी कुछ समय पूर्व ही किए गए हैं, और अधिकांश काम पारदर्शिता से करने के बजाय 'कोटेशन' के आधार पर निपटाए जा रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और अनियमितता सार्वजनिक न हो सके।





मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
28.7°	14.1°

आर्द्रता

सुबह	शाम
85%	43%

विंड स्पीड

2-12KM/h

आज का सूर्यास्त

05:38PM

कल का सूर्योदय

07:02AM

आंशिक बादल रहेंगे।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,35,630

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,25,440

चांदी (प्रति किलो) ₹1,72,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

धानका समाज को एसटी योजनाओं का लाभ देने की मांग

श्रीगंगानगर। धानका समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद धर्मेंद्र मौर्य व प्रेम नारायण डाबला के नेतृत्व में पहुंचे समाज के लोगों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए घोषित 3,200 करोड़ रुपये के बजट व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धानका समाज को नहीं मिल रहा है। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की वेबसाइट लंबे समय से बंद होने और अन्य सामाजिक योजनाओं से वंचित रखने पर आक्रोश जताया। समाज ने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में धानका एसटी आश्रम खोलने तथा एसटी वर्ग के तहत सभी सुविधाएं व अनुदान जल्द बहाल करने की मांग की।

नवाचार : हर घर-दुकान को मिलेगी यूनिक आईडी, अलास्का सॉफ्टवेयर को मिला जिम्मा, अगले सप्ताह से शुरू होगा फील्ड वर्क

शहर में ड्रोन और सैटेलाइट से होगा हाई-टेक प्रॉपर्टी सर्वे: 36 लाख की लागत से 80 हजार+ संपत्तियों का बनेगा डिजिटल डेटाबेस

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

नगर परिषद क्षेत्र में यूडी टैक्स वसूली में आ रही भारी परेशानी और राजस्व के नुकसान को रोकने के लिए अब शहर में नए सिरे से आधुनिक प्रॉपर्टी सर्वे की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। नगर परिषद ने इसके लिए अलास्का सॉफ्टवेयर कंपनी को अधिकृत किया है। इस बार सर्वे पूरी तरह से ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक पर आधारित होगा, जिससे शहर के चप्पे-चप्पे का सटीक डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 36 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब एजेंसी अगले सप्ताह से फील्ड में उतरकर जमीनी काम शुरू कर सकती है। इस विस्तृत सर्वे के पूरा होने से नगर परिषद को भविष्य में बड़ा राजस्व लाभ मिलेगा, टैक्स निर्धारण पारदर्शी होगा और आम नागरिकों को भी अपनी प्रॉपर्टी का अपडेटेड डिजिटल रिकॉर्ड मिल सकेगा। नगरपरिषद की राजस्व शाखा के अनुसार आवासीय क्षेत्र में 300 वर्ग गज से अधिक के खाली भूखंड पर भी यूडी टैक्स देना अनिवार्य होता है। वहीं व्यावसायिक क्षेत्र में यह नियम मात्र 100 वर्ग गज पर लागू होता है।



अगले सप्ताह से काम करेगी टीम

प्रॉपर्टी सर्वे के लिए हमारी तरफ से वर्क ऑर्डर कर दिए गए हैं। टीम को प्रशिक्षण भी दिया गया है। आगामी सप्ताह से टीम फिल्ड में सर्वे का काम शुरू कर देगी।

- मिलखराज चुघ, आयुक्त नगरपरिषद

2007 में अंतिम बार हुआ था प्रोपर्टी का विस्तृत सर्वे

शहर में आखिरी बार साल 2007 में जयुपर की ठेका कंपनी ओसवाल के माध्यम से प्रॉपर्टी सर्वे कराया गया था। उसके बाद से लंबे समय तक केवल टुकड़ों में सर्वे हुआ,इसके कारण सभी प्रोपर्टी का आंकलन नहीं हो पाया था। 2007 के सर्वे में कई मामलों में अलग-अलग स्वामित्व वाली संपत्तियों को एक ही भवन मानकर टैक्स निर्धारित कर दिया गया था। समय के साथ संपत्तियों का विभाजन हुआ और मालिकाना हक बदल गए। मकान मालिक और किराएदार बदलने से पुराने रिकॉर्ड मौजूदा जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे थे। संपत्तियों के हिस्से होने के बाद कई मामले टैक्स रिकॉर्ड से बाहर हो गए। राजस्व अधिकारियों को पुरानी जानकारी के कारण बार-बार मौके पर जाकर रिकॉर्ड का मिलान करना पड़ रहा था, जिससे परिषद को आर्थिक नुकसान हो रहा था। सूत्रों के अनुसार, पहले जहां कागजों में संपत्तियों की संख्या (मार्च 2026 तक तक मात्र 3381 आवासीय, 1000 व्यावसायिक और 402 संस्थानिक/औद्योगिक संपत्तियां) थी, इसके बाद टुकड़ों में हुए सर्वे में यह संख्या 5500 से अधिक है।

इस तरह काम करेगा नया डिजिटल सर्वे सिस्टम

इस सर्वे को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत सबसे पहले सैटेलाइट के जरिए शहर की सीमा का 'पोलिजोन' तैयार कर डिजिटल नक्शा और डेटाबेस बनाया जाएगा। इसके बाद ड्रोन के जरिए शहर की संपत्तियों का सटीक भौगोलिक सर्वे होगा। इसके बाद संबंधित फर्म की सर्वे टीम घर-घर पहुंचेगी। भवन में रहने वाले लोगों से मालिकाना हक, नामांतरण और भूरुपान्तरण से जुड़े सभी दस्तावेज लेकर ऑनलाइन पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किए जाएंगे। शहर की प्रत्येक प्रॉपर्टी का अपना एक यूनिक आईडी नंबर बनेगा। इसके बाद प्रॉपर्टी टैक्स और बकाया राशि की आधिकारिक सूचना सीधे भूखंड मालिक या रहवासी को एसएमएस के जरिए भेजी जाएगी। प्रोपर्टी से जुड़ा सारा डाटा जिला मुख्यालय पर नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर(एनआईसी) द्वारा तैयार किए गए यूडी टैक्स बड्डी ऐप में मौके पर ही सर्वेयर द्वारा अपलोड किया जाएगा। इस ऐप में कार्य की प्रक्रिया समझाने के लिए सोमवार को अलास्का सॉफ्टवेयर के 25 युवक युवतियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

65 वार्ड, 60+ प्राइवेट कॉलोनियां आएंगी दायरे में

नगर परिषद के परिसीमन के बाद शहर का दायरा काफी विस्तृत हो चुका है। इस सर्वे में नगर परिषद सीमा में शामिल ग्रामीण क्षेत्र के 9 वार्डों समेत कुल 65 वार्डों का सर्वे होगा। इन क्षेत्रों में 60 से अधिक प्राइवेट और पॉश कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं। इन कॉलोनियों और नए इलाकों में बड़े ब्रांडेड कंपनियों के शोरूम, आलीशान कोठियां, होटल, अस्पताल और मॉल जैसी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। पुराने सर्वे में ये क्षेत्र सही से दर्ज नहीं हो पाए थे। सूत्रों के अनुसार, पहले जहां कागजों में संपत्तियों की संख्या बेहद सीमित थी, वहीं वर्तमान में नए सीमा क्षेत्र को मिलाकर यह संख्या 80 हजार प्रॉपर्टी के करीब आंकी गई है। यह संख्या नगरपरिषद द्वारा आंकी गई संख्या से कितनी अधिक या कम है यह सर्वे के बाद स्पष्ट होगी।

धूमधाम से मनेगा बाबा श्याम का जन्मोत्सव, भजन संध्या 20 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुदामानगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर में बाबा श्याम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला के अनुसार रात्रि को आयोजित भजन संध्या में 'दिव्य श्याम जन्मोत्सव' बैनर का विमोचन हुआ। भजन संध्या में गायक दीपक कौशिक, संजय मित्तल व अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। शेरेवाला के अनुसार 20 नवम्बर को श्री श्याम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में मंदिर में रात्रि 7 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें सूरत (गुजरात) के अमित शेरेवाला भजन प्रस्तुत करेंगे और इस दौरान आतिशबाजी भी की जाएगी। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों व गुब्बारों से सजाया जाएगा। तीन दिवसीय मेले में बाबा को विभिन्न भोग लगाए जाएंगे और हजारों ध्वजाएं अर्पित होंगी। श्रद्धालु केक का भोग लगाकर वितरण करेंगे।

पंचायती राज चुनाव; 20 नवम्बर को डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं विधि राजकीय महाविद्यालय में प्रात: 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

पहली पारी में पंचायत समिति व दूसरी पारी में होगी जिला परिषद सदस्यों की मतगणना

सीम सन्देश# श्रीगंगानगर । पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय और राजकीय विधि महाविद्यालय श्रीगंगानगर में 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से आरम्भ होगी। दो पारियों में होने वाली मतगणना के तहत पहली पारी में पंचायत समिति सदस्य और दूसरी पारी में जिला परिषद सदस्य चुनाव की मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि पहली पारी में पंचायत समिति क्षेत्र के अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता और गणन अभिकर्ता को वार्ड वार मतगणना कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा जबकि दूसरी पारी में पंचायत समिति सदस्य की मतगणना के तुरन्त बाद जिला परिषद क्षेत्र के अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता और गणन अभिकर्ता को वार्ड वार प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना के लिये संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला परिषद सदस्यों की मतगणना हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी भी लगाये गये हैं। मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का उत्तरदायित्व जिला पुलिस अधीक्षक, फायर ब्रिगेड, अग्निशमन यंत्र, सफाई व्यवस्था के लिए नगरपरिषद आयुक्त को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा पेयजल, मेडिकल, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिये भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इन पंचायत समिति की गणना इन टेबल पर : सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, करणपुर, सूरतगढ़, राजियासर और पदमपुर पंचायत समिति की मतगणना डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर में होगी। सादुलशहर पंचायत समिति की मतगणना इस महाविद्यालय के जूलॉजी मेन हॉल में होगी। मतगणना हेतु 15 टेबल लगाई जायेगी। इसी तरह मेन हॉल में होने वाली श्रीगंगानगर उत्तर व श्रीगंगानगर दक्षिण पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10-10 टेबल, बॉटनी लैब साइंस ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर में होने वाली करणपुर पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10 टेबल, रूम नम्बर ए-9 में होने वाली सूरतगढ़ पंचायत समिति की मतगणना के लिये 15 टेबल, रूम नम्बर ए-11 में होने वाली राजियासर पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10 टेबल, जूलॉजी लैब द्वितीय साइंस ब्लॉक फर्स्ट फ्लोर में होने वाली पदमपुर पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10 टेबल लगाई जायेगी। इसी तरह मेन हॉल में होने वाली श्रीविजयनगर, रायसिंहनगर, अनूपगढ़ और घडसाना पंचायत समिति की मतगणना राजकीय विधि महाविद्यालय श्रीगंगानगर में होगी। इस महाविद्यालय के रूम नम्बर ए-6 में होने वाली श्रीविजयनगर पंचायत समिति की मतगणना के लिये 12 टेबल, आर-11 में होने वाली रायसिंहनगर पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10 टेबल, हॉल में होने वाली अनूपगढ़ पंचायत समिति की मतगणना के लिये 11 टेबल, आर-3 में होने वाली घडसाना पंचायत समिति की मतगणना के लिये 10 टेबल लगाई जायेगी।

S.N. SUPER SPECIALITY HOSPITAL

nephroplus agilus diagnostics AOI Vasundhara IVF

आपका विश्वास ही बनाता है हमें अपने क्षेत्र का

अग्रणी एवं विश्वसनीय हॉस्पिटल

संभाग का नवीनतम एवं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटल

25+ सुपर स्पेशियलिटी एवं स्पेशियलिटी सेवाएं

- कार्डियक साइंसेज विभाग
- न्यूरो सर्जरी विभाग
- न्यूरोलॉजी विभाग
- पेट, आंत एवं लिवर रोग विभाग
- नेफ्रोलॉजी (गुर्दा रोग) विभाग
- यूरोलॉजी (मूत्र रोग) विभाग
- मनोचिकित्सा विभाग
- जनरल मेडिसिन विभाग
- पल्मोनरी (श्वास रोग) विभाग
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- वसुन्धरा आई.वी.एफ.
- नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
- कान, नाक एवं गला रोग विभाग
- कैंसर मेडिकल विभाग
- कैंसर रेडिएशन विभाग
- क्रिटिकल केयर विभाग
- एनेस्थीसिया विभाग
- दंत रोग विभाग
- चर्म (स्किन) रोग विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग
- डायटेटिक्स विभाग
- फिजियोथैरेपी विभाग

Now Empanelled With CGHS Empanelment under CS (MA) Rules 1944

प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत PM-JAY) इसके तहत अन्य राज्यों के मरीजों का नि:शुल्क इलाज

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

RGHS ECHS Railway ESIC

एवं अन्य सभी प्रमुख हेल्थ इंश्योरेंस, TPA के अन्तर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा

नवीनत्तम अत्याधुनिक सुविधाएं

- 24x7 क्रिटिकल केयर एवं आपातकालीन सेवाएं
- कैथ लैब की सुविधा
- 24x7 एंडोस्कोपी की सुविधा
- 24x7 MRI, CT Scan एवं PET-CT की सुविधा
- 24x7 रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
- डायलिसिस की सुविधा
- 70 बेडेड अत्याधुनिक ICU एवं 200 बेडेड हॉस्पिटल
- मॉड्यूलर OT की सुविधा
- 24x7 एम्बुलेंस व फार्मेसी सेवाएं



एस.एन. सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

नाथांवाला, हनुमानगढ़- सूरतगढ़ बायपास, श्रीगंगानगर (राज.)

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

74130 34560, 74138 34560

info@snhospitals.com | www.snhospitals.com

24X7 EMERGENCY CARE

सबसे बुद्धिमान लोग समय के नुकसान से सबसे ज्यादा नाराज होते हैं। - दांते

संपादकीय

किताबों की खामोश चीख और विरासत की अनदेखी

कभी-कभी कुछ घटनाएं इतनी प्रतीकात्मक होती हैं कि वे अपने समय की सोच और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर देती हैं। दिल्ली के शास्त्री भवन स्थित 135 वर्ष पुरानी सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी की करीब 8.5 लाख पुस्तकों का भविष्य ऐसा ही एक सवाल बनकर सामने आया है। सेंट्रल विस्टा योजना के तहत शास्त्री भवन को हटाने की प्रक्रिया के बीच इन पुस्तकों के लिए उचित स्थान और संरक्षण की चिंता ने सुप्रीम कोर्ट को भी हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार को फटकार लगाई और कहा कि किताबों के प्रति सम्मान दिखाया जाना चाहिए। अदालत की चिंता केवल दो लाख खराब हालत में पहुंच चुकी पुस्तकों को लेकर नहीं थी, बल्कि उस सोच को लेकर थी जिसमें ज्ञान की विरासत को महज सामान की तरह देखा जा रहा है। न्यायालय की टिप्पणी कि यदि इन किताबों की जरूरत नहीं है तो इन्हें किसी ऐसे देश को दे दिया जाए जो इनके मूल्य को समझता हो, अपने आप में एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।

किताबें केवल कागज के पन्नों का संग्रह नहीं होतीं। वे किसी सभ्यता की स्मृति होती हैं। उनमें विचारों की यात्रा, समाज का विकास, संस्कृति की परंपरा और आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का आधार छिपा होता है। जिस देश ने वेदों, उपनिषदों और हजारों वर्षों की मौखिक परंपरा को संजोकर रखा, वहां पुस्तकालयों और पुस्तकों की उपेक्षा निश्चित रूप से चिंता का विषय है। इतिहास गवाह है कि ज्ञान के केंद्रों का विनाश केवल इमारतों का नुकसान नहीं होता, बल्कि वह पूरी सभ्यता की स्मृति पर प्रहार होता है। नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों का विनाश आज भी इतिहास के सबसे बड़े सांस्कृतिक नुकसान में गिना जाता है। वहां मौजूद ज्ञान भंडार के नष्ट होने का दर्द सदियों बाद भी महसूस किया जाता है।

आज जब भारत आधुनिकता, डिजिटल क्रांति और वैश्विक नेतृत्व की बात कर रहा है, तब यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या हम अपनी वास्तविक बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रख पा रहे हैं? केवल पुस्तकों को स्कैन कर ऑनलाइन उपलब्ध करा देना संरक्षण का विकल्प नहीं हो सकता। पुस्तक का स्पर्श, उसकी मूल प्रति, उसके पन्नों की उम्र और उस पर दर्ज इतिहास का अपना महत्व होता है। दुर्भाग्य यह है कि डिजिटलीकरण के नाम पर कई स्थानों पर पुस्तकों को जिस तरह संभाला जा रहा है, वह भी चिंता का विषय है। कई बार तकनीकी प्रक्रियाओं में पुस्तकों की जिल्द खराब हो जाती है, पन्ने क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और संरक्षण के बजाय नुकसान हो जाता है। पुस्तकें बचाने का काम उन लोगों के हाथों में होना चाहिए जो किताबों का मूल्य समझते हों, न कि केवल उन्हें एक वस्तु मानकर प्रक्रिया पूरी करने वाले लोगों के हाथों में।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश में पुस्तकों के लिए जगह क्यों नहीं बच रही? यदि शास्त्री भवन को हटाया जा रहा है तो क्या किसी अन्य सुरक्षित सरकारी भवन में इस धरोहर को स्थान नहीं दिया जा सकता? राष्ट्रपति भवन जैसे विशाल भवन में ऐसे स्थान तलाशे जा सकते हैं जहां ये पुस्तकें सुरक्षित रह सकें और शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहें। भारत में पुस्तकालयों की परंपरा हमेशा ज्ञान और विचारों की स्वतंत्रता से जुड़ी रही है। राहुल सांकृत्यायन जैसे विद्वानों ने दुर्लभ ग्रंथों को बचाने के लिए कठिन यात्राएं कीं। उन्होंने पुस्तकों को केवल संग्रह नहीं माना, बल्कि उन्हें मानव सभ्यता की अमूल्य पूंजी समझा। आज जरूरत इस बात की है कि हम पुस्तकालयों को पुराने जमाने की चीज मानने की भूल न करें। जिस समाज में पुस्तकें सुरक्षित रहती हैं, वहां विचार जीवित रहते हैं। और जिस समाज में पुस्तकें उपेक्षित होने लगती हैं, वहां ज्ञान की परंपरा कमजोर पड़ने लगती है। इस घटनाक्रम के दौरान हमें राहुल सांकृत्यायन को याद कर लेना चाहिए जो अपनी कठिन विदेश यात्रा के दौरान भारतीय महाद्वीप की संस्कृति से जुड़ी पुस्तकों को कभी नाव तो कभी खच्चरों पर लेकर भारत आए थे।

किताबों की खामोशी को सुनना आसान नहीं होता। वे शोर नहीं करतीं, आंदोलन नहीं करतीं, अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकतीं। लेकिन जब एक पुस्तकालय उजड़ने की स्थिति में पहुंचता है तो वह केवल अलमारियों का खाली होना नहीं होता, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की स्मृतियों का मिटना होता है। सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी की किताबों को बचाना केवल एक पुस्तकालय को बचाना नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक विरासत को सम्मान देना है। सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया, वह सराहनीय है, लेकिन गेंडा खाल नेताओं पर कितना असर होगा कहना मुश्किल है!

बदलती जीवनशैली और शारीरिक निष्क्रियता के कारण रीढ़ व डिस्क से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही

रीढ़ की सेहत की अनदेखी पड़ सकती है भारी



स्वास्थ्य

डॉ. परमेश्वर वी जी
एमसीएच (न्यूरोसर्जरी), वरिष्ठ कंसलटेंट ब्रेन एंड स्पाइन सर्जन
एसएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर।

आज के समय में सेहत की चर्चा होते ही अक्सर सिरदर्द या माइग्रेन का जिक्र होता है, लेकिन हमारे शरीर का मुख्य आधार रीढ़ की हड्डी और उससे जुड़ा तंत्रिका तंत्र भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बदलती जीवनशैली, लंबे समय तक बैठकर काम करने की आदत और शारीरिक निष्क्रियता के कारण रीढ़ व डिस्क से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय रहते इनके कारणों और लक्षणों को समझ लिया जाए तो गंभीर परेशानियों से बचा जा सकता है।

क्यों होती हैं रीढ़ और डिस्क की समस्याएं?

रीढ़ कई छोटी-छोटी हड्डियों से मिलकर बनी होती है, जिनके बीच स्थित डिस्क झटकों को सहने का काम करती हैं। लगातार गलत दबाव, उम्र बढ़ने और गलत आदतों के कारण ये डिस्क कमजोर होने लगती हैं।



मुख्य कारण हैं

- लंबे समय तक झुककर लैपटॉप या मोबाइल का उपयोग करना।
- गलत पोश्चर में लगातार बैठना।
- बिना सही प्रशिक्षण के भारी वजन उठाना।
- भारी सामान उठाते समय गलत तकनीक अपनाना।
- शारीरिक गतिविधियों की कमी और पीठ व पेट की कमजोर मांसपेशियां।
- बढ़ती उम्र के साथ डिस्क का लचीलापन-नमी कम होना।

लक्षणों को नजरअंदाज न करें

रीढ़ की समस्या अचानक नहीं होती, बल्कि शरीर पहले ही संकेत देने लगता है। यदि ये लक्षण दिखाई दें तो सतर्क हो जाएं :

- पीठ या गर्दन में लगातार दर्द।
- कमर से दर्द का पैरों या गर्दन से हाथों तक फैलना।
- हाथ-पैरों में सुन्नपन या कमजोरी।
- चलने, उठने-बैठने या संतुलन बनाने में कठिनाई।
- लंबे समय तक दर्द का बने रहना।

बचाव के आसान उपाय

रीढ़ की देखभाल के लिए कुछ साधारण आदतें अपनाना ही काफी है।

- बैठते समय पीठ सीधी रखें और सही पोश्चर बनाए रखें।
- लंबे समय तक लगातार न बैठें। हर 40-50 मिनट में उठकर कुछ देर टहलें और स्ट्रेचिंग करें।
- भारी सामान उठाते समय कमर के बजाय घुटनों को मोड़ें और रीढ़ सीधी रखें।
- नियमित योग, प्राणायाम तथा भुजंगासन, मकरासन जैसी कसरतें करें।
- रोजाना पैदल चलें और कैल्शियम व विटामिन-डी से भरपूर भोजन लें, ताकि हड्डियां मजबूत रहें।

उपचार से डरने की जरूरत नहीं

शुरूआती अवस्था में अधिकांश मरीजों को दवाओं, फिजियोथेरेपी और जीवनशैली में बदलाव से ही आराम मिल जाता है। यदि डिस्क खिसककर नस पर दबाव डाल रही हो या दर्द लगातार बना रहे, तो न्यूरोसर्जन की सलाह लेनी चाहिए। आज मिनिमली इनवेसिव (कम चीरे वाली) और माइक्रोस्कोपिक स्पाइनल सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों से छोटे चीरे के जरिए ऑपरेशन संभव है। इनमें खून कम बहता है, अस्पताल में कम समय रुकना पड़ता है और मरीज सामान्य जीवन में जल्दी लौट आता है।

सावधानी ही सबसे बड़ा उपचार

रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर का मुख्य स्तंभ है। माइग्रेन भले ही कष्टदायक हो, लेकिन रीढ़ और डिस्क की समस्याओं की अनदेखी व्यक्ति की दैनिक गतिविधियों और चलने-फिरने की क्षमता तक को प्रभावित कर सकती है। सही पोश्चर, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय पर चिकित्सकीय सलाह अपनाकर रीढ़ को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। जागरूकता और समय पर उपचार ही दर्द-मुक्त, सक्रिय और स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी कुंजी है।

नियमित व्यायाम, गर्माहट और समय पर इलाज से जोखिम कम किया जा सकता है

सर्दियों में जोड़ों का दर्द-अस्थमा क्यों बढ़ जाता है? जानिए बचाव के उपाय

सर्दियों की शुरूआत के साथ ही ठंडी हवा, तापमान में गिरावट और बढ़ते वायु प्रदूषण का असर स्वास्थ्य पर दिखने लगता है। यह मौसम भले ही अधिकांश लोगों को पसंद हो, लेकिन आर्थराइटिस, अस्थमा और अन्य श्वसन रोगों से पीड़ित लोगों के लिए कई चुनौतियां लेकर आता है। ठंड के कारण जहां जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ सकती है, वहीं ठंडी हवा और प्रदूषण अस्थमा के मरीजों की सांस संबंधी परेशानियों को भी बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार सर्दियों में शारीरिक गतिविधियां कम होने और मांसपेशियों के सख्त होने से घुटनों, कमर, हाथों और उंगलियों के जोड़ों में दर्द अधिक महसूस होता है। विशेष रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस और रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित लोगों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

क्यों बढ़ती हैं समस्याएं?

- ठंड के कारण मांसपेशियां और आसपास के ऊतक सख्त हो जाते हैं।
- जोड़ों की लचक कम होने से दर्द और अकड़न बढ़ जाती है।
- कम शारीरिक गतिविधि के कारण मांसपेशियां कमजोर पड़ने लगती हैं।



- तापमान में बदलाव संवेदनशील लोगों में दर्द को बढ़ा सकता है।

क्यों रहना चाहिए सतर्क?

सर्दियों की ठंडी और शुष्क हवा सीधे श्वसन नलियों को प्रभावित करती है। जिन लोगों को पहले से अस्थमा है, उनमें सांस फूलना, सीने में जकड़न, खांसी और घरघराहट जैसी समस्याएं अधिक हो सकती हैं। अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारण–

- ठंडी हवा से श्वसन नलियां सिकुड़ जाती हैं।
- सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसे वायरल संक्रमण।
- धूल, धुआं और बढ़ता वायु प्रदूषण।
- धुएं और तेज गंध के संपर्क में आना।

बचाव के लिए ये उपाय

- प्रतिदिन हल्का व्यायाम और स्ट्रेचिंग करें।
- लंबे समय तक एक ही स्थान पर बैठे न रहें।
- जोड़ों को गर्म रखने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दर्द और अकड़न होने पर हल्की गर्म सिकाई करें।
- ठंडी हवा में बाहर निकलते समय नाक और मुंह को स्कार्फ से ढकें।
- धूल, धुएं और प्रदूषित वातावरण से बचें।
- पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें।
- फ्लू सहित आवश्यक टीकाकरण के बारे में चिकित्सक से सलाह लें।
- नियमित दवाएं समय पर लें और बिना सलाह दवा बंद न करें।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जोड़ों का दर्द, सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी या सीने में जकड़न जैसी समस्याएं लंबे समय तक बनी रहें या बढ़ती जाएं, तो नजरअंदाज न करें। समय पर चिकित्सकीय परामर्श और उचित उपचार से इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है और सर्दियों का मौसम स्वस्थ एवं सुरक्षित तरीके से बिताया जा सकता है।

बार-बार मीठा खाने की इच्छा को न करें अनदेखा



स्वस्थ रहने के लिए संतुलित खानपान बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ हमेशा चीनी और नमक का सीमित मात्रा में सेवन करने की सलाह देते हैं, क्योंकि अधिक चीनी का सेवन मोटापा, मधुमेह, फैटी लिवर और हृदय रोग जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ा सकता है। इसके बावजूद कई लोगों को खाना खाने के कुछ समय बाद ही मीठा खाने की तीव्र इच्छा होने लगती है। इसे सामान्य आदत मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसके पीछे शरीर और मस्तिष्क से जुड़े कई कारण हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मीठा खाने से मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम सक्रिय होता है और डोपामाइन जैसे रसायनों का स्राव बढ़ता है, जिससे खुशी और संतुष्टि का अनुभव होता है। यही कारण है कि कई लोगों को बार-बार चॉकलेट, मिठाई, केक, बिस्किट या मीठे पेय पदार्थ खाने की इच्छा होती है। यदि यह आदत लगातार बनी रहे तो शरीर में अतिरिक्त कैलोरी जमा होने लगती है, जिससे मोटापा, मधुमेह और अन्य मेटाबॉलिक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। कुछ मामलों में अत्यधिक शुगर क्रेविंग प्री-डायबिटीज जैसी स्थितियों का संकेत भी हो सकती है।

शुगर क्रेविंग बढ़ने के प्रमुख कारण : कम नींद लेने से भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन प्रभावित होते हैं, जिससे मीठा खाने की इच्छा बढ़ सकती है।

लंबे समय तक तनाव रहने पर कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है, जो अधिक कैलोरी और मीठे खाद्य पदार्थों की चाह बढ़ा सकता है।

लंबे समय तक भूखे रहने से रक्त शर्करा का स्तर गिरता है, जिससे शरीर तुरंत ऊर्जा के लिए मीठा मांगने लगता है।

भोजन में प्रोटीन और फाइबर की कमी होने पर पेट देर तक भरा नहीं रहता और बार-बार भूख महसूस होती है।

कई महिलाओं में मासिक धर्म से पहले हार्मोनल परिवर्तन के कारण मीठा और काबोर्हाइड्रेट युक्त भोजन खाने की इच्छा बढ़ सकती है।

शुगर क्रेविंग को कैसे करें नियंत्रित : सुबह का नाश्ता कभी न छोड़ें और समय पर भोजन करें।

भोजन में दाल, पनीर, अंडे, दही और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज का सेवन बढ़ाएं, ताकि पर्याप्त फाइबर मिले। मीठा खाने की इच्छा होने पर मौसमी फल, बिना चीनी वाले विकल्प या सीमित मात्रा में मेवे खाएं। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं। रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। नियमित व्यायाम, योग और ध्यान से तनाव कम करें।

सर्दियों में विटामिन-डी की कमी : कारण और बचाव

सर्दियों में ठंड, प्रदूषण और घरों में अधिक समय बिताने के कारण धूप कम मिलती है, जिससे विटामिन-डी की कमी का खतरा बढ़ जाता है। इसे 'सनशाइन विटामिन' भी कहते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत रखने में मदद करता है।

मुख्य कारण और संकेत : त्वचा का सूर्य की किरणों से कम संपर्क होना इसका मुख्य कारण है। लंबे समय तक कमी रहने पर हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक थकान, ऊर्जा की कमी और सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। बुजुर्गों और इनडोर रहने वाले लोगों को इसका अधिक खतरा होता है।



बचाव के उपाय

- रोजाना सुबह कुछ देर धूप में बैठें।
- आहार में अंडे की जर्दी, वसायुक्त मछली और विटामिन-डी युक्त दूध को शामिल करें।
- आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टर की सलाह से सप्लीमेंट्स लें।
- स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार से इस कमी से बचा जा सकता है।

एक्सपोजोम : गर्भ से शुरू होता सेहत का सफर



एक्सपोजोम यानी सभी पर्यावरणीय प्रभाव और परिस्थितियाँ जिनका सामना कोई व्यक्ति गर्भावस्था से लेकर जीवन भर करता है और जो उसके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसमें माँ का पोषण, वायु प्रदूषण, रसायनों का संपर्क, तनाव, जीवनशैली और सामाजिक परिस्थितियाँ भी शामिल हैं। गर्भ में विकसित हो रहे बच्चे पर माँ के पोषण, आस-पास के वातावरण और कुछ अन्य संपर्कों का प्रभाव पड़ सकता है।

एक्सपोजोम का मतलब केवल गर्भावस्था के प्रभाव नहीं हैं। यह गभार्धान से लेकर जीवन भर के विभिन्न संपर्कों और उनके संभावित स्वास्थ्य प्रभावों की व्यापक अवधारणा है। बच्चे के शरीर का निर्माण गर्भावस्था में तेजी से होता है। इस समय माँ को मिलने वाला पोषण, हवा की गुणवत्ता, तनाव, संक्रमण और कुछ रसायनों के संपर्क का असर बच्चे के विकास पर पड़ता है।

हम अपने सभी पर्यावरणीय संपर्कों को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन कुछ असरदार कदम उठाए जा सकते हैं-

- स्वच्छ हवा और सुरक्षित पानी
- संतुलित भोजन; रंगीन थालीः प्रॉसेस्ड खाना कम
- 30 मिनट दैनिक व्यायाम
- पर्याप्त नींद
- तनाव की देखभाल
- तंबाकू को ना
- सुबह शाम जब पराली जलती है,घर के अंदर रहने की कोशिश करें
- घर तथा कार्यस्थल पर हानिकारक रसायनों से बचाव

हमारा एक्सपोजिंग बहुत जटिल है। वायु प्रदूषण, खेतों के केमिकल, मसालेदार खाना, अत्यंत गर्मी, शोर और तेजी से बदलती जीवन शैली। मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, किडनी स्टोन-इन सबमें एक्सपोजिंग का रोल 60-70%तक हो सकता है। जीन्स आपकी तकदीर लिखती हैं, एक्सपोजोम आपकी कलम है। हर साँस, हर निवाला, हर फैसला-आप अपनी सेहत की कहानी खुद लिख रहे हैं। शुरू आज से करें। स्वास्थ्य सबसे खूबसूरत गहना है, इसे रोज पहनिये।



डॉ. दीपिका मोंगा
वरिष्ठ चिकित्सक,
श्रीगंगानगर

गोपाष्टमी और भारतीय संस्कृति में गो-सेवा का आध्यात्मिक मर्म

आज गोपाष्टमी पर विशेष

भारतीय संस्कृति प्रकृति और जीव-मात्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन की एक जीवंत और उदात्त परंपरा है। यहाँ प्रत्येक पर्व किसी न किसी मानवीय मूल्य, पारिस्थितिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना से गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला गोपाष्टमी का पर्व इसी परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुआयामी प्रतीक है। यह दिन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि मनुष्य, गोवंश और प्रकृति के बीच के उस अटूट और करुणामय संबंध का उत्सव है, जिसने भारतीय सभ्यता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सदियों से पोषित किया है।

आध्यात्मिक मर्म

पौराणिक आख्यानों के अनुसार, गोपाष्टमी वही पुण्य तिथि है जब भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था की सीमा पार कर पहली बार विधिवत रूप से गौचारण लीला प्रारंभ की थी। इससे पूर्व वे केवल बछड़ों को चराया करते थे। इस घटना में एक गहरा दार्शनिक संदेश निहित है। स्वयं सृष्टि के नियंता श्रीकृष्ण का नंगे पांव ब्रज के वनों में गायों के पीछे चलना इस बात का प्रमाण है कि भारतीय दर्शन में सेवा को ही सर्वोच्च साधना माना गया है। जब माता यशोदा ने श्रीकृष्ण को चरण पादुकाएं पहनना चाहीं, तब उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि 'जब मेरी गैया नंगे पांव चलती हैं, तो मैं जूते कैसे पहनूं।' यह प्रसंग प्राणी मात्र के प्रति समानुभूति, विनम्रता और संवेदनशीलता का सर्वोच्च आदर्श प्रस्तुत करता है। गोपाष्टमी हमें इसी कृष्ण-चेतना को अपने भीतर जाग्रत करने का अवसर प्रदान करती है।



गोपूजन-पंचगव्य का महत्व

शास्त्रों में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और उसमें समस्त देवी-देवताओं का वास माना गया है। जिस प्रकार एक माँ बिना किसी स्वार्थ के अपनी संतान का पोषण करती है, उसी प्रकार गाय अपने दूध, दही, घी और कृषि-उपयोगी पंचगव्य से मानव समाज का भरण-पोषण करती है। गोपाष्टमी के दिन प्रातःकाल गायों और बछड़ों को स्नान कराकर, उन्हें हल्दी, चंदन और पुष्पों से अलंकृत किया जाता है तथा हरा चारा, गुड़ एवं अन्य खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं। यह परंपरा वास्तव में 'कृतज्ञता' का व्यावहारिक रूप है। जब हम किसी मूक प्राणी को आदर देते हैं, तो हम अपने भीतर के अहंकार का विसर्जन करते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि पशु-पक्षी हमारे उपभोग की वस्तुएं नहीं, बल्कि हमारे सह-अस्तित्व के सहयात्री हैं। गोपाष्टमी का पर्व ठीक उस समय आता है जब शरद ऋतु का आगमन हो चुका होता है और खरीफ की फसलों की कटने के बाद नई कृषि तैयारियों का दौर शुरू होता है। इस समय गोवंश का पूजन करना हमारी कृषि-संपदा और ग्रामीण अर्थतंत्र के प्रति सम्मान प्रकट करने का सर्वोत्तम माध्यम है।

गोपूजन को बनाएं सार्थक

आधुनिक समाज में गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना, गोबर और गोमूत्र से बनने वाले पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना तथा बेसहारा पशुओं के आश्रय और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना ही इस पर्व को मनाने की सार्थक विधि है। सच्ची गोपाष्टमी तभी सार्थक होगी जब हमारी करुणा केवल प्रतीकात्मक पूजा तक सीमित न रहकर कर्म में रूपांतरित हो। यह पर्व हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है कि हम वर्ष भर गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के प्रति सजग रहें। सभ्यता की असली पहचान इसी बात से होती है कि वह अपने सबसे निरीह और मूक प्राणियों के साथ कैसा व्यवहार करती है।

हमारा कर्तव्य

आज के भौतिकवादी युग में जब हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं और उपयोगितावाद की दौड़ में संवेदनाओं को खोते जा रहे हैं, गोपाष्टमी की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। वर्तमान समय में एक बड़ा विरोधाभास भी दिखाई देता है -एक ओर हम गोपाष्टमी पर गायों की आरती उतारते हैं, वहीं दूसरी ओर बेसहारा भटकते और प्लास्टिक खाते गोवंश की दुर्दशा भी किसी से छिपी नहीं है। जब तक गाय दुधारू होती है, तब तक उसकी सेवा होती है, लेकिन अनुपयोगी होते ही उसे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। इस विरोधाभास को समाप्त करना ही गोपाष्टमी का वास्तविक संदेश होना चाहिए।

अर्थव्यवस्था का संगम

यदि हम गोपाष्टमी को केवल पौराणिक कथाओं के चश्मे से न देखकर आधुनिक और वैज्ञानिक संदर्भों में परखें, तो यह एक अत्यंत व्यावहारिक सोच पर आधारित पर्व प्रतीत होता है। ऐतिहासिक रूप से भारतीय कृषि व्यवस्था और गोवंश एक ही सिक्के के दो पहलू रहे हैं। खेतों की जुताई से लेकर जैविक खाद की उपलब्धता तक, संपूर्ण ग्रामीण जीवन-शैली गोवंश पर आधारित थी। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा और उसके तुरंत बाद गोपाष्टमी का उत्सव इस बात का द्योतक है कि पर्वत, वन, नदियां और पशु—ये सभी मिलकर एक संपूर्ण पारिस्थितिक चक्र का निर्माण करते हैं। आज जब पूरी दुनिया ह्यजैविक खेतीह्न और प्राकृतिक खेती की ओर लौट रही है, तब गोवंश आधारित कृषि का महत्व और अधिक प्रासंगिक हो गया है। चारागाहों का संरक्षण और मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा सीधे तौर पर गोपालन से जुड़ी हुई है।

कंप्यूटर और अन्य गतिविधियों के नाम पर भी अतिरिक्त भार, सुविधाओं की जांच भी जरूरी

बीएड की पढ़ाई महंगी; नई अंतरिम फीस लागू, पिछले शुल्क के मुकाबले 2,568 रु. की बढ़ोतरी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं को अब बीएड की पढ़ाई के लिए पहले से ज्यादा राशि खर्च करनी होगी। राज्य स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति ने बीएड समेत विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की नई अंतरिम फीस निर्धारित की है। नए निर्णय के अनुसार बीएड विद्यार्थियों को अब प्रतिवर्ष 29,568 रुपए फीस देनी होगी। इससे पहले यह राशि 27 हजार रुपए थी। यानी विद्यार्थियों पर सालाना 2,568 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। समिति की ओर से बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड और चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए शिक्षण शुल्क 19,668 रुपए तथा विविध शुल्क 4,884 रुपए तय किए गए हैं। हालांकि,



सभी पाठ्यक्रमों की कुल फीस एक समान नहीं रखी गई है। बीएड और एकीकृत पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को 29,568 रुपए चुकाने होंगे, जबकि एमएड और शारीरिक शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों की फीस 24,552 रुपए निर्धारित की गई है। दोनों श्रेणियों के बीच 5,016 रुपए का अंतर है।

कंप्यूटर व गतिविधियों के नाम पर अतिरिक्त वसूली

नई फीस व्यवस्था में बीएड विद्यार्थियों पर कंप्यूटर और अन्य गतिविधियों का अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी से कंप्यूटर शुल्क के रूप में 1,056 रुपए लिए जाएंगे। ऐसे में फीस का बड़ा हिस्सा शिक्षण के अलावा दूसरे मदों में खर्च होगा। निर्धारित कुल राशि में से 19,668 रुपए ही सीधे शिक्षण शुल्क के रूप में तय किए गए हैं, जबकि बाकी रकम विविध शुल्क, कंप्यूटर और अन्य गतिविधियों के मद में शामिल है।

सुविधाओं की उपलब्धता पर उठे सवाल

कंप्यूटर शुल्क निर्धारित किए जाने के बाद कॉलेजों में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि जब कंप्यूटर के नाम पर अलग से शुल्क लिया जा रहा है, तो यह सुनिश्चित होना चाहिए कि संस्थानों में पर्याप्त कंप्यूटर, आधुनिक उपकरण और जरूरी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हों। इन सुविधाओं की नियमित जांच और शुल्क के उचित उपयोग की व्यवस्था भी जरूरी है। इसके अलावा कॉलेज फीस के साथ विद्यार्थियों को किताबों, परिवहन और दूसरे शैक्षणिक खर्चों का भी इंतजाम करना होगा। दूसरे शहरों में रहकर पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए किराया और भोजन का खर्च भी आर्थिक चुनौती बढ़ाएगा। फिलहाल समिति ने यह फीस अंतरिम रूप से तय की है। ऐसे में अंतिम शुल्क निर्धारण को लेकर आगे बदलाव की संभावना बनी हुई है।

युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में दिखा जोरदार उत्साह

चूरू जिले की 231 पंचायतों में मतदान हेतु बूथों पर लगी कतारें

सीमा सन्देश # चूरू





पंचायती राज आम चुनाव-2026 के चौथे चरण के तहत सोमवार को जिले की छह पंचायत समितियों की 231 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी रहा। सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गये। रामसरा, खासोली, ऊंटवालिया, सेहला, बूंटिया और ढाढर सहित विभिन्न गांवों में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई महिलाएं छोटे बच्चों को साथ लेकर मतदान करने पहुंचीं। खासोली में पहली बार मतदान करने वाली युवा मतदाता दिव्या चौधरी ने भी उत्साह के साथ मतदान किया। सेहला के सेठ प्रेमसुखदास राउमावि स्थित मतदान केंद्र पर भी मतदाताओं की अच्छी भागीदारी रही। बूंटिया में दिव्यांग मतदाता नंदलाल ने स्वयंसेवकों की मदद से व्हीलचेयर से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। ढाढर में स्काउट्स ने एक बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाया। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

रत्तेवाला में 85.27, पांच केके में 84.78 प्रतिशत मतदान

सीमा सन्देश # रत्तेवाला





ग्राम पंचायत रत्तेवाला में पंच-सरपंच के चुनाव में सोमवार को मतदान हुआ। कुल 3809 में से 3248 वोट पोल हुए। मतदान का प्रतिशत 85.27 रहा। गांव में 11 वार्डों में से सात मेंबर निर्विरोध चुने गए। निर्विरोध वार्ड 4 सुनीता, वार्ड 5 मुस्कान, वार्ड 7 सुरेंद्र जैन, वार्ड 8 लखविंदर, 11 में संदीप व दो अन्य निर्विरोध होने पर चुनाव अधिकारी ने सातों वार्डों में चुने जाने पर शपथ दिलाई। डॉ श्यामसुंदर खींची जोनल मजिस्ट्रेट ने बताया कि रत्तेवाला में शांतिपूर्वक मतदान हुआ। सरपंची के चुनाव में आधा दर्जन सरपंच उम्मीदवार खड़े हुए। ग्राम पंचायत 5 केके बुटरां मे 3004 में से 2547 वोट पोल हुए और यहां 84.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ग्राम पंचायत 4 बीबी में 2079 में से 1769 वोट पोल होने के साथ मतदान प्रतिशत 85.08 रहा। ग्राम पंचायत सांवतसर में कुल 3170 में से 2961 वोट पोल हुए और यहां 93.40 प्रतिशत मतदान रहा।

वोट डालने पहुंचे दिव्यांग, परेशानी भी बयां हुई: मतदान के दौरान एक लड़की को दिव्यांग होने के चलते चारपाई पर मतदान के लिए लाया गया। वह कई सालों से चलने फिरने में असमर्थ है। इनके पिता लखविंदर सिंह ने बताया कि करीब 37 वर्षीय इस युवती को पेंशन के अलावा कोई अन्य सरकार सहयोग नहीं है। वहीं, रत्तेवाला की 90 वर्ष आयु की माता व चलने में असमर्थ एक युवक को बूथ सेंटर तक मतदान के लिए लाया गया।

105 वर्षीय महिला और नई दुलहन ने भी निभाया लोकतंत्र का फर्ज

बींझबायला। क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। यहां 85 से 92 प्रतिशत तक मतदान दर्ज किया गया। घमुड़वाली थाना प्रभारी सतवीर सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे क्षेत्र में गश्त कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने में 11 ईईए के सरपंच बृजमोहन तरड़, माझुवास के राकेश गोरा, 69 एलएनपी के ओम तरड़ सहित



रिड़मलसर के इंद्राज पूनिया और रामकुमार माझू ने भी सहयोग किया। 11 ईईए और फरसेवाला ग्राम पंचायत के बूथों पर नायब तहसीलदार बृजमोहन तरड़ व स्टाफ की मौजूदगी में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इस दौरान फरसेवाला में 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई। वहीं रिड़मलसर में एक नई दुल्हन ने शादी के बाद ससुराल रवाना होने से पहले मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। दोनों घटनाएं क्षेत्र में चर्चा का विषय रहीं।

गोशाला में गोवंश और पक्षियों की सेवा

गोपाष्टमी उपलक्ष्य में कामधेनु वंदन सेवा प्रकल्प आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति व महिला अग्र सेवा समिति द्वारा गोपाष्टमी पर सुखाड़िया सर्किल स्थित श्रीगौशाला में ह्यकामधेनु वंदन सेवा प्रकल्पह्न का आयोजन किया गया। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि इस दौरान गोवंश को 24 क्विंटल हरा चारा, 50 किलो केले व 54 किलो गुड़ खिलाया गया। साथ ही परिंदा विहार में पक्षियों को दाना-चुग्गा की सवामणी और बाबा रामदेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए 6 गुणा 90 फुट का मेट भेंट किया गया। इस सेवा कार्य में पूर्व सभापति करुणा चांडक व अशोक चांडक ने 18 क्विंटल हरा चारा, 54 किलो गुड़ व 50 किलो दाना-चुग्गा, धमीजा साउंड परिवार ने 6 क्विंटल हरा चारा तथा मा. अन्वय खारीवाल ने 50 किलो केले का सहयोग दिया। यह प्रकल्प आगामी सप्ताह भी जारी रहेगा। इस मौके पर राकेश सिंघल, नितिन खारीवाल, विक्की मित्तल, संदीप चाण्डक, जगत गोयल, योगेश मंगल, सुरेन्द्र सिंघल, रोहित अग्रवाल, साहिल जिन्दल, जयकिशन वर्मा, दिनेश धमीजा, सत्या बंसल, विद्या गोयल, अंजू अग्रवाल, अनु बिश्नोई, लक्षिता बिश्नोई व शिल्पा धमीजा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिवपुर हेड-हिंदुमलकोट भ्रमण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

दीपावली स्नेह मिलन में वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर की ओर से दीपावली स्नेह मिलन एवं नवंबर माह की मासिक बैठक सुखाड़िया पार्क स्थित समिति कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष हरपाल सिंह सिद्धू एवं सचिव डॉ. दौलत राम सैन ने सदस्यों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत करते हुए किया।

बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। नवंबर माह में जन्मदिन वाले सदस्यों इंजी. एच.सी. टाक, जे.पी. शर्मा, डॉ. राकेश जैन तथा जसराम वर्मा को उपहार भेंट कर दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। वहीं 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर डॉ. सतीश कुमार शर्मा तथा 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर महेश भारद्वाज का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

शिवपुर हेड व हिंदुमलकोट भ्रमण का निर्णय: डॉ. अशोक अरोड़ा ने सदस्यों के मनोरंजन और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भ्रमण से जुड़े दो प्रस्ताव रखे। विचार-विमर्श के बाद 20 नवंबर, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे सुखाड़िया पार्क से शिवपुर हेड एवं हिंदुमलकोट भ्रमण पर जाने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। सदस्यों ने विश्वास जताया कि यह यात्रा सभी के लिए सुखद और यादगार रहेगी।

गीत-संगीत और कविता ने बांधा समा: सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, सी.एम. छाबड़ा तथा अशोक दुआ ने सदाबहार गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मनीराम सेतिया ने अपनी कविता के माध्यम से दीपावली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे सदस्यों ने खूब सराहा। अध्यक्ष हरपाल सिंह सिद्धू ने सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

न्यूज इन ब्रीफ

सुजानगढ़ : मास्टर भंवरलाल मेघवाल की पुण्यतिथि मनाई

सुजानगढ़। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. मास्टर भंवरलाल मेघवाल की छठी पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके 44 वर्षों के राजनीतिक जीवन, जनसेवा और क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक मनोज मेघवाल, उनकी पत्नी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री गोपाल गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया व स्व. मास्टर भंवरलाल मेघवाल की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की।

शोक समाचार

खाजूवाला। स. मलकीत सिंह दंदीवाल का 9 नवम्बर को हो गया



था। उनकी आत्मिक शांति हेतु श्री सहज पाठ का भोग 17 नवम्बर को दोपहर 12.45 बजे श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा रावला तिराहा खाजूवाला में होगा। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करता है।

नेतेवाला। सरदार गुरमेल सिंह सोही निवासी 19 जीजी का 9 नवम्बर को निधन हो गया था।



उनकी उनकी आत्मिक शांति हेतु श्री सहज पाठ का भोग व अंतिम अरदास 18 नवम्बर को दोपहर 12:45 बजे पदमपुर रोड पर स्थित गुरुद्वारा साहिब (श्रीगंगानगर) में संपन्न होगी। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करता है।

नेतेवाला। सरदार जगरूप सिंह बराड का 08 नवम्बर को स्वर्गवास



हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गये पाठ का भोग व अंतिम अरदास 17 नवम्बर को निवास स्थान गांव शोभासिंह वाली ढाणी में गुरुद्वारा साहिब में दोपहर 12:45 बजे संपन्न होगी। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करता है।

डॉ. टैस्सीटोरी की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय 'ओळू समारोह' 22 नवम्बर से



बीकानेर। प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा गत साढे चार दशकों की सृजनात्मक एवं साहित्यिक आयोजन श्रृंखला के तहत राजस्थानी के पुरोधा महान इटालियन विद्वान लुईजि पिओ टैस्सीटोरी की 107वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय ओळू समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने बताया कि ओळू समारोह के प्रथम दिन 22 नवम्बर शनिवार को प्रातः 11 बजे डॉ. टैस्सीटोरी की समाधि-स्थल पर पुष्पांजलि एवं राजस्थानी मान्यता पर केन्द्रित विचारांजलि का आयोजन होगा। रंगा ने बताया कि 22 व 23 नवम्बर को होने वाले 2 दिवसीय समारोह के संयोजक वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी होगे एवं सहसंयोजक युवा कवि गिरिराज पारीक होंगे। संयोजक कासिम बीकानेरी एवं सहसयोजक गिरिराज पारीक ने आगे बताया कि समारोह के दूसरे दिन 23 नवम्बर, 2026 वार सोमवार को सांय 05:15 बजे 'काव्य रंगत-शब्द संगत' का आयोजन लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में किया जाएगा। जिसमें नगर के विशेष आमंत्रित राजस्थानी, हिन्दी एवं उर्दू के कवि शायर अपनी प्रतिनिधि रचना का वाचन करेंगे।

वॉलीबाल में बरजांगसर की श्रीगुरुदादा टीम जीती, 147 युवाओं ने लिया भाग



सीमा सन्देश # रतनगढ़। मेरा युवा भारत केंद्र चूरू की ओर से ह्यनशामुक्ति युवा फॉर विकसित भारतह्न अभियान के तहत दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बरजांगसर गांव की श्रीगुरुदादा टीम ने शानदार प्रदर्शन कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के 147 युवाओं ने भाग लिया। युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रखी प्रतियोगिता में वॉलीबॉल सहित कबड्डी एवं खो-खो के मुकाबले भी हुए। समापन समारोह में नंदलाल शर्मा ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। माय भारत स्वयंसेवक बलराम गौड़ ने भी विचार रखे। इस मौके पर मनोज शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, उत्तम, अंकित, घनश्याम, काजल, श्रवण ढाका, मुकेश एवं अजय सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अभाविप सादुलपुर नगर इकाई घोषित



सीमा सन्देश # सादुलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सादुलपुर नगर की नवीन इकाई की घोषणा की गई है, जिसमें डॉ. अरविंद गौड़ को नगर अध्यक्ष और हर्षिता को नगर मंत्री नियुक्त किया गया है। अमित और भुवनेश्वरी को नगर सह मंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री भवानी सिंह ने कहा कि अभाविप शिक्षा के साथ युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करती है। बैठक में छात्रहित के मुद्दों पर चर्चा कर समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। अन्य दायित्वों में आरकेएम संयोजक रिद्धि, सह संयोजक दीपक व स्नेहा; एसएफडी संयोजक दुष्यंत, सह संयोजक रवि; एसएफएस संयोजक योगिता, सह संयोजक लक्ष्मी; खेलो भारत संयोजक रजनीश, सह संयोजक सुमित; नगर छात्रावास संयोजक राहुल, सह संयोजक साहिल; कॉलेज संयोजक राकेश तथा स्कूल संयोजक अमित बनाए गए हैं। पदाधिकारियों ने निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

श्रीगंगानगर में प्रमुख-प्रधान चुनाव की घोषणा की मांग

सूरतगढ़। विधायक डूंगरराम गेदर ने श्रीगंगानगर जिले में जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधानों के चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अन्य जिलों के अनुरूप कार्यक्रम जारी करने का आग्रह किया है। विधायक गेदर ने बताया कि जिले में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव 14 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं और मतगणना 20 नवंबर को निर्धारित है। प्रदेश के अन्य कई जिलों में चुनाव कार्यक्रम घोषित हो चुके हैं, लेकिन श्रीगंगानगर के लिए अब तक कार्यक्रम जारी न होने से मतदाताओं और जनप्रतिनिधियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता व समयबद्धता के लिए सभी जिलों में चुनाव कार्यक्रम समान रूप से जारी होना चाहिए।

विजयदान देथा की लोककथा पर आधारित है गिरीश कर्नाड द्वारा रूपांतरित यह नाटक

राष्ट्रीय कला मंदिर में नाटक 'नाग मंडल' का मंचन 22 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



रंगमंच प्रेमियों के लिए राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा 22 नवंबर को शाम 6 बजे चौधरी रामजस कला सदन, बाबा रामदेव मंदिर के सामने स्थित परिसर में प्रसिद्ध नाटक 'नाग मंडल' का मंचन किया जाएगा। कला मंदिर अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि यह प्रस्तुति लोककला और समकालीन संवेदना का अनूठा मेल होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अविनाश चंद्र सेठी और मेहमान-ए-खास समाजसेवी ओम प्रकाश गर्ग होंगे। राजस्थान के प्रसिद्ध लोककथाकार विजयदान देथा की मूल कहानी पर आधारित इस नाटक का नाट्य रूपांतरण गिरीश कर्नाड ने किया है तथा निर्देशन विजय जोरा कर रहे हैं। निर्देशक विजय जोरा के अनुसार, नाटक में सुषमा गुप्ता (लेखिका), ममता पुरी (जयश्री), ममता आहूजा (अंधी मां), परमजीत सूफी (फकीर), गौरव बलाना (श्रीधर/नागेश), उमंग शर्मा (माधव), विक्रम मोंगा (नाग सांप), आशीष भारद्वाज (पंच प्रमुख), दीपक सारस्वत (पंच), भव्य गुप्ता (बाबू) और अंगद गिल (श्याम) की भूमिका निभा रहे हैं। कलाकार रिहर्सल में जुटे हैं। यह नाटक एक युवा स्त्री रानी की कहानी है, जिसका पति अप्पन्ना उसे नजरअंदाज कर दिन में ताला लगाकर बाहर रहता और रातें दूसरी स्त्री के पास बिताता है। अकेली रानी को अंधी महिला द्वारा दी गई प्रेम जड़ी को चींटी के टीले पर फेंकने पर कोबरा उसे खा लेता है और रानी से प्रेम कर रात में अप्पन्ना का रूप धरकर आने लगता है। रानी के गर्भवती होने पर समाज में उसकी परीक्षा होती है। नाटक स्त्री की इच्छाओं, समाज के पाखंड और लोकविश्वासों पर गहरा सवाल उठाता है।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas — SAPNE AAPKE, SAATH HAMARA


सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 '' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था (नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छपाप्ति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार सांकेतिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	मांग सूचना की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
चन्दकान्ता, मुकेश कुमार खाता सं. 191200401400845	5 नवम्बर 2026 ₹ 448008/- 5 नवम्बर 2026	अहाता नं. के-146/18-19 का उत्तर भाग, पट्टा नं. 21, गांव-मंजुवास, तहसील-पदमपुर, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान 335025 क्षेत्रफल 1860 वर्ग फीट
चरणजीत कौर, गुरजन्त सिंह, मंजिन्दर सिंह जमानतदार : हरजीत सिंह खाता सं. 191200401119443 व 221200402615284 व 241200403485584	5 नवम्बर 2026 ₹ 402686/- व ₹ 211960/- व ₹ 528966/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 24, बुक नं. 268, गांव 46 एफ मोडा, तहसील श्री करणपुर, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान 335073 क्षेत्रफल 2233 वर्ग फीट
धर्मपाल धर्मपाल, बनारसी बनारसी, सतवीर सतवीर, विनोद कुमार जमानतदार : विवेक सिंह खाता सं. 171211200534195 व 191221801260105	5 नवम्बर 2026 ₹ 302134/- व ₹ 165103/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 34, बुक नं. 63, ग्राम पंचायत राजपुरा, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335501 क्षेत्रफल 2675 वर्ग फीट
धर्म पाल, राधा देवी खाता सं. 171200400558433	5 नवम्बर 2026 ₹ 380434/- 5 नवम्बर 2026	प्लॉट नं. 1, गांव-मानकसर, तहसील-सूरतगढ, जिला-श्री गंगानगर, राजस्थान 335804 क्षेत्रफल 3572.00 वर्ग फीट
सुखचैन सिंह, सुखविन्दर कौर जमानतदार : सतीश कुमार खाता सं. 181214700736773 व 191214701125665	5 नवम्बर 2026 ₹ 127245/- व ₹ 77885/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 10, चक हीरा सिंह वाला, तहसील-संगरिया, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335063 क्षेत्रफल 234.67 वर्ग गज
प्रकाश कौर, प्रेम चन्द, नरेश कुमार जमानतदार : रविन्द्र सिंह खाता सं. 201209501740838	5 नवम्बर 2026 ₹ 355041/- 5 नवम्बर 2026	अलॉटमेन्ट लेटर नं. 1345, वार्ड नं. 25, कच्ची बस्ती, पीलीबंगा, तहसील-पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335803 क्षेत्रफल 109.81 वर्ग गज
मनी राम, राम कुमार, गुड्डी, श्रवण जमानतदार : परवीर कुमार खाता सं. 181200400782503	5 नवम्बर 2026 ₹ 640708/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 51, बुक नं. 24, ग्राम पंचायत मन्नीवाली, तहसील सादुलशहर, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान 335062 क्षेत्रफल 2262 वर्ग फीट
रोहताश रोहताश, चन्दो चन्दो जमानतदार : विनोद कुमार खाता सं. 211221801920075	5 नवम्बर 2026 ₹ 329552/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 46, बुक नं. 73, ग्राम पंचायत मुन्सरी, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335504 क्षेत्रफल 2201 वर्ग फीट
भाग सिंह, सरोज सरोज जमानतदार : सुमेर सिंह, सत्यप्रकाश सत्यप्रकाश खाता सं. 211214402230743 व 231214403327567	5 नवम्बर 2026 ₹ 700304/- व ₹ 1493819/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 17, बुक नं. 01, ग्राम पंचायत टांग्रिया, तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ, राजस्थान, 335523 क्षेत्रफल 1250.66 वर्ग गज
प्रेम कुमार, सिलांचना देवी जमानतदार : डोलू राम खाता सं. 221221802374463	5 नवम्बर 2026 ₹ 863342/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 24, बुक नं. 47, ग्राम पंचायत अनूपशहर, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335501 क्षेत्रफल 1550 वर्ग फीट
अशोक कुमार, भावना भावना जमानतदार : राजेन्द्र कुमार खाता सं. 211210702007973	5 नवम्बर 2026 ₹ 1014479/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 61, बुक नं. 85, चक 12 एमएलडी-ए, तहसील घड़साना, गंगानगर, राजस्थान, 335707 क्षेत्रफल 300 वर्ग गज
भंवर लालभंवर, अरविन्द अरविन्द, कमला देवी खाता सं. 221214002769301 व 241214003443984	5 नवम्बर 2026 ₹ 509659/- व ₹ 260268/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 04, बुक नं. 339, ग्राम पंचायत 2 एसडी, तहसील सूरतगढ, जिला श्री गंगानगर, (राजस्थान) 335804 क्षेत्रफल 282.44 वर्ग गज
महेन्द्र सिंह, टीनू टीनू खाता सं. 231214403072341	5 नवम्बर 2026 ₹ 203862/- 5 नवम्बर 2026	पट्टा नं. 9, ग्राम पंचायत रामपुरा मटोरिया, पंचायत समिति रावतसर, जिला हनुमानगढ, राजस्थान 335524 क्षेत्रफल 416.67 वर्ग गज
पूनम पूनम, राजकुमार राजकुमार खाता सं. 251209504951034	5 नवम्बर 2026 ₹ 1624154/- 5 नवम्बर 2026	प्लॉट नं. 96-ए का भाग, चक 16 एचएमएच, क्र.सं. 136/277, किला नं. 02 दशमेश नगर-II, हनुमानगढ, राजस्थान 335513 क्षेत्रफल 675 वर्ग फीट (उत्तर दिशा)

स्थान : राजस्थान — दिनांक 17.11.2026 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

वर्ग पहली क्रमांक 7981



बायें से दायें:- 1) एक बिहारी शहर, 3) पानी की लहर, 6) दबोचना, 8) भाग्यवान, 10) नशे में धुत, 12) टालमटोल, 16) यतीमख़ाना, 18) जाँबाज़; वीर, 19) एक अन्न, 20) सीधा खाना, 21) कलश, 22) वक्ष; छाती, 23) पैदाईश, 24) साक्षी, 25) शिला. *ऊपर से नीचे:-* 1) नतीजा, 2) माप, 3) अंतःपुर, 4) इच्छा, 5) देशद्रोही, 7) घड़ा, 9) जंगली, 11) जमीन में गाड़ना, 12) आमदनी, 13) ख्वाहिश, 14) कमल, 15) निरावरण, 16) आश्चर्य, 17) अनुमानित, 20) ख़ुदा, 22) सूर्योदय.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	प	वा	द	■	उ	दा	सी	न	■
भि	■	द	ल	द	ल	■	■	दा	द
मा	या	■	बा	■	ट	मा	ट	र	■
न	या	■	द	शी	ना	■	प	द	क
■	व	की	ल	■	■	घा	रा	■	■
धा	र	■	■	प्र	त्ये	क	■	■	म
मिं	■	क	व	च	■	प	त	वा	र
क	म	र	■	ल	■	का	ल	■	म्म
ता	ज़ा	■	■	न	ट	ना	■	भू	त

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 17 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1999 - अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
2004- रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।
2005 - श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न।
2006 - अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।
2007 - जाफना प्रायःद्वीप में श्रीलंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये। आस्कर विजेता पीटर जीनर का निधन।
2008 - जे. एस. डब्ल्यू स्टील लिमिटेड ने बेल्कारी में 220 करोड़ की लागत से इस्पात संयंत्र स्थापित करने के ब्रिटेन की सीबरफील्ड रीवे स्ट्रेक्र के साथ में समझौता किया।
2009 - टी. एस. ठाकुर को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया।
2012 - भारतीय राजनेता और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का निधन।
2012 - मिस्र के मेनफॉल्ट क्षेत्र के समीप एक रेल दुर्घटना में कम से कम 50 स्कूली छात्र मारे गये।
2013 - रूस के कजान हवाई अड्डे पर तातरस्तान एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 50 लोगों की मौत।
2015 - 'विश्व हिन्दू परिषद' (विहिप) के अध्यक्ष अशोक सिंघल का निधन।
2018 - भारतीय सेना के वह वीर सैन्य अधिकारी कुलदीप सिंह चाँदपुरी का निधन। उन्हें लौंगावाला के प्रसिद्ध युद्ध के लिये जाना जाता है।
2020 - हिन्दी और भोजपुरी फिल्मों के निर्देशक मोहनजी प्रसाद का निधन। जांगिड़

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एनएनएस) बुधवार कार्तिक सुदी अक्षय नवमी को देशी घी, दूध, पाउडर, बारीक चावल, उड़द, मोठ, तुवर, मूंग, सरसों, राजमा चित्रा, काबुली चना, किशमिश, लौंग, बड़ी इलायची, जीरा, बादाम गिरी, मेथी, अजवायन, अरंडी, कॉपर, पीतल के भावों में लाभ तथा ज्वार, ढैंचा, ग्वार-ग्वार गम, मसूर, सोयाबीन, नीम तेल, आंवला, लालमिर्च, चिरौंजी, पिस्ता, गोला, कलौंजी, अमचूर, महुआ फूल, शक्कर, टिन, निकिल, सोना-चांदी में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-5-7-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 1.37 बजे अपराह्न के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

17 नवम्बर मंगलवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी, नक्षत्र - धनिष्ठा, योग - वृद्धि, करण - वृष्टि, दिशाशूल - उत्तर, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - कुम्भ, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज खुद पर भरोसा रखें, धन कमाने के नए मौके मिलेंगे और सेविंग्स से स्टेबिलिटी मजबूत होगी।

वृषभ : आज छोटे सरप्राइज खुशियां लाएंगे, बातचीत में सुधार होगा और आप इमोशनल रूप से हल्का महसूस करेंगे।

मिथुन : आज आपकी हाई एनर्जी और चंचल स्वभाव नए विचार लाएगा, जिससे काम की समस्याएं आसानी से सुलझेंगी।

कर्क : आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और प्यार, काम, सेहत व धन के मामले में बेहतरीन नतीजे मिलेंगे।

सिंह : आज किसी काम में जल्दबाजी न करें, जीवन के हर हिस्से में प्रगति होगी और मन को शांति मिलेगी।

कन्या : आज आपका शांत स्वभाव और सही फैसले प्यार, काम, स्वास्थ्य व पैसे के मामले में लगातार सफलता दिलाएंगे।

तुला : आज आत्मविश्वास बनाए रखें क्योंकि प्यार, काम, सेहत और धन के क्षेत्र में पॉजिटिव मौके आपका इंतजार कर रहे हैं।

वृश्चिक : आज बड़े कार्यों से पहले छोटे कदम उठाएं, धैर्य रखने से दोस्ती मजबूत होगी और आप एनर्जेटिक रहेंगे।

धनु : आज आप क्रिएटिव महसूस करेंगे और आपके दयालु शब्द आस-पास के लोगों का मूड बेहतर बनाएंगे।

मकर : आज अपने लक्ष्यों और लव लाइफ पर फोकस रखें तथा अशांत मन को शांत करने के लिए सकारात्मक विचार साझा करें।

कुंभ : आज दिन की शुरूआत उत्साह के साथ होगी और आपका शांत रवैया पूरे दिन तनाव को कम रखेगा।

मीन : आज काम पर फोकस और व्यवस्थित योजना बनाने से आप छोटी चुनौतियों को सुलझाकर अपने प्रोजेक्ट पूरे कर पाएंगे।

आयुष्मान योजना में निःशुल्क उपचार, चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

अनोखी सर्जरी : युवक के पेट में पहुंची चार फीट लम्बी शॉवर पाइप निकाली

जोधपुर। मथुरादास माथुर अस्पताल में एक बेहद असामान्य और चुनौतीपूर्ण सर्जरी का मामला सामने आया है। आपसी विवाद के दौरान एक युवक के शरीर में बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली करीब साढ़े तीन से चार फीट लंबी शॉवर पाइप डाल दी गई। यह पाइप मलद्वार के रास्ते शरीर में पहुंचकर बड़ी आंत को चीरते हुए पेट के भीतर तक चली गई और वहीं फंस गई। गंभीर चोट के कारण युवक की जान को खतरा पैदा हो गया था। मरीज को उपचार के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया, जहां जनरल सर्जरी विभाग के आचार्य एवं यूनिट प्रभारी डॉ. दिनेश दत्त शर्मा ने जांच के बाद तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान आंत में चीरा लगाकर लगभग चार फीट लंबी शॉवर पाइप को बेहद सावधानी से बाहर निकाला गया। यह सर्जरी



इसलिए चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि पाइप ने बड़ी आंत को क्षतिग्रस्त कर दिया था और पेट के अंदर आगे बढ़ते हुए मूत्रवाहिनी, महाधमनी, बड़ी रक्तवाहिनियों तथा छोटी आंत को नुकसान पहुंचने का खतरा था। ऐसी स्थिति में अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर संक्रमण की आशंका रहती है। चिकित्सकीय टीम ने महत्वपूर्ण अंगों और रक्तवाहिनियों को सुरक्षित रखते हुए आंत की चोट का सफलतापूर्वक उपचार किया।

विशेषज्ञ टीम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : सर्जिकल टीम में डॉ. पारंग आसेरी, डॉ. प्रगेश, डॉ. सुची तांबी और डॉ. उमेश कुमार शामिल रहे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. गीता सिंगारिया, डॉ. राजवीर फरौदा, डॉ. धीरज चांडक और डॉ. आभाष छाबड़ा ने जिम्मेदारी संभाली। नर्सिंग ऑफिसर रेखा पंवार, सुमेर सिंह राजपुरोहित, अब्दुल वाहिद और रेणुका जोशी ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

शरीर में फंसी वस्तु स्वयं निकालने का प्रयास न करें : डॉ. शर्मा ने लोगों से अपील की कि ऐसी घटनाओं में शर्म या डर के कारण इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए। शरीर के किसी भी प्राकृतिक मार्ग में बाहरी वस्तु फंसने पर उसे स्वयं निकालने का प्रयास खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से उपचार लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और वर्तमान में उसकी हालत बेहतर है।

आयुष्मान योजना के तहत हुआ निःशुल्क उपचार : अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि यह चिकित्सकीय दृष्टि से बेहद जटिल मामला था। विशेषज्ञ चिकित्सकों और पूरी टीम के प्रयासों से मरीज को सफल उपचार मिल सका। यह सर्जरी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क की गई। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने सफल ऑपरेशन के लिए चिकित्सकीय टीम को बधाई दी।

होंडा सबसे आगे तो टीवीएस ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी बिक्री

स्कूटर बिक्री ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड, अक्टूबर माह में 10.96 लाख यूनिट बिकीं

नई दिल्ली।

देश में स्कूटर बाजार ने अक्टूबर 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, 10 प्रमुख दोपहिया वाहन कंपनियों ने अक्टूबर में कुल 10.96 लाख स्कूटर बेचे। यह अक्टूबर 2025 की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। त्योहारी सीजन में बढ़ी मांग, नए मॉडल की लॉन्चिंग और ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों से मजबूत बिक्री के चलते स्कूटर बाजार ने पहली बार एक महीने में 10 लाख यूनिट का आंकड़ा पार किया है। स्कूटर उद्योग की यह तेजी संकेत देती है कि चालू वित्त वर्ष में कुल बिक्री एक करोड़ यूनिट के आंकड़े के करीब पहुंच सकती है।

बिक्री में 93 प्रतिशत उछाल

स्कूटर बाजार की तेजी में इलेक्ट्रिक वाहनों की अहम भूमिका रही। अक्टूबर में रिकॉर्ड 2.24 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटर बिके, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 93 प्रतिशत ज्यादा हैं। कुल स्कूटर बिक्री में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की हिस्सेदारी बढ़कर 20 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 13 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों के अनुसार, नए मॉडल, बेहतर तकनीक और ग्राहकों की बढ़ती रुचि इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मांग को बढ़ा रही है।

होंडा बनी सबसे बड़ी कंपनी

अक्टूबर में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 4.17 लाख स्कूटर बेचकर बाजार में पहला स्थान कायम रखा। कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 38 प्रतिशत रही। हालांकि, पिछले साल की तुलना में उसकी बिक्री में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। वहीं टीवीएस मोटर ने अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज करते हुए 2.93 लाख स्कूटर बेचे। कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 27 प्रतिशत हो गई। टीवीएस के इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब और ऑर्बिटर की बिक्री 69,797 यूनिट तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 118 प्रतिशत अधिक है।



हीरो, बजाज और सुजुकी हीरो का भी मजबूत प्रदर्शन

सुजुकी मोटरसाइकिल ने अक्टूबर में 1.22 लाख स्कूटर बेचकर तीसरा स्थान हासिल किया। कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11 प्रतिशत रही। सुजुकी एक्सेस 125 सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल बना रहा।

हीरो मोटोकॉर्प ने भी 1,00,437 स्कूटरों की बिक्री दर्ज की। इसमें 69,224 पेट्रोल स्कूटर और 30,065 विडा इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल रहे। कंपनी को इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ती मांग का लाभ मिला।

बजाज ऑटो ने अक्टूबर में 65,384 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर ली। कंपनी के चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर की 64,134 यूनिट बिकीं।

जापानी कंपनी यामाहा ने अक्टूबर में 36,501 स्कूटर बेचे। कंपनी की बिक्री में फसीनो और रे-जेडआर मॉडल का योगदान सबसे अधिक रहा।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8235-6500 (आ. 502 क्विं.), ग्वार 8011-7735 (आ. 93 क्विं.), नरमा 9161-8076 (आ. 673 क्विं.), मक्का 2901-2794 (आ. 195 क्विं.), बाजरा 2700-2591 (आ. 62 क्विं.), कपास 8831-8806 (आ. 22 क्विं.), सरसों 8455 (आ. 40 क्विं.), **गजसिंहपुर :** नरमा 9165-9090, **जैतसर :** सरसों 8680, मूंग 8371, बाजरी 2695, ग्वार 8088-7931, नरमा 9271-8400, कपास 8900-8791, **श्रीविजयगनर :** नरमा 9128-8950, ग्वार 8191-8025, मूंग 8289-8150, बाजरी 2741-2711, सरसों 8710-8628, धान 4461-4200

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**



हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8500, नरमा व्यापारी 9130, बाजरा 2541, ग्वार 8031, मक्का 2501, धान पीआर व्यापारी 2190, धान मुछल 4685, धान 1509 3875, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8725, ग्वार 8151, जौ 2500, धान मुड्ल 3937, **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8700, नरमा व्यापारी 9050, जौ 2531, ग्वार 7975, मूंग सरकारी 6300, धान मुड्ल 4800, धान 1121 4280, **रावतसर :** बाजरा 8080, ग्वार 8580, चना सरकारी 8100, मूंग व्यापारी 8771, मोठ 8650, मक्का 19755, तिल 8000, अरहर 7550 **नोहर :** कपास 8700, जौ 2746, बाजरा 8162, मोठ 9335 **संगरिया :** कपास 8880, नरमा सरकारी 2600, जौ 2741, बाजरा 7931, मूंग व्यापारी 6800, सरसों सरकारी 2500 **गोलूवाला :** कपास 9100, नरमा सरकारी 2600, जौ 2661, बाजरा 8080, ग्वार 7855, चना सरकारी 8100, मोठ 8600, **पीलीबंगा :** कपास 9000, जौ 2661, मोठ 8892, धान ढफसरकारी 2105, धान 1121 4100

गंगनहर का वरीयताक्रम

17 नवम्बर 2026, मंगलवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250	खुलने का समय	बंद होने का समय
फार्म 311 (8)	10 नवम्बर रात्रि 9 बजे	18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जीजी 512 (7)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
हिरणांवाली 534 (7)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
नेतेवाला 555 (7)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएल 615 (7)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
एमएलए 656 (7)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
करणीजी 986 (6)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
केके 999 (6)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
ईईए 1059 (5)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ 1562 (5)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी 1839		
एमके 1937		
बीबी 2135		
रिडमलसर 2146		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच 2181		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी 2451		17 नवम्बर सायं 3 बजे
समेजा 2653		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे
पीएस 2813		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच 3120		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे 3161		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर 3179		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड 3334		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई 3365		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे

नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा --- क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6414	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5293
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 16.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

शेयर बाजारों में तेजी लौटी: सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त में हुए बंद

मुंबई (वार्ता) बैंकिंग और एफएमसीजी शेयरों में लिवाली के जोर तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के समर्थन से स्थानीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताहांत की गिरावट के सोमवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों के अनुसार आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी बाजार को बल मिला।

सेंसेक्स 512.34 अंक सुधर कर 82,104.79 अंक तथा निफ्टी 50 भी सुधर कर 25,291.10 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ और 10 हानि में तथा निफ्टी के 50 में से 31 शेयर लाभ और 19 हानि में रहे। लाभ में रहे प्रमुख शेयरो में आईटीसी, भारती एयरटेल, एटर्नल, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्रा टेक सीमेंट और एशियन पेंट्स 1.30 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। टाइटन, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई, एनटीपीसी, हिंदुस्तान लीवर , एक्सिस बैंक , महिंद्रा एंड महिंद्रा , एचसीएल टेक और इन्फोसिस जैसे शेयर भी लाभ में रहे।

घाटे में रहे शेयरों में टाटा स्टील (2.81 प्रतिशत), मारुति (2.36 प्रतिशत) और इंडिगो (1.14 प्रतिशत) प्रमुख हैं।

न्यूज इन ब्रीफ

बेटे ने माँ की हत्या की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक बेटे ने लंबे समय से बीमार अपनी 85 वर्षीय मां के इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ होने के कारण उनकी कथित तौर पर हत्या कर दी। घटना शहर के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में हरिदेवपुर थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान उमरानी घोष के रूप में हुई है, जबकि आरोपी की पहचान उनके बेटे सागर घोष के रूप में हुई है।

धमतरी में धान व चावल जब्त

धमतरी/रायपुर। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो राइस मिलों से 34 हजार 303 क्विंटल धान और चावल जब्त किया है। निरीक्षण के दौरान भंडारित खाद्यान्न से संबंधित स्टॉक पंजिका प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर 28 वर्षीय युवती के साथ करीब चार साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी हर्षवर्धन यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। युवती वीडियो एडिटर का काम करती है।

प्रेमिका की हत्या कर कुएं में फेंका

मीरजापुर। जिले के ग्राम कानीदरी दाढीराम में इश्क का खौफनाक अंत हुआ है। एक पिता ने अपने ही गांव के मनबढ़ युवक पर अपनी 18 वर्षीय बेटी प्रिया को बहला-फुसलाकर, पैसे का लालच देकर अवैध संबंध बनाने और फिर प्रेम-प्रसंग में हत्या कर लाश को कुएं में फेंक देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

बंदर के कारण महिला की मौत

कोटा। में बंदर के हमले में महिला की मौत हो गई। महिला छत पर कपड़े सुखाने गई थी, तभी बंदरों का झुंड पहुंचा और एक बंदर महिला के ऊपर कूदकर कंधे पर बैठ गया। पीठ और चेहरे पर पंजे मार दिए।

महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर घर वाले पहुंचे तो वह छत पर बेहोश पड़ी थी। परिजन बंदरों को भगाकर विवाहिता रेनू भट्ट (28) पत्नी प्रदीप भट्ट को हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने रेनू को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने जांच के दौरान साइलेंट अटैक आने की बात बताई। महिला के 6 साल की बेटी है।

सरपंच मांगीराम मोलीया ने पंचायत के प्रत्येक गांव में चुनाव में मिले वोटों के बराबर पौधे लगवाने की घोषणा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

सांगठिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संकल्प लिया

सीमा सन्देश # सांगठिया। ग्राम सांगठिया की चौपाल में मरुधरा रुद्रपीठ, हनुमानगढ़ के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसमें भाग लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान : संस्था के अध्यक्ष चिरंजी लाल शर्मा, सचिव अमित गोयल तथा कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी आवश्यक है। संस्था ने भविष्य में भी समाजोपयोगी और जनहित के कार्य निरंतर जारी रखने का भरोसा दिलाया।

नशामुक्ति और स्वच्छता पर दिया जोर : कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच मांगीराम मोलीया ने की, जबकि संचालन पवन कुमार सहू ने किया। अपने संबोधन में चिरंजी लाल शर्मा ने ग्रामीणों से नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने और गांव को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। वहीं



धर्मपाल सहू (ठेकेदार) ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक नागरिक से गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने हर परिवार से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया।

सरपंच की घोषणा का हुआ स्वागत : सरपंच मांगीराम मोलीया ने प्रेरणादायक घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत चुनाव में उन्हें जितने वोट मिले हैं, उतने ही पौधे वह पंचायत के प्रत्येक गांव में लगवाएंगे। उनकी इस घोषणा का उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों से स्वागत किया।

ग्रामीणों ने जताया आभार : कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अंत में सरपंच और ग्रामीणों ने मरुधरा रुद्रपीठ के अध्यक्ष चिरंजी लाल शर्मा, सचिव अमित गोयल, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार तथा संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपसरपंच हरीराम सहू, बिशनाराम सहू, प्रताप सहू, मालाराम सहू, चंदूलाल सहू, श्योचंद जोईया, उग्रसेन सहू, ज्ञान सिंह सहू, सुभाष चाहर, अजय सहू, भागाराम सहू, ओमप्रकाश सहू, दयाराम सहू, राजाराम सहू, मोहनलाल नायक, जीतराम सारण, अमर सिंह जोईया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति और सामाजिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश दिया गया।

आरक्षित सीट के लिए दावा नहीं कर सकता कोई मतदाता और उम्मीदवार : सुप्रीम कोर्ट

महाराष्ट्र में एससी-एसटी सीटों के रोटेशन मामले में अदालत ने याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीटों के रोटेशन को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता या उम्मीदवार को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र को एससी-एसटी के लिए आरक्षित घोषित करवाने की मांग करे। जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण और रोटेशन सरकार की नीति के तहत तय किया जाता है।

नीति के दायरे में आता है सीट आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई याचिकाकर्ता यह दावा नहीं कर सकता कि आरक्षण रोटेशन नीति को किसी खास तरीके से ही लागू किया जाए। अदालत ने कहा कि ऐसे निर्णय नीति निर्धारण का हिस्सा होते हैं और इनमें न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाएं हैं। यह टिप्पणी सौ. रूपाली इंद्रभूषण सोंडे की अपील पर सुनवाई के दौरान की गई। सोंडे ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के 19 सितंबर 2025 के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विपिन सांघी पेश हुए।



याचिकाकर्ता को सरकार के समक्ष प्रतिनिधित्व की अनुमति : सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर विचार किया और उन्हें महाराष्ट्र सरकार के समक्ष निकाय चुनावों में एससी-एसटी सीटों के आरक्षण रोटेशन नियमों पर पुनर्विचार हेतु प्रतिनिधित्व देने की अनुमति प्रदान की।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी खारिज की थी चुनौती : इससे पहले 19 सितंबर 2025 को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के जस्टिस रजनीश आर. व्यास और जस्टिस अनिल एस. किलोर की खंडपीठ ने महाराष्ट्र सरकार के 2025 के नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे कि महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति नियम, 2025 का प्रावधान मनमाना या असंवैधानिक है।

रोटेशन प्रणाली को लेकर उठाए गए थे सवाल

याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया था कि नए प्रावधानों से मौजूदा आरक्षण रोटेशन प्रणाली प्रभावित होगी और आरक्षित सीटों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। हालांकि, अदालतों ने माना कि आरक्षण चक्र और सीटों का निर्धारण सरकार की नीति के अनुसार किया जा सकता है।

बिहार में नए भवन निर्माण नियम लागू, छोटे भवनों को राहत मिली

पटना। बिहार सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में नया भवन निर्माण उपविधि (बिल्डिंग बायलॉज-2026) लागू कर दिया है। अब नए भवनों का निर्माण और पुराने भवनों में संशोधन इन्हीं नियमों के अनुसार होगा। नई व्यवस्था में कमरों, रसोई, बाथरूम, शौचालय, चबूतरे और मुंडेर के न्यूनतम आकार व ऊंचाई के मानक तय किए गए हैं।

नए नियमों के अनुसार रहने योग्य कमरे का न्यूनतम क्षेत्रफल 9 वर्गमीटर, चौड़ाई 2.4 मीटर (करीब 8 फीट) और ऊंचाई 2.75 मीटर (करीब 9 फीट) होगी।

रसोई का न्यूनतम क्षेत्रफल 4.5 वर्गमीटर तथा बाथरूम और शौचालय के लिए भी अलग-अलग मानक निर्धारित किए गए हैं। 10 मीटर या उससे कम ऊंचाई वाले भवनों के लिए नक्शा स्वीकृति की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। ऐसे मामलों में वास्तुविद द्वारा तैयार नक्शा पोर्टल पर अपलोड करना पर्याप्त होगा। 10 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों के लिए ऑनलाइन आवेदन के 30 दिनों के भीतर स्वीकृति देनी होगी, अन्यथा इसे स्वतः स्वीकृत माना जाएगा।

सोने के आयात पर निर्भरता घटाने की तैयारी

नीति आयोग ला सकता है नई गोल्ड माइनिंग नीति, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर रहेगा जोर

नई दिल्ली

भारत सोने के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू गोल्ड माइनिंग को बढ़ावा देने की तैयारी में है। नीति आयोग जल्द ही सोने की खोज और खनन को प्रोत्साहित करने के लिए नया रोडमैप ला सकता है। इसका उद्देश्य देश में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का बेहतर उपयोग कर आयात पर होने वाला भारी विदेशी खर्च कम करना है।

खनन कंपनियों को मिल सकता है प्रोत्साहन : प्रस्तावित नीति में गोल्ड माइनिंग कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन, लंबी अवधि के खनन अधिकार तथा नीलामी प्रक्रिया में तकनीकी क्षमता के आधार पर कंपनियों की रेटिंग जैसे प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय, मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाने, उच्च गुणवत्ता वाले



भूवैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराने तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रिपोर्टिंग व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर रहेगा।

धीमी रफ्तार बनी चुनौती : भारत में सोने के खनन की गति अब तक धीमी रही है। इसकी प्रमुख वजह सीमित भूवैज्ञानिक जानकारी, खोज कार्यों की कमी, परियोजनाओं में लंबा समय और नीलामी से जुड़ी जटिलताएं रही हैं। कई परियोजनाएं आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं बन पातीं। हाल ही में नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने 'भारत की स्वर्ण खनन नीतिः चुनौतियां, सीख और आगे की राह' विषयक मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा की। आयोग ने इसकी अधिकांश सिफारिशों से सहमति जताते हुए कुछ बिंदुओं पर विस्तृत अध्ययन का सुझाव दिया है।

बिहार में सबसे अधिक स्वर्ण भंडार : देश में लगभग 501 से 518 मिलियन टन प्राथमिक स्वर्ण अयस्क उपलब्ध होने का अनुमान है, जिससे 600 से 607 टन शुद्ध सोना प्राप्त हो सकता है। कुल संसाधनों में बिहार की हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत, राजस्थान की 25 प्रतिशत और कर्नाटक की 21 प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और झारखंड में भी उल्लेखनीय भंडार मौजूद हैं।

आयात अब भी ऊंचे स्तर पर : वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 71.98 अरब डॉलर मूल्य का 800 टन से अधिक सोना आयात किया था। हालांकि अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान आयात 39.9 प्रतिशत घटकर 24.78 अरब डॉलर रह गया, फिर भी भारत दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण आयातकों में शामिल है। घरेलू उत्पादन बढ़ाकर इस निर्भरता को कम करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

बैंकॉक में आग से 11 की मौत

बैंकॉक। दक्षिणी थाईलैंड में सोमवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। इस हादसे में करीब 11 लोगों की मौत हो गई है। आग फुकेट की बिल्डिंग में सुबह करीब 2 बजे लगी, जिसके ग्राउंड फ्लोर पर मोटरसाइकिल रेंटल शॉप है और ऊपरी मंजिलों पर घर हैं। फायरफाइटर्स को आग पर काबू पाने में करीब एक घंटा लगा। आग लगने से कुछ देर पहले बिल्डिंग के पास एक इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर में धमाका हुआ था। रेंटल शॉप में करीब 100 मोटरसाइकिलें थीं, साथ ही गैस, इंजन ऑयल, प्लास्टिक का सामान व टायर भी रखे हुए थे। इन जलने वाले सामान की वजह से आग तेजी से फैली और घना, जहरीला धुआं निकला।

गैंगस्टर के चार गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने फरीदकोट पुलिस और हरियाणा एसटीएफ के साथ संयुक्त अभियान में विदेशी गैंगस्टर से जुड़े चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद हुए। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी कोटकपूरा क्षेत्र में दो लोगों की हत्या की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर योजना विफल कर दी।

दो आतंकी ढेर

कुलगाम। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के लारू क्षेत्र में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकी मारे गए। इनमें संगठन का सक्रिय कमांडर लतीफ भट भी शामिल है। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया था।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़
क्रमांक- 3467 दिनांक - 16/11/2026
आम-सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना में श्री कृष्ण कुमार बंसल पुत्र श्री मदनलाल बंसल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को मध्यम वर्ग-ए आवास संख्या 1/43 पुरानी आवासीय योजना, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ के आवंटन पत्र क्रमांक 49 दिनांक 04.10.1984 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री कृष्ण कुमार बंसल को दिनांक 17.11.1984 को दिया गया। श्री कृष्ण कुमार बंसल के पक्ष में अंतेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3302 दिनांक 27.12.2013, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 3303 दिनांक 27.12.2013 व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 3332 दिनांक 31.12.2013 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 31.12.2013 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। तत्पश्चात श्री कृष्ण कुमार बंसल की मृत्यु दिनांक 04.08.2026 को होने के पश्चात उनके पुत्र श्री विकास कुमार बंसल ने उक्त आवास को अपने नाम हस्तांतरण हेतु नियमानुसार आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व दिनांक 17.05.2017 को जारी पंजीयन वसीयतनामा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं, जिसके क्रम में उक्त आवास श्री विकास कुमार बंसल पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार बंसल के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार आवास सं.-1/43, रा.आ.मं., पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़ श्री विकास कुमार बंसल पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार बंसल के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
आवासीय अभिवन्ता राज. आवासन मण्डल खण्ड हनुमानगढ़

कार्यालय आवासीय अभिवन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़
क्रमांक:-3464 दिनांक:- 13/11/2026
आम-सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की विशिष्ट पंजीकरण योजना में श्री बनवारी लाल गोदारा पुत्र श्री खिराज राम ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को उच्च आय वर्ग संख्या 6/52, पुरानी कॉलोनी, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ आवंटन पत्र क्रमांक 3331 दिनांक 12.10.2011 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री बनवारी लाल गोदारा को दिनांक 17.05.2012 दिया गया। श्री बनवारी लाल गोदारा के पक्ष में अंतेय प्रमाण पत्र क्रमांक 479 दिनांक 17.05.2012, व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 285 दिनांक 30.04.2013 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 01.05.2013 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। तत्पश्चात श्री बनवारी लाल गोदारा ने उक्त आवास का बेचान जरिये बैयनामा दिनांक 01.05.2013 को श्री सुभाषचन्द्र पुत्र श्री देवीलाल को विक्रय कर दिया। श्री सुभाषचन्द्र ने उक्त आवास का बेचान जरिये बैयनामा दिनांक 26.05.2022 को श्रीमति रेशमोत्त कौर पत्नि श्री सुरतेज सिंह को विक्रय कर दिया। श्रीमति रेशमोत्त कौर ने उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र दिनांक 12.12.2025 को श्री प्रणव सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार व श्री राधेश्याम सोनी पुत्र श्री बसगुराम सोनी ने अपने नाम हस्तांतरण की कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये है, जिसके क्रम में उक्त आवास श्री प्रणव सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार व श्री राधेश्याम सोनी पुत्र श्री बसगुराम सोनी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार आवास सं0-6/52, रा0आ0मं0, पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़, श्री प्रणव सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार व श्री राधेश्याम सोनी पुत्र श्री बसगुराम सोनी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
- आवासीय अभिवन्ता, राज. आवासन मण्डल खण्ड हनुमानगढ़


कार्यालय आवासीय अभिवन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़।
क्रमांक - 3462 आम सूचना दिनांक : 13/11/2026
राजस्थान आवासन मण्डल की खुली विक्री योजना में श्री राधेश्याम पुत्र श्री बगुराम ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को मध्यम आय वर्ग-ब आवास संख्या-10/118 पुरानी आवासीय योजना, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ के आवंटन पत्र क्रमांक 1924 दिनांक 13.03.2003 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री बगुराम को दिया गया। श्री राधेश्याम के पक्ष में अंतेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3196 दिनांक 20.12.2006, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 3196 दिनांक 20.12.2006 व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 1993 दिनांक 21.09.2012 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 17.03.2013 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। तत्पश्चात श्री राधेश्याम ने उक्त आवास को जरिये पंजीयन तबादलानामा दिनांक 04.04.2013 को श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री बगुराम को तबादला कर दिया। श्री राजेन्द्र कुमार की मृत्यु दिनांक 29.04.2022 को होने के पश्चात उनके पुत्र श्री रामा शंकर सोनी व श्री प्रवण सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार ने उक्त आवास को अपने नाम हस्तांतरण हेतु नियमानुसार आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये है, जिसके क्रम में उक्त आवास श्री रामा शंकर सोनी व श्री प्रवण सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार **आवास सं.-10/118, रा.आ.मं.**, पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़, **श्री रामा शंकर सोनी व श्री प्रवण सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार** के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
- आवासीय अभिवन्ता राज.आवासन मण्डल खण्ड हनुमानगढ़

SBI भारतीय स्टेट बैंक (STATE BANK OF INDIA)
क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय-4, प्रथम मंज़िल, गगन पथ, जवाहर नगर, श्री गंगानगर
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
भारतीय स्टेट बैंक (STATE BANK OF INDIA) को व्यावसायिक परिसर की आवश्यकता
भारतीय स्टेट बैंक को जिला श्री गंगानगर में जस्सा सिंह मार्ग पर नई शाखा हेतु किराए पर व्यावसायिक भवन की आवश्यकता है। इसके लिए परिसर स्वामियों से (केवल व्यावसायिक परिवर्तित) निर्धारित प्रारूप में सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
परिसर शाखा मुख्य मार्ग पर बसन्ती चौक के आस पास को वरीयता दी जाएगी, कालीन क्षेत्रफल (Carpet Area) लगभग 2500 से 3000 वर्ग फीट, मुख्य सड़क पर पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ, भूतल पर स्थित होना वांछित है।
विस्तृत जानकारी और आवेदन फॉर्म डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट sbi.bank.in के अंतर्गत 'Procurement News' खंड (Section) में देखें।
निविदाएं हमारे क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय-4, प्रथम मंज़िल, गगन पथ, जवाहर नगर, श्री गंगानगर में बंद लिफाफे में मय निविदा राशि रु. 5000/- डी.डी. (Non Refundable) किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 17.11.2026 से 21.12.2026 सांय 4.00 बजे तक जमा कराई जा सकती हैं। आंशिक रूप से भरा, निविदा शुल्क के बिना और निर्धारित प्रारूप से अलग प्रारूप के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सरकारी विभागों के लिए कोई निविदा राशि देय नहीं है। कोई ब्रोकरेज (दलाली) का भुगतान नहीं किया जाएगा।
बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,
क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय-4, श्री गंगानगर।

कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज0)
क्रमांक :- नपाभा / स्टोर/2026-27/4202 दिनांक :- 16/11/2026
निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना 2026-27
नगरपालिका भादरा द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु सामग्री / सेवा कार्यों के लिए नगरपालिका भादरा तथा राजस्थान के अन्य नगर निकायो में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो व अन्य विभागो में पंजीकृत AA, A Class संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 2026-27 से सम्बधित सामग्री / सेवा कार्यों के लिए निम्न यूबीएन के तहत निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म www.eproc.rajasthan.gov.in/www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB Code is- DLB2627A9764
UBN no is- DLB2627WSOB24379
अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका भादरा

तेज रफ्तार एसयूवी की टक्कर से 3 भैंसों की मौत

बारां। राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर सोमवार को एक तेज रफ्तार एसयूवी ने ऐसा कहर बरपाया कि सड़क पर जा रही चार भैंसें उसकी चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन भैंसों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चौथी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में एसयूवी का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर वाहन को जब्त कर लिया।



हादसा बारां जिले के भंवरगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर केलवाड़ा की तरफ स्थित एक ढाबे के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, सोमवार को सड़क पर चार भैंसें जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही भैंसें सड़क पर गिर पड़ीं। इनमें से तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। भैंसों से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया।

दो दोषियों की उम्रकैद निलंबित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सदस्यों की हत्या मामले में दो दोषियों की उम्रकैद की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दे दी है। कोर्ट ने 28 अक्टूबर को याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि दोनों दोषी 17 साल से अधिक समय से जेल में हैं। इनमें से एक की गंभीर दिव्यांगता और दूसरे को घटना के बाद आरोपी बनाए जाने की बात भी सामने आई।

प्रेस दिवस समारोह में बोले सूचना प्रसारण मंत्री, डीपफेक व भ्रामक सामग्री के खिलाफ प्रभावी शिकायत व्यवस्था पर हो चर्चा

सोशल मीडिया की सामग्री पर जवाबदेही जरूरी : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली सामग्री की जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यूट्यूब चैनल और अन्य डिजिटल मंचों पर आने वाली सामग्री से प्रभावित लोगों के लिए प्रभावी शिकायत व्यवस्था होनी चाहिए। इस विषय पर समाज, सरकार, संसद और मीडिया के स्तर पर व्यापक चर्चा की जरूरत है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया पर बेलगाम सामग्री और एआई आधारित डीपफेक के दुरुपयोग के खिलाफ समाज को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि

डिजिटल प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी तय करने पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

डीपफेक और भ्रामक सामग्री पर चिंता : सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया सोशल मीडिया के संचालन और उसकी जवाबदेही को लेकर बहस कर रही है। भारत में भी इस विषय पर गंभीर विमर्श होना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी बच्चे की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी जाती है या किसी व्यक्ति के खिलाफ भ्रामक डीपफेक सामग्री बनाई जाती है, तो पीड़ित को शिकायत के लिए कौन-सा प्रभावी मंच उपलब्ध है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर सामग्री को लेकर वर्तमान में स्पष्ट जिम्मेदारी तय नहीं है। ऐसे में प्लेटफार्मों को भी सतर्कता बरतनी होगी और उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित करनी होगी।

पत्रकारिता में जिम्मेदारी की जरूरत : राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह का विषय 'पत्रकारिता सनसनी या जिम्मेदारी' था। कार्यक्रम में इंडिया टीवी के प्रधान संपादक रजत शर्मा, प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई, सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार और पीसीआई सचिव शुभा गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। वैष्णव ने युवा पत्रकारों और पत्रकारिता विद्यार्थियों से बदलते मीडिया परिदृश्य को समझने और नई तकनीकों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक में मीडिया में जितना बदलाव आया है, उससे कहीं अधिक परिवर्तन आने वाले वर्षों में देखने को मिलेंगे।

प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर उठाए सवाल : मंत्री ने रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि मंत्रालय ने संस्था से उसकी रैंकिंग तय करने की प्रक्रिया और आधार बताने को कहा था, लेकिन अब तक इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मीडिया क्षेत्र में कुछ लोग अपने हितों से प्रेरित होकर काम करते हैं। युवा पत्रकारों को ऐसे प्रभावों से बचते हुए स्वतंत्र सोच और जिम्मेदार पत्रक

120 ग्राम पंचायतों में सरपंच-वार्ड पंच के लिए मतदान जारी, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं में दिखा खासा उत्साह

गांवों की सरकार चुनने उमड़े मतदाता, मतदान केन्द्रों पर लगी कतारें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गांवों की सरकार चुनने के लिए सोमवार सुबह से ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चौथे एवं अंतिम चरण का मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो गया। हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, रावतसर और टिब्बी पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान कराया जा रहा है। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई और कई केन्द्रों पर कतारें लग गईं। महिला एवं पुरुष मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्ग, युवा और महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। गांवों में अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जिताने के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। कई मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें देखने को मिलीं। जिला निर्वाचन की ओर से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। इसके बाद मतदान केन्द्रों पर ही मतगणना शुरू होगी। पहले वार्ड पंच और इसके बाद सरपंच पद के परिणाम घोषित किए जाएंगे।







575 अभ्यर्थी सरपंच पद के लिए मैदान में

चौथे चरण की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 884 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए थे। संवीक्षा के दौरान 3 नामांकन अवैध पाए गए, जबकि 306 अभ्यर्थियों ने नाम वापस ले लिए। इसके बाद 575 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में रह गए। इनमें संगरिया की 27 ग्राम पंचायतों में 129, रावतसर की 30 ग्राम पंचायतों में 127, टिब्बी की 33 ग्राम पंचायतों में 156 तथा हनुमानगढ़ टाउन की 30 ग्राम पंचायतों में 163 अभ्यर्थी सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

120 पंचायतें, 415 मतदान केन्द्र

चौथे चरण में चारों पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में कुल 3,93,176 पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए 415 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वहीं, 120 ग्राम पंचायतों के 1234 वार्ड पंच पदों के लिए भी चुनाव कराया जा रहा है, जिनके लिए 2068 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए थे।

आज होगा उपसरपंच का चुनाव

इन चारों पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव के बाद 17 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव करवाया जाएगा। इसके साथ ही जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव की प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि हनुमानगढ़ जिले की कुल दस पंचायत समितियों में दो चरणों में मतदान करवाया गया। चौथे चरण में शामिल हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, रावतसर एवं टिब्बी पंचायत समितियों में 14 नवम्बर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान हुआ था। इससे पूर्व तीसरे चरण में हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा एवं राजपुरा (8 बीएचडी) सहित छह पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 3 नवम्बर तथा सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए 5 नवम्बर को मतदान करवाया गया था।

यूं आगे बढ़ा मतदान का प्रतिशत

जिले में सुबह 10 बजे तक कुल 23.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान हनुमानगढ़ टाउन में 22.08 प्रतिशत, रावतसर में 24.61 प्रतिशत, संगरिया में 22.82 प्रतिशत तथा टिब्बी में 23.45 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 1 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत बढ़कर 49.31 हो गया। इस समय तक हनुमानगढ़ टाउन में 47.14 प्रतिशत, रावतसर में 51.24 प्रतिशत, संगरिया में 49.14 प्रतिशत तथा टिब्बी में 49.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अपराह्न 3 बजे तक जिले में कुल 68.46 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इस दौरान हनुमानगढ़ टाउन में 66.13 प्रतिशत, रावतसर में 70.01 प्रतिशत, संगरिया में 68.93 प्रतिशत तथा टिब्बी में 68.93 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

संभाली ढंढेला पंचायत की कमान



सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत ढंढेला की नवनिर्वाचित सरपंच सत्यनारायणी भंवरलाल कस्वां ने आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हजारीलाल नायक ने उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण करवाया। समारोह में सरपंच सत्यनारायणी कस्वां ने कहा कि ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास करवाना और ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

नरेंद्र ज्याणी ने संभाली कमान

सीमा सन्देश # 18 एसपीडी। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच नरेंद्र ज्याणी ने विधि-विधान के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिकों सहित सभी वार्डों के वार्ड पंच मौजूद रहे। सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ आराध्य देव की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पंडित द्वारा तिलक लगाकर नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचायत भवन में प्रवेश किया तथा पूर्व सरपंच मंजू गोदारा से विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



मंजू ढाका ने संभाली बड़बिराना ग्राम पंचायत की कमान



सीमा सन्देश # बरवाली। ग्राम पंचायत बड़बिराना में नवनियुक्त सरपंच मंजू ढाका ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी आशीष खीचड़, निवर्तमान सरपंच प्रतापसिंह सहारण, पूर्व सरपंच रुक्मा सरदाराराम ढाका, नवनियुक्त उपसरपंच गिरदावरी बैनिवाल सहित समस्त वार्ड पंच सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मौके पर सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त सरपंच मंजू ढाका ने सर्वसमाज को साथ लेकर ग्राम पंचायत का विकास करने की बात कही। कार्यक्रम में सुभाष ढाका, कुरड़ाराम सहारण, लीलाधर ढाका, होशियारीलाल शर्मा, भूपसिंह गोदारा, ओमप्रकाश छिम्पा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मिर्जावाली मेर : 88.56 % मतदान



सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत चौथे चरण में सोमवार को ग्राम पंचायत मिजार्वाली मेर में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। गांव में कुल 5431 मतदाताओं में से 4810 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 88.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। खास बात यह रही कि गांव के एक युवक ने दूल्हे के रूप में विवाह से पहले मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। समाचार लिखे जाने तक सरपंच पद के लिए मतगणना की प्रक्रिया जारी थी।

टिब्बी में लोकतंत्र का महापर्व : 88.70 % बंपर मतदान, 4-5 आरडब्ल्यूबी में सबसे ज्यादा 96.47 % वोटिंग

33 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 156 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

सीमा सन्देश # टिब्बी। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत सोमवार को टिब्बी क्षेत्र की 33 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गांवों की सरकार चुनने के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतारें लगनी शुरू हो गईं। युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भागीदारी निभाई। शाम 6 बजे तक क्षेत्र में 88.70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 1,13,984 मतदाताओं में से 1,01,101 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम बाबूलाल रेंगर के अनुसार सुबह 10 बजे तक 23.45, दोपहर 1 बजे तक 49.90 और अपराह्न 3 बजे तक 68.93 प्रतिशत मतदान हुआ। क्षेत्र की 33 पंचायतों में सरपंच पद के लिए 156 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।



4-5 आरडब्ल्यूबी में सर्वाधिक मतदान

मतदान प्रतिशत में 4-5 आरडब्ल्यूबी पंचायत 96.47 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। यहां 2,151 में से 2,075 मतदाताओं ने वोट डाले। मसीतांवाली में 94.06, भूरानपुरा में 93.99, डबली खुर्द में 93.53, चाहुवाली में 93.26, पन्नीवाली में 93.14, मेहरवाला में 92.94, बेहरवाला कलां में 92.90, रामपुरा उर्फ रामसरा में 92.14 तथा माणक टिब्बी में 92.10 प्रतिशत मतदान हुआ।

बड़ी पंचायतों में भी दिखा उत्साह

क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत तलवाड़ा झील में 7,131 मतदाताओं में से 5,960 ने मतदान किया। यहां 83.58 प्रतिशत वोटिंग हुई। मिजावार्ली मोरे में 86.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुलचंदर में 89.95, 12 डीबीएल में 89.53, डबली स्टाफ में 88.88, 2 केएसपी में 88.76 और पीरकामड़िया में 88.09 प्रतिशत मतदान हुआ। सुरेवाला में 80.36 तथा नाईवाला में सबसे कम 75.91 प्रतिशत वोटिंग हुई।

देर रात तक आएंगे परिणाम: मतदान संपन्न होने के बाद सोमवार को ही मतगणना शुरू होगी। इसके देर रात तक जारी रहने की संभावना है। मतगणना के साथ ही 33 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के 156 प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला होगा। परिणामों को लेकर प्रत्याशियों और समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है।

98 वर्षीय चावली ने भी किया मतदान

सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत लालपुरा और 25 आरडब्ल्यूडी (गांधीनगर) के मतदान केंद्रों पर दोपहर 2 बजे के बाद मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी। शाम 4:30 बजे तक बूथों पर मतदाताओं की भीड़ रही और महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। युवा मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा मतदाताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। वोट डालकर उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाई है। मतदान के दौरान लालपुरा बूथ पर 98 वर्षीय चावली अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचीं। उन्होंने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके उत्साह की वहां मौजूद लोगों ने सराहना की। पंचायत चुनाव सुपरवाइजर अधिकारी सीआई मंजू



लखोटिया ने लालपुरा, 25 आरडब्ल्यूडी (गांधीनगर), 27 आरडब्ल्यूडी (प्रेमनगर) और गंधेली मतदान केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। मतदाता कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

सरपंच चुनाव को लेकर मतदाताओं में दिखाई दिया भारी उत्साह



सीमा सन्देश# बालाराजपुरा। ग्राम पंचायत बालाराजपुरा में सरपंच चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई। महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर तक करीब 65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए तथा पुलिस जवान लगातार निगरानी करते नजर आए।सरपंच चुनाव को लेकर ग्रामीणों में सुबह से ही उत्साह का माहौल बना रहा। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखने को 92 परसेंट भुगतान हुये

सरपंच और पंच पद के लिए चुनाव संपन्न

सीमा सन्देश# रावतसर। पंचायत समिति रावतसर की पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे तक मतदान 51,24 प्रतिशत हुआ। सबसे ज्यादा ग्राम पंचायत निरवाल में 64.46 प्रतिशत हुआ वहीं मतदान ग्राम पंचायत थालडका में सबसे कम 39.93 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव व जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी, ग्राम पंचायत 15, 16 के डबल्यूडी में रिटर्निंग अधिकारी शुभम शर्मा, वृताधिकारी विक्रम चौहान, थाना प्रभारी मदन बिश्नोई सहीत जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार तीन पंचायत में शांतिपूर्ण हुआ मतदान। अधिकारियों ने बताया कि पंचायती राज चुनाव के अंतिम चरण के सरपंच एवं पच पदों का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुबह 6.30 बजे मतदान के बूथों पर लंबी कतारें लग गई,बोटर अपनी बारी का इंतजार कर रहे। दोपहर बाद कुछ भीड़ कम हुई शाम छह बजे तक मतदान चला। सुबह से शाम तक मतदाताओं को अपने पक्ष में बोट करने के लिए गाड़ियों से बुथ पर पहुंचाया । समाचार लिखे जाने तक 90प्रतिशत मतदान हो चुका था।



मतदान को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह, 87 प्रतिशत हुआ मतदान

सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर तलवाड़ा झील में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुबह के बाद दोपहर और शाम को मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शाम 4:30 बजे तक मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ी रही। विशेषकर महिलाओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 6 बजे तक ग्राम पंचायत में 87 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला डोगरी अपने परिवारजनों के सहारे मतदान केंद्र पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उम्र के इस पड़ाव पर भी मतदान के प्रति उनका उत्साह देखने लायक था। वहीं भावना, लक्ष्मी और सिमरन ने पहली बार मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी निष्ठा जताई। मतदान को लेकर युवाओं में भी खासा उत्साह रहा।

नोहर : वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मनभरी देवी ने संभाली सरपंच पद की कमान

आनंद सैनी बोले-ग्राम पंचायत में अब भेदभाव नहीं, हर ग्रामीण का होगा काम, 22 एनटीआर को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प

सीमा सन्देश # नोहर। ग्राम पंचायत 22 एनटीआर में सोमवार सुबह नवनिर्वाचित सरपंच मनभरी देवी ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और फूलों की वर्षा के बीच आयोजित कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए युवा नेता एवं सरपंच प्रतिनिधि आनंद सैनी ने कहा कि चुनाव के दौरान ग्रामीणों से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ग्राम पंचायत से जुड़े छोटे-मोटे कार्यों के लिए अब ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। पंचायत कार्यालय आमजन की समस्याओं के समाधान और सेवा का केंद्र बनेगा।



आनंद सैनी ने कहा कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विकास का परचम लहराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि पुरानी बातों को पीछे छोड़कर नई शुरूआत करें। पंचायत में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और प्रत्येक ग्रामीण के काम को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने 22 एनटीआर ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने का संकल्प भी दोहराया। सरपंच मनभरी ने इस मौके पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पंचायत में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रहेगा। हमारा संकल्प है ग्राम पंचायत के अंतिम छोर तक के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित, 38 खिलाड़ी हुए शामिल



सीमा सन्देश# संगरिया। भगतपुरा रोड स्थित राइजिंग स्टार टेबल टेनिस अकादमी में छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओपन एवं आयु वर्ग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर एवं संगरिया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए 38 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक दिवसीय आयोजन में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर महावीर गोस्वामी ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए अपनी खेल प्रतिभा दिखाने एवं आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर बताया।

अंडर 15 खिलाड़ियों में इन्हें मिला स्थान

प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-15 गर्ल्स वर्ग में रिद्धिमा ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय, नितिका ने तृतीय तथा साहिबप्रीत ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 बॉयज वर्ग में विभोर प्रथम, मनीत द्वितीय, पुनीत तृतीय तथा हर्षित चतुर्थ स्थान पर रहे। ओपन गर्ल्स वर्ग में रिद्धिमा ने प्रथम, प्रीत दुरेजा ने द्वितीय, नवरीत ने तृतीय तथा अनुष्का ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। ओपन बॉयज वर्ग में विभोर प्रथम, भविष्य द्वितीय, हनी तृतीय तथा मनीत चतुर्थ स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि विनोद सोनी एवं सतीश गर्ग सहित मनोज गहलोत, मनीष, दिव्या चौधरी, परमजीत कौर एवं सत्येंद्र कौर ने शिरकत की। अतिथियों एवं बच्चों के अभिभावकों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक सत्येंद्र सिंह, बलजिंदर सिंह, ललिता, राजवाला, रवि छींपा, मुकेश कुमार बेदी, नवदीप सिंह, आकाशदीप एवं अकादमी के कोच लवदीप सिंह का विशेष सहयोग रहा।

न्यूज इन ब्रीफ

इग्नू में अब ऑनलाइन जमा होंगे प्रोजेक्ट व असाइनमेंट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (ओपीएमएस) एवं ऑनलाइन असाइनमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (ओएएमएस) शुरू किए हैं। अब विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट, शोध कार्य, इंटर्नशिप रिपोर्ट एवं असाइनमेंट ऑनलाइन जमा करवाने होंगे। राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक विनोद कुमार ने बताया कि ओपीएमएस से प्रोजेक्ट जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर तथा ओएएमएस से असाइनमेंट जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड से यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

गायों को लेकर विवाद में चरवाहे से मारपीट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संगरिया थाना क्षेत्र में रतनपुरा चौराहे के पास गायों को बैठाने को लेकर हुए विवाद में चरवाहे से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में रांझा खान (27) निवासी टिब्बी ने बताया कि 14 नवम्बर की रात वह कृष्ण कुमार के साथ 50-60 गायों को बैठा रहा था। तभी आठ युवक लाठियां लेकर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। मारपीट में उसके सिर, हाथ व कंधों पर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए कृष्ण कुमार को भी आरोपियों ने पकड़ लिया। परिवादी ने जेब से 30 हजार रुपए निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टॉफी का लालच देकर बच्चे के गहने निकाले

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रावतसर में घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे को टॉफी का लालच देकर उसके गले से सोने की तबीती व चांदी के मादलिए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में वार्ड 24 निवासी कृष्णा (65) ने बताया कि 14 नवम्बर की शाम उसका दोहिता हिमांशु घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान मुकेश नामक युवक ने उसे दो टॉफियां देकर गहने निकाल लिए। बाद में वह शनि के साथ मोटरसाइकिल पर भाग गया। दादी ने शोर मचाया, लेकिन दोनों फरार हो गए। रावतसर थाना पुलिस ने दादी की रिपोर्ट पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एनसीसी शिविर में प्रशिक्षण के लिए 17 कैडेट्स रवाना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्रीगंगानगर स्थित 15 राजस्थान एनसीसी बटालियन (आर्मी विंग) की ओर से एनसीसी सत्र 2025-26 के तीसरे बैच के तहत 10 दिवसीय सीएटीसी सेकंड कैंप का आयोजन 16 से 25 नवम्बर तक किया जा रहा है। इस शिविर में हिस्सा लेने के लिए गुड डे डिफेंस स्कूल, न्यू सैनिक स्कूल, हनुमानगढ़ के जूनियर डिवीजन के 17 एनसीसी कैडेट्स रवाना हुए। इनमें 9 जेडी एवं 8 जेडब्ल्यू कैडेट्स शामिल हैं। एनसीसी सीटीओ महजबीन के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल को संस्था के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संस्था के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि एनसीसी शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का बेहतर माध्यम हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देश के प्रति समर्पण की भावना मजबूत होती है और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है।

राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन, खिलाड़ियों की हुई सराहना

हनुमानगढ़ की महिला और झुंझुनू की पुरुष टीम ने जीता खिताब बनी चैंपियन



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सात साल के लंबे इंतजार के बाद हनुमानगढ़ में आयोजित 76वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का रविवार को रोमांचक मुकाबलों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। जिला बास्केटबॉल संघ हनुमानगढ़ एवं व्यापार मंडल शिक्षा समिति हनुमानगढ़ टाउन के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का खिताब झुंझुनू ने, जबकि महिला वर्ग का खिताब मेजबान हनुमानगढ़ ने अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में झुंझुनू ने राजस्थान पुलिस को कड़े मुकाबले में 75-72 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं सीकर ने जयपुर को 64-60 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल में हनुमानगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान पुलिस को 48-41 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। महिला वर्ग में सीकर ने झुंझुनू को 47-30 से हराकर कांस्य पदक जीता।

नकद पुरस्कार मेडल देकर सम्मान किया

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता अर्जुन पुरस्कार विजेता हनुमान सिंह राठौड़ ने की। राजस्थान बास्केटबॉल संघ के सचिव गेमर सिंह सोढ़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सज्जन गोयल डींगवाला ने पुरुष एवं महिला वर्ग की विजेता टीमों को 5100-5100 रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना की सराहना की।

50 टीमों के 850 खिलाड़ियों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों की 50 टीमों ने भाग लिया। इनमें पुरुष वर्ग की 30 और महिला वर्ग की 20 टीमें शामिल थीं। करीब 850 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया, जिनमें 15 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी 20 से 27 दिसंबर तक मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2026 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

छठी मैया के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, धार्मिक झांकियों ने मोहा मन

हनुमानगढ़ : सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना, छठ महापर्व संपन्न



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सूर्य उपासना और लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा एवं उल्लास से संपन्न हुआ। जंक्शन के चुंगी नंबर आठ स्थित आईटीआई कॉलोनी छठ घाट पर अलसुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने ठंडे पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीघार्यु की कामना की। इसके बाद 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया गया। इससे पूर्व श्री छठ पूजा समिति की ओर से रविवार रात छठ महोत्सव एवं जागरण आयोजित किया गया। बिहार के भजन गायक पवन राजा, अर्चना वर्मा, करिश्मा शर्मा और करण राज ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी परिवार की खुशहाली

हनुमानगढ़। टाउन की श्री मिथिला सेवा समिति राजस्थान ट्रस्ट की ओर से कोहला नहर पर आयोजित छठ महापर्व का सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ समापन हुआ। इस दौरान पूर्वांचल एवं बिहार मूल के परिवारों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीघार्यु की कामना की। अलसुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। सूर्य की पहली किरण के साथ व्रतियों ने विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया। इससे पूर्व रविवार रात आयोजित जागरण में भजन गायिकाओं नेहा नैना, प्रीति, जयंती मिश्रा, नीता मिश्रा एवं जय भारती एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमते रहे। धार्मिक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। ट्रस्ट अध्यक्ष बलदेव दास ने बताया कि छठ पर्व पर सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना कर परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है।

जनप्रतिनिधियों ने की पूजा-अर्चना: कार्यक्रम में विधायक गणेशराज बंसल, सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल, भाजपा युवा नेता अमित सहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने पूजा-अर्चना कर छठी मैया का आशीर्वाद लिया। समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि महापर्व की शुरूआत 13 नवम्बर को नहाय-खाय से हुई। 14 को खरना, 15 को अस्ताचलगामी सूर्य और 16 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन किया गया।

हनुमानगढ़ : गोपाष्टमी पर गोशाला में सजेगा आस्था-भक्ति का दरबार

गौपूजन, सुंदरकांड पाठ और 108 दीपों से होगी महाआरती

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के अबोहर बाइपास स्थित गौशाला सेवा समिति की ओर से 17 नवंबर को गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गौशाला परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। गौपूजन, महिला संकीर्तन, सामूहिक सुंदरकांड पाठ, रंगोली सजावट और 108 दीपों से महाआरती मुख्य आकर्षण रहेंगे। आयोजन को लेकर रविवार को समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति के अनुसार सुबह संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गौमाता का विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। श्रद्धालु तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दोपहर 1 से 2.30 बजे तक महिला संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन किया जाएगा।



गोमाता के प्रति सेवा भाव प्रकट करने पर्व

इसके बाद दोपहर 2.30 बजे शहर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। शाम को श्री देवी महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की छात्राओं की ओर से आकर्षक रंगोली सजाई जाएगी। रात्रि में दीपमाला से गौशाला परिसर को रोशन किया जाएगा। शाम 7 बजे 108 दीपों से भव्य महाआरती होगी। समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने कहा कि गोपाष्टमी भारतीय संस्कृति में गौमाता के प्रति श्रद्धा, सेवा एवं संरक्षण का भाव प्रकट करने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। सभी सदस्य मिलकर आयोजन की व्यवस्थाएं संभालेंगे। बैठक में बीरबल जिन्दल, गोपाल जिंदल, वीरेन्द्र गोयल, बब्बी, पवन गर्ग, राजेश गर्ग, शिवभगवान ढूढाणी, रामकुमार गोदारा, मुकेश महर्षि सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सखती; 18 मॉडिफाइड वाहन किए सीज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मृति दिवस एवं राज्य सड़क सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को जंक्शन में यातायात पुलिस की ओर से विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने और दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया गया। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 मॉडिफाइड वाहनों को सीज किया गया।

यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा ने वाहन चालकों को राज्य सरकार की ह्यअच्छा मददगारह्ण योजना के पंपलेट वितरित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है। आमजन से बिना किसी डर या संकोच के दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और मानवता का परिचय देने की अपील की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 17 दुपहिया वाहनों को सीज किया। इसके अलावा एक मॉडिफाइड चौपहिया वाहन को भी सीज कर यातायात शाखा में खड़ा करवाया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से वाहनों में नियम विरुद्ध बदलाव नहीं करवाने और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही वाहन चलाने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों की पालना करने, हेलमेट लगाने और सड़क पर सावधानी बरतने का संदेश दिया।

छाया स्मॉग; 100 मीटर दूर तक दिखना हुआ मुश्किल



सीमा सन्देश # टोपरियां। क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजकर 40 मिनट पर अचानक सड़कों पर धुंध छाने से अंधेरा छा गया। धीरे-धीरे आसपास के इलाकों में स्मॉग और धुएं का असर बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ। वातावरण लगातार धुंधला होता गया और सड़कों पर घने धुएं के कारण 100 मीटर की दूरी तक भी साफ दिखाई देना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार हरियाणा में खेतों में पराली के अवशेष जलाने और पटाखों से उठे धुएं के कारण सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में स्मॉग का असर बढ़ा है। शाम के समय सड़कें धुएं और धुंध की चादर में ढकी नजर आईं। दृश्यता कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई।

गोपाष्टमी पर गौ पूजन व सुंदरकांड पाठ कल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री कृष्ण गौ सेवा सुंदरकांड मंडल की ओर से 17 नवम्बर को जंक्शन की दुर्गा कॉलोनी स्थित नंदीशाला में गोपाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजक मंडल के अनुसार सुबह 10.30 बजे गौ पूजन, दोपहर 2.15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा शाम 5.30 बजे भव्य दीपमाला सजाई जाएगी। आयोजन को लेकर बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम की यजमान संतोष भाटिया होंगी। आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर गौ पूजन एवं गौ सेवा के इस आयोजन में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

सत्संग समिति की बैठक में विनोद गोल्याण सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष



सीमा सन्देश # नोहर। सत्संग समिति नोहर की बैठक पुष्करणा भवन में वैद्य नरेश सांखी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 4 दिसम्बर से आयोजित होने वाली श्रीराम कथा एवं नानी बाई के मायरे के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से विनोद गोल्याण को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं श्यामसुन्दर स्वामी व हनुमान व्यास को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष विनोद गोल्याण ने बताया कि 4 से 12 दिसम्बर तक श्रीराम वाटिका के सामने स्थित पटाखा बाजार में धार्मिक आयोजन होगा। इसमें बाल संत भोले बाबा (ऋषिकेश) श्रीराम कथा का वाचन करेंगे तथा संत विद्यासागर महाराज नानी बाई के मायरे का वाचन करेंगे। आयोजन के शुभारंभ पर 4 दिसम्बर को सुबह 9.15 बजे श्री सूर्य भवन मंदिर से 1100 रामायण के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। श्रीराम कथा दोपहर 1.15 से शाम 5.15 बजे तक तथा नानी बाई का मायरा रात्रि 8.15 बजे होगा। प्रतिदिन सुबह 5 बजे स्तुति और 6.15 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए समिति सदस्यों व कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

गोपाष्टमी पर फाटक गोशाला में होगा हवन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गोपाष्टमी पर 17 नवम्बर को टाउन की बरकत कॉलोनी स्थित श्री फाटक गौशाला एवं सांवलिया सेठ मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति अध्यक्ष मुरलीधर अग्रवाल ने बताया कि सुबह 9 बजे विश्व कल्याण एवं गौवंश की समृद्धि के लिए हवन-यज्ञ होगा। इसके बाद विधि-विधान से गौ पूजन किया जाएगा तथा गौसेवकों का सम्मान होगा। प्रत्येक श्रद्धालु को निःशुल्क लकी कूपन दिया जाएगा। शाम 7 बजे सांवलिया सेठ मंदिर की महाआरती के दौरान ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें पांच विजेताओं की घोषणा होगी। गौशाला में असहाय, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश का निःशुल्क उपचार कर सेवा की जाती है।

आज सजेगा गोशाला परिसर, ऋषिकेश के आनंद ब्रह्मचारी महाराज करेंगे प्रवचन, होगा वार्षिक अधिवेशन

उत्साह: गोपाष्टमी पर नोहर गोशाला में होगा भव्य महोत्सव का आयोजन



सीमा सन्देश # नोहर। गौसेवा, गोसंवर्धन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से श्री गौशाला नोहर की ओर से 17 नवंबर मंगलवार को गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्तिक शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में दिनभर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होंगे। महोत्सव में ऋषिकेश से पधार रहे आनंद ब्रह्मचारी महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। श्री गौशाला के अध्यक्ष राजेंद्र थिरानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे गो पूजन एवं गौ फेरी के साथ होगी। दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक सिरसा के नटराज ग्रुप की ओर से राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। दोपहर 2:30 बजे गौशाला का वार्षिक अधिवेशन होगा, जबकि शाम 3 बजे श्री आनंद ज ब्रह्मचारी महाराज के प्रवचन होंगे। गोशाला के मंत्री आनंद कंदोई ने बताया कि इस बार गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्री गौशाला नोहर में गौदान की विशेष पहल शुरू की गई है। गौदान के लिए 3100 रुपए की पुण्य राशि निर्धारित की गई है। गौदान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूजन सामग्री गौशाला परिसर में ही उपलब्ध करवाई जाएगी। गौशाला परिवार ने अधिकाधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

गोसेवा के लिए सदैव तत्पर है गौशाला परिवार

श्री गौशाला परिवार ने बताया कि गौवंश को गौशाला में लाने और उनकी समुचित सेवा-सुश्रूषा करने के लिए संस्था हर समय तैयार है। आयोजन के माध्यम से आमजन को गौसेवा, संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। गौमाता के प्रति श्रद्धा और सेवा भाव को समर्पित इस महोत्सव में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।

स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा के लिए किए गए योगदान पर डाला प्रकाश

भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को किया याद



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक एवं आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा उनके जीवन संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, जिला संयोजक कृष्ण तायल एवं जिला चुनाव प्रभारी मधुसूदन भिंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्षों पर विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों, स्वाभिमान, संस्कृति एवं सम्मान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए उन्होंने समाज में जागरूकता एवं एकता की अलख जगाई। उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। जिला चुनाव प्रभारी मधुसूदन भिंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस, सामाजिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कम आयु में आदिवासी समाज को संगठित कर उनके अधिकारों एवं स्वाभिमान के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया।

यातायात व्यवस्था चरमराई, पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंसी



सीमा सन्देश # खाजूवाला

नगरपालिका क्षेत्र खाजूवाला में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। कस्बे के एसबीआई बैंक रोड, सोसाइटी रोड़, सब्जी मंडी व मीणा मार्किट तथा भगतसिंह चौक आदि जगहों पर आए दिन लगने वाला जाम अब आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सोमवार को भी सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे बने कि यातायात व्यवस्था संभालने वाली पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंस गई। इससे कस्बे की यातायात व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। एसबीआई बैंक रोड खाजूवाला का प्रमुख व्यावसायिक मार्ग है। यहां दिनभर दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही रहती है। सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन तथा सड़क से गुजरने वाले मालवाहक वाहनों के कारण रास्ता संकरा हो जाता है। ऐसे में आमने-सामने से वाहन आने पर जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बना रहता है, लेकिन व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कदम नजर नहीं आ रहे हैं। रोजाना लगने वाले जाम से दुकानदारों, ग्राहकों, वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन और पुलिस से एसबीआई बैंक रोड सहित प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था सुधारने, अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण करने तथा नियमित यातायात पुलिसकर्मी तैनात करने की मांग की है, ताकि कस्बे के लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

श्रीकरणपुर में 9 दिन के अंदर तीसरी वारदात

एसएसबी जवान के घर से चोरी, सोना-नकदी ले गए चोर



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

सीमांत कस्बे में 9 दिनों के अंदर चोरों ने तीसरी चोरी को अंजाम दिया है। एसएसबी के जवान के घर को निशाना बनाया है। कच्ची थेड़ी के वार्ड संख्या 9 के निवासी जसवीर सिंह पुत्र सरवन सिंह एसएसबी में हैं। वह अपनी बेटी के साथ किसी काम से दिल्ली गये थे। पीछे से चोरों ने घर साफ कर दिया। जसवीर सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर ने बताया कि चोर 3 तोला सोने की चेन, 2 अंगूठी व 20 हजार रुपए नकद ले गए। उधर जसवीर सिंह ने बताया कि वे जब पुलिस थाना सूचना देने गए तो वहां पुलिसकर्मी नेत राम ने कहा कि पुलिस स्टाफ चुनाव ड्यूटी पर है। उन्हें स्वयं वीडियो बनाकर भेजने को कह दिया गया।

सोनू बवेजा तीसरी बार श्रीश्याम सखा मंडल के अध्यक्ष बने



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर की अरोड़वंश धर्मशाला में श्री श्याम सखा व महिला मंडल की आमसभा हुई। इसमें सदस्यों ने कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए सोनू बवेजा को सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना। कार्यकारिणी में सुभाष छाबड़ा महामंत्री, अशोक भार्गव सचिव, साहिल अंगी कोषाध्यक्ष, नरेश व हिमांशु उपाध्यक्ष, जोनी व अनुज सहसचिव, कार्तिक प्रभारी, राजेश मीडिया प्रभारी और मनु मदान प्रचार मंत्री बनाए गए। इसके अलावा 16 सदस्यीय कार्यकारिणी और श्रृंगार टीम का गठन हुआ। कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। मीडिया प्रभारी राजेश चराया ने बताया कि 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में व्हाइट हाउस वाली गली में भव्य श्याम कीर्तन होगा, जिसमें आतिशबाजी, इत्र वर्षा, फूलों की होली और केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर हुआ भव्य अखंड ज्योति पाठ



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर के अग्रसेन भवन में श्रीमद्भागवत महिला समिति की ओर से श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर तृतीय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना, ज्योत प्रज्ज्वलित कर तथा हनुमान जी व श्याम बाबा की आरती के साथ हुआ। संगरिया से आये मनोज अग्रवाल और सोनू मुंजाल ने संगीतमय पाठ करवाया, जिससे पूरा प्रांगण भक्तिमय हो गया। दिल्ली से मंगाए गए विशेष फूलों से बाबा का अलौकिक श्रृंगार, इत्र-पुष्प वर्षा और राधा-कृष्ण तथा श्याम बाबा की सजी मनमोहक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। इस दौरान रायचंद मोर, हीरालाल गुप्ता, डॉ. मनोज अग्रवाल, महावीर सिंगला, राजकुमार गर्ग, नंदकिशोर गोयल और संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाएं संभालीं। समापन पर सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

ग्राम पंचायत 12 जीबी में नवनिर्वाचित सरपंच ने संभाला कार्यभार, जनकल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दिया भरोसा

सबको साथ लेकर करेंगे गांव का समग्र विकास : सरपंच थिंद

सीमा सन्देश # जैतसर

कस्बे के नजदीकी ग्राम पंचायत 12 जीबी में सोमवार को नवनिर्वाचित सरपंच सिदक कौर थिंद ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर श्रीसुखमणि साहिब के पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और विकास की कामना को लेकर अरदास की गई। भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष मनदीप सिंह थिंद ने बताया कि कार्यभार ग्रहण समारोह में निवर्तमान सरपंच एवं प्रशासक रीटा



मण्डा, ग्राम विकास अधिकारी गुरजीत सिंह तथा भारतीय किसान संघ के पूर्व तहसील अध्यक्ष राकेश मण्डा ने नवनिर्वाचित सरपंच सिदक कौर थिंद का स्वागत किया। इस दौरान पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें ग्राम पंचायत का कार्यभार सौंपा गया।

योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर: समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, सूरतगढ़ के पूर्व विधायक अशोक नागपाल तथा दी गंगानगर शुगर मिल के पूर्व निदेशक बलदेव सिंह थिंद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और पंचायतीराज के माध्यम से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास करें।

ग्रामीणों का सहयोग लेकर करवाएंगे विकास : नवनिर्वाचित सरपंच सिदक कौर थिंद ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर योजनाएं बनाई जाएंगी और उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास रहेगा कि कोई भी पात्र परिवार सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो।

बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे मौजूद: समारोह में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश पारीक, युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुमित पुन्याणी, भाजपा मंडल महामंत्री अमित पुन्याणी, सनातन फ्रंट अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तनुज अरोड़ा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के गौरव तिवाड़ी, रवि शर्मा, जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष 29 जीबी गुरप्रीत सिंह सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरपंच,पंच के लिए 85 प्रति. से अधिक हुआ ग्रामीण आंचल में मतदान

सीमा सन्देश # पदमपुर

पंचायती राज संस्थाओं के चौथे चरण में पदमपुर पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के बाद सोमवार को पदमपुर पंचायत समिति की 36 ग्राम पंचायत के लिए सरपंच व पंच के लिए चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। अधिकतर ग्राम पंचायत में सरपंच व पंच पद के दावेदारों की संख्या 5 से अधिक होने से चुनावी दंगल काफी रोचक बन गए, अधिकतर ग्राम पंचायत में 80 से 90% तक मतदान होने का समाचार मिला है और बड़ी संख्या में निर्विरोध पंच भी चुने गए हैं। पंचायत का सरपंच व पंच सुनने के लिए सोमवार को ग्रामीण अंचल में भावी



प्रत्याशियों के समर्थकों की भारी भीड़ उत्साह जनक वातावरण में प्रत्येक बूथ केंद्र पर नजर आई जहां मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने के लिए कड़ा संघर्ष किया गया मतदाताओं में गांव की सरकार चुनने के लिए जबरदस्त उत्साह नजर आया और बेल्ट पेपर के जरिए उन्होंने अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए घंटो तक लम्बी लाइन में खड़ा होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए सच्चा प्रहरी बनकर अपनी समारात्मक भूमिका मताअधिकार का प्रयोग कर निभाई , ज्ञात रहे की सरपंच व पंच पद के लिए आज हुए बेल्ट पेपर के जरिए मतदान का परिणाम कहीं मतदाताओं की संख्या अधिक होने से देर रात तक आने की संभावना है। इनकार नहीं किया जा सकता।

365 हैड: मतदान केंद्र का निरीक्षण, मतगणना की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा

सीमा सन्देश# 365 हैड

मण्डी 365 हैड, 2 के एलडी,1 केवाईडी, 17 केएन डी , 12 केएनडी, 8 केएनडी 13 डीओएल 7 केएलनडी में पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मतदान प्रक्रिया के दौरान रावला थाना अधिकारी बलवंत राय एवं तहसीलदार सुर्य गोदारा टीम के साथ 17 केएनडी ए मतदान केंद्र पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने पोलिंग बूथ परिसर एवं मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रावला थानाधिकारी बलवंत राय ने बताया की 2 केएलडी ग्राम पंचायत अतिश्वेदनशील होने के कारण विशेष रूप से जाप्ता लगाया गया। 17 केएनडी ए में निरीक्षण के दौरान



अधिकारियों ने मतदान केंद्र पर तैनात कर्मचारियों से बातचीत कर मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद लोगों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। अधिकारियों ने मतगणना की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक इंतजामों पर विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के चलते मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता देखने को मिली।

पुलिस अफसरों की निगरानी में पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

सरपंच एवं पंचों के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी सीर कौर के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। ग्राम पंचायत 6 एफ ए रड़ेवाला की सरपंच प्रत्याशी नवदीप कौर के पक्ष में बालिकाएं हाथों में पोस्टर से मौन रहते हुए प्रचार कर रही थीं। सुबह सवेरे मतदान शुरू होने से पहले ही वोटर कतारें लगाकर खड़े हो



गए। विकलांग एवं बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

सीमा सन्देश# घड़साना। गांव की सरकार चुनने के लिए सोमवार को घड़साना पंचायत समिति की सभी ग्राम पंचायत में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। शाम छह बजे तक 85. 55 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान बूथ नंबर 122 चक एक एमएलकेसी में 94.6.5 प्रतिशत रहा जबकि सबसे कम मतदान बूथ नंबर 149 पर चक जीपी9 डीडी 57.76 प्रतिशत रहा। सरपंच के चुनाव को लेकर ग्रामीणों में बहुत ज्यादा उत्साह था । सभी मतदान बूथ पर सुबह से ही वोटर महिला पुरुषों की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई थी । सभी मतदाता अपने-अपने प्रत्याशियों को विजई बनाने के प्रयास में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर रहे थे।



डूंगरसिंहपुरा ग्राम पंचायत में 11 में से 5 पंच निर्विरोध घोषित

सादुलशहर। कुल 11 वार्ड पंच में से पांच निर्विरोध घोषित हुए हैं। वार्ड नंबर एक से गुरदीप सिंह, तीन से मंजू पत्नी अजय कुमार, पांच से हरभजन मेघवाल, वार्ड नंबर सात से सोनू पत्नी दीपक सुथार, वार्ड नंबर दस से लिच्छीराम पुत्र हीरालाल गोयल को निर्विरोध घोषित किया गया है। प्रशासक कालूराम तालणियां ने बताया कि निर्विरोध घोषित हुए पांचों वार्डों के वार्ड पंचों को प्रमाण पत्र दिए गए हैं। पंचों एवं उनके परिजनों को



शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य पूर्व की भांति जारी रहेंगे।

सेना के जवान मनीराम नायक का निधन

सरदारशहर। क्षेत्र के गांव देगां निवासी भारतीय सेना के जवान मनीराम नायक के आकस्मिक निधन से गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक छा गया है। मनीराम नायक



सेना की 19 पंजाब यूनिट में तैनात थे और वर्तमान में जम्मू में देश सेवारत थे। वह दीपावली पर छुट्टी लेकर गांव आए थे और छुट्टियां पूरी होने के बाद उन्हें ड्यूटी पर लौटना था, लेकिन हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। जवान का पार्थिव शरीर राजकीय अस्पताल में रखवाया गया है, जिनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। देश सेवा में समर्पित जवान के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल बना हुआ है।

सूरतगढ़ : छठी मैया की महिमा अपार, गूंजे घाटे-घाट जयकार...

'उग हे सूरज देव, भइले अरघ के बेर...'

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हो गया। अलसुबह शहर के विभिन्न छठ पूजा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पूर्वांचल समाज सहित अन्य समुदायों के महिला-पुरुषों ने छठी मैया की आराधना कर उदय होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। 'कांच ही बांस के बहंगिया...' और 'उग हे सूरज देव...' जैसे पारंपरिक गीतों के बीच व्रतियों ने पानी में खड़े होकर सूप व दउरा में फल, ठेकुआ, नारियल और गन्ना सजाकर पूजा-अर्चना की। परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और आरोग्य की कामना के साथ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया। बादलवाही के कारण सूर्योदय में देरी से व्रतियों को सर्दी में काफी समय तक पानी में खड़ा रहना पड़ा। मुख्य आयोजन दमकल शाखा के पास वार्ड नं. 18 स्थित



पूर्वांचल समाज सेवा समिति घाट पर हुआ। इसके अलावा वार्ड नं. 20 के सैनी मोहल्ले स्थित श्री दुर्गा पूजा पूर्वांचल समाज समिति घाट, श्री गणेश मंदिर ढाब और औद्योगिक क्षेत्र के घाट पर भी सामूहिक पूजा हुई।

दंडवत करते पहुंचे श्रद्धालु और सेवा कार्य: वार्ड नं. 20 के घाट पर पार्षद जयमाला सैन व समाजसेवी मास्टर प्रवीण सैन मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान भक्त मम्मू चावला सहित कुछ अन्य श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर अपने निवास से दंडवत करते हुए घाट पहुंचे और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। राजू व कैलाश मोदी परिवार की ओर से चाय-बिस्कुट और श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा चने का प्रसाद वितरित किया गया। घाटों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और आतिशबाजी के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस आयोजन में विभिन्न समुदायों की सहभागिता से अनूठी सामाजिक समरसता देखने को मिली।

मांझूवास गोसेवा सदन में गोपाष्टमी पर होगा गो पूजन

गोपालकों का भी होगा सम्मान

सीमा सन्देश # मांझूवास

स्थानीय महर्षि भारद्वाज गोसेवा सदन में चल रहे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत सोमवार को श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। समिति अध्यक्ष मुखराम ज्याणी ने बताया कि आचार्य पं. मनोहर लाल वशिष्ठ के सानिध्य में मुख्य यजमान मोहनलाल छींपा ने पत्नी सावित्री छींपा के साथ गौरी-गणपति एवं राम दरबार की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भगवान का आकर्षक दरबार सजाया गया। सायंकालीन आरती के बाद आचार्य वशिष्ठ एवं शिव कुमार शास्त्री ने भजनों की प्रस्तुति दी। मंगलवार को हवन के बाद गोपाष्टमी के अवसर पर गौ पूजन एवं गोपालक पूजन किया जाएगा। पं. वेदप्रकाश रूंथला ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु हवन में आहुति देकर गायों को सवामणी का भोग लगाएंगे।



पेंशनर समाज की बैठक संपन्न, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

सीमा सन्देश # सादुलशहर

पेंशनर समाज की बैठक मालवीय पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई। अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष इंजी. सत्यनारायण शर्मा ने की। इसमें पेंशनर साथी बीरबल राम यादव, नानक चंद बाघला, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक कुमार धमीजा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इंजी. सत्यनारायण शर्मा ने सभी को दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी। पेंशनर की विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। नानक चंद बाघला ने संगठन को मजबूत करने तथा आठवां वेतनमान के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र



सरकार की एक जनवरी 2026 से पूर्व के पेंशनरों को इसका लाभ देने की मंशा नहीं है अतः सभी अपने हकों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहें। इंजीनियर शर्मा ने उपाध्यक्ष नगर पालिका से संगठन के लिए भूखंड आवंटित करने तथा उसपर पेंशनर भवन नगर पालिका द्वारा निर्माण कर पेंशनर समाज को आवंटित करने का अनुरोध किया। जीवन प्रमाण पत्र भरवाने का भी कार्य किया गया जिसके लिए सब ट्रेजरी से उपकोष अधिकारी मुकेश बागड़ी तथा मनीष सिन्हा व ममता सहारण कनिष्ठ लेखाकार उपस्थित रहे। मौके पर प्राप्त हुए सभी जीवन प्रमाण पत्र को कर्मचारियों द्वारा स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से तुरंत ही पोर्टल में फीड कर दिया गया तथा सभी संबंधित को तुरंत मैसेज भी प्राप्त हो गए। प्रकाश चंद्र गोयल के सुपुत्र प्रवीन गोयल को पीएचडी डॉक्टरेट की उपाधि मिलने, पोती वंशिका गोयल का बीटेक में प्रवेश होने, जाकिर हुसैन के सुपुत्र सलीम का केंद्र सरकार के कानून मंत्रालय में विधि सलाहकार के पद पर नियुक्ति होने पर इन दोनों पेंशनर्स को बधाई दी गई। बनवारी लाल शर्मा, प्रभु दयाल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश कालवा, भानीराम टाक, गंगा रौतेला, विमला, सिकंदर सिंह, ठाकर सिंह, विजय सिंह, श्यामलाल बडमुंडा, ओमप्रकाश वर्मा, नरेंद्र कुमार चलाना, रूप सिंह, लाभ सिंह, रामरतन वर्मा सहित पेंशनर उपस्थित रहे ।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

दंतौर। पूर्वक्ष के पहले जन्मदिन पर



दादी वंदना देवी, मम्मी-पापा सुमन नायक-देवेंद्र एसआई, बहिन दीक्षा, समस्त परिवारजनों, शुभचिंतकों की तरफ से बधाई।

न्यूज इन ब्रीफ

मनोज कालड़ा बने एमएस ऑथोर्पेडिक

सीमा सन्देश # पदमपुर। जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज अजमेर से मनोज कुमार कालड़ा पुत्र



चिरंजी कालड़ा ने ऑथोर्पेडिक (डॉक्टर) की डिग्री प्राप्त कर माता-पिता व गुरुजनों के बेहतर मार्गदर्शन लेकर जिले का गौरव बढ़ाया। एस एस आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण कर करने के बाद जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज अजमेर मे कड़ा परिश्रम करते हुए एम एस.आथोर्पेडिक (डॉक्टर) की डिग्री लेकर यहां पहुंचने पर मनोज कालड़ा का अरोडवंश समाज ही नहीं अन्य समुदाय के प्रमुख व्यक्तियों ने मान सम्मान किया। इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I Have Changed My Name SHAKILA to SHAKILA RANI D/O Jalal Deen R/O 8 LLW , Hanumangarh Teh. & Distt Hanumangarh So Please Note all Concern

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

वॉट्सऐप ला रहा इंस्टग्राम के इंस्टेंट्स जैसा फीचर



वॉट्सऐप जल्द 'जैप्स' नाम का नया फीचर ला सकता है जो इंस्टाग्राम के 'इंस्टेंट्स' जैसा होगा। इसके जरिए यूजर्स ऐप के इंस्टेंट कैमरे से फोटो और छोटे वीडियो कैप्चर कर शेयर कर सकेंगे। इन्हें एक बार देखने के बाद दोबारा नहीं देखा जा सकेगा। फीचर में ऐंड-टू-ऐंड एन्क्रिप्शन भी मिलेगा। 'इंस्टेंट्स' फीचर इंस्टाग्राम ने 13 मई-2026 को पेश किया था।

'भारत समिट' में 'वोट चोर' नारा लगाने वाले इटली के नेता ने किया वीजा नियमों का उल्लंघन



'भारत समिट' के दौरान 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाने वाले इटली के नेता जियाकोमो फिलिबेक पर वीजा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, किसी भी वीजा पर भारत आने वाले विदेशी नागरिकों को देश की आंतरिक राजनीति में दखल देने की अनुमति नहीं है। ऐसा करना वीजा नियमों का उल्लंघन है।

अमेरिकी परिवार में एक ही तारीख पर हुआ 5वीं पीढ़ी का जन्म, बना विश्व रिकॉर्ड



अमेरिका के हार्लो परिवार में 5 पीढ़ियों का जन्म एक ही तारीख (14 सितंबर) को हुआ जिसके बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज हो गया। हार्लो परिवार में 14 सितंबर-2025 को आर्थर बेल का जन्म हुआ। इसी तारीख को 1997 में आर्थर की मां, 1972 में उनके नाना, 1949 में परनानी, 1907 में परनानी के दादा पैदा हुए थे।

टेस्ला ने तेज रफ्तार में आ रही कार को दिया चकमा,आखिरी पल की करामात ने किया हैरान



अमेरिका में एक टेस्ला कार का डैशकैम फुटेज सामने आया है जिसमें दिखा कि वह पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार से बचने के लिए सड़क किनारे चली गई। दावा है कि टेस्ला के एफएसडी फीचर ने खतरे को भांपकर ऐसा किया। इसके बाद तेज रफ्तार कार दूसरी गाड़ी से टकराई जिससे उसके ड्राइवर की मौत हो गई।

ईरान ने 168 स्कूली बच्चों के 'कातिल' यूएस अधिकारियों की फोटो की जारी



ईरानी दूतावास ने अमेरिकी नौसेना के 2-अधिकारियों, कमांडर ली आर टेट और लेफ्टिनेंट कमांडर जेफरी ई यॉर्क की फोटो शेयर करके हुए उन्हें मिनाब के स्कूल पर टॉमहॉक मिसाइल हमले का आदेश देने और 168 बच्चों की मौत का आरोप लगाया है। ईरान ने कहा, 'हम तुम्हें ढूंढ निकालेंगे।' बकौल रिपोर्ट्स, फिलहाल अधिकारियों की तैनाती यूएसएस स्प्रुएंस युद्धपोत पर है।

अलीबाबा ने लॉन्च किया नया एआई मॉडल, बड़ी कंपनियों के मॉडल्स को दी मात



चीन की अलीबाबा ने नया फ्लैगशिप एआई मॉडल 'क्वेन4-मैक्स' लॉन्च किया। कंपनी के मुताबिक, कोडिंग बेंचमार्क के मामले में यह एंथ्रोपिक के 'क्लॉड फेबल 5.1' और मूनशॉट के 'किमी ड3.1 प्रो' से बेहतर प्रदर्शन करता है। अलीबाबा के अनुसार, यह जटिल पेशेवर/वैज्ञानिक कार्यों को संभालने में सक्षम है जिसमें सुरक्षा जोखिमों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा उपाय दिए गए हैं।

प्रशांत महासागर के 1029 मीटर नीचे मिली 'पीले ईंटों की सरंचना'



वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के 1029 मीटर नीचे 'पीली ईंटों वाली सड़क' की एक अनोखी संरचना का पता लगाया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह इंसानों द्वारा बनाई गई सड़क नहीं बल्कि ज्वालामुखीय चट्टानों से बनी प्राकृतिक संरचना है। इसके बनने की संभावित वजह कम तापमान पर हाइड्रोथर्मल अल्ट्रेशन है जिसमें आयरन ऑक्सीहाइड्रॉक्साइड बनता है जो सतह को पीला करता है।



बदरीनाथ में कपाट बंद होने से पहले हुई बर्फबारी

बदरीनाथ धाम में सोमवार को भारी बर्फबारी हुई, जिससे पूरा धाम बर्फ की सफेद चादर से ढक गया। शीतकाल के लिए सोमवार शाम मंदिर के कपाट बंद होने से पहले तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। खराब मौसम व कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते रहे। इस दौरान उन्होंने ताजा बर्फबारी का आनंद भी लिया। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के पहाड़, मकान, दुकानें और होटल तक बर्फ से ढके नजर आए। चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछने से धाम का नजारा बेहद मनमोहक हो गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो प्रकृति भी भगवान बदरीविशाल के शीतकालीन प्रवास की तैयारियों में जुट गई हो। बर्फबारी से ठंड का असर और बढ़ गया।

19 साल की मीरा एंड्रीवा ने टेनिस विमेंस टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स जीता: यूक्रेन की स्वितोलिना को सीधे सेटों में हराया; इनाम में 28 करोड़ और मर्सिडीज

कैलिफोर्निया (अमेरिका)। रूस की 19 साल की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने विमेंस टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स का खिताब जीत लिया।

अमेरिका के इंडियन वेल्स में खेले गए फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की 32 साल की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ एंड्रीवा करियर की सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड नंबर-2 रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। चैंपियन बनने पर उन्हें 33.7 लाख डॉलर (करीब 28.4 करोड़ रुपए) की इनामी राशि और अल्ट्रावॉयलेट पर्पल रंग की मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार मिली।

मैच के बाद मर्सिडीज-बेंज कार को कोर्ट पर लाया गया। एंड्रीवा खुशी-खुशी उसकी ड्राइविंग सीट पर बैठ गईं। हालांकि, 19 साल की इस खिलाड़ी के पास अभी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। एंड्रीवा ने कहा, 'यह मेरे लिए जल्द से जल्द ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का शानदार मोटिवेशन है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो मेरी टीम में पांच लोग हैं। मैं हमेशा के लिए पैसेंजर प्रिंसेस बनकर रह सकती हूं। यह भी एक विकल्प है।'



एंड्रीवा ने आखिरी गेमों में जीत पक्की की : इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम-2 पर खेला गया फाइनल करीब दो घंटे चला। मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। एंड्रीवा ने आखिरी छह में से पांच गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आखिरी दो गेम में वे सिर्फ दो पॉइंट ही जीत सकीं। मैच के आखिरी पॉइंट पर उनका स्मैश नेट में उलझ गया और एंड्रीवा चैंपियन बन गईं। जीत के बाद एंड्रीवा ने स्टैंड्स में बैठीं अपनी कोच कोंचिता मार्टिनेज को गले लगा लिया।

बिना सेट गंवाए खिताब जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी बनीं : एंड्रीवा बिना कोई सेट गंवाए डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले क्रिस एवर्ट, मार्टिना नवरातिलोवा और सेरेना विलियम्स जैसी दिग्गज खिलाड़ी भी यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। इस उपलब्धि पर एंड्रीवा ने कहा, 'इस खास ग्रुप में अपना नाम शामिल कर मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानती हूं।' अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान एंड्रीवा ने एक खास जैकेट पहनी थी, जिस पर लिखा था- 'आई वांट टू थैंक माईसेल्फ' यानी मैं खुद को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि वे कड़ी मेहनत करने, कभी हार नहीं मानने, खुद पर भरोसा रखने और हर दिन अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करने पर खुद को धन्यवाद देना चाहती हैं।

आईसीसी में फिर चला जय शाह का सिक्का दूसरी बार संभालेंगे चेयरमैन की जिम्मेदारी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की कमान एक बार फिर जय शाह के हाथों में आ गई है। उन्हें लगातार दूसरी बार आईसीसी का चेयरमैन चुना गया है। खास बात यह है कि इस बार भी उनके खिलाफ किसी ने चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी नहीं की। आईसीसी ने उनके निर्विरोध दोबारा चुने जाने की आधिकारिक पुष्टि की। बाली में हुई बोर्ड की बैठक में निदेशकों के प्रस्ताव के बाद यह घोषणा की गई। इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे समेत कई देशों के क्रिकेट प्रशासकों और एसोसिएट सदस्य देशों ने भी जय शाह को अपना समर्थन दिया।

दोबारा चेयरमैन बनने पर क्या बोले जय शाह?

लगातार दूसरी बार चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह ने आईसीसी बोर्ड के सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट अपने इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश करने जा रहा है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी नई पीढ़ी तक इस खेल को पहुंचाने और उन्हें प्रेरित करने का शानदार अवसर है।



36 साल की उम्र में बने थे सबसे युवा चेयरमैन

जय शाह ने पहली बार 27 अगस्त 2024 को आईसीसी चेयरमैन का चुनाव निर्विरोध जीता था। उस समय उनकी उम्र महज 36 साल थी। इसके साथ ही वह इस पद पर पहुंचने वाले दुनिया के सबसे युवा व्यक्ति बन गए थे। उन्होंने 1 दिसंबर 2024 को आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला था। शाह ने ग्रेग बार्कले की जगह यह जिम्मेदारी ली थी। अब लगातार दूसरी बार चुने जाने के बाद वह एक बार फिर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट संचालन संस्था का नेतृत्व करेंगे।

दूसरे कार्यकाल में क्या होंगी शाह की चुनौतियां?

आईसीसी चेयरमैन के रूप में जय शाह के सामने दूसरे कार्यकाल में कई अहम जिम्मेदारियां होंगी। इनमें सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर और लोकप्रिय बनाना है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ उन देशों में भी क्रिकेट का विस्तार करना होगा, जहां अभी इस खेल की लोकप्रियता कम है। एसोसिएट देशों में क्रिकेट को बढ़ावा देना भी आईसीसी की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

2028 ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पर नजर

जय शाह के दूसरे कार्यकाल में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक बेहद महत्वपूर्ण होगा। 100 साल से भी अधिक समय बाद क्रिकेट ओलंपिक में वापसी करने जा रहा है। ऐसे में यह आईसीसी के लिए दुनिया भर में इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने का बड़ा अवसर है। ओलंपिक के जरिए क्रिकेट को उन देशों तक पहुंचाया जा सकता है, जहां अभी इस खेल को ज्यादा पहचान नहीं मिली है।

सूर्यकुमार ने 29 गेंदों पर ठोके 82 रन, मुंबई को मिली आसान जीत



कोलकाता। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव का शानदार फॉर्म जारी रहा। सोमवार को ग्रुप डी के मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिससे मुंबई ने गुजरात के खिलाफ एक आसान जीत हासिल की।

पूर्व भारतीय टी 20 कप्तान की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 198 रनों के लक्ष्य को महज 15.4 ओवर में हासिल कर लिया। गुजरात ने आशुतोष शर्मा और विशाल जायसवाल की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत 197 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। आशुतोष ने 22 गेंदों पर 42 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 21 गेंदों पर 38 रन जोड़कर अपनी टीम को एक मजबूत फिनिश दिया।

लेकिन मुंबई की जवाबी पारी में सूर्यकुमार छाए रहे, जिन्होंने एक बार फिर अपने आक्रामक शॉट्स का प्रदर्शन किया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 82 रनों की पारी में सात छक्के और नौ चौके लगाए। उनकी इस पारी ने जीत की नींव रखी और मुंबई ने चार ओवर से भी ज्यादा गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सरफराज खान ने भी शानदार साथ दिया और महज 17 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए।

सूर्यकुमार, जो भारत को लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जिताने के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, ने इस टूनामेंट की जोरदार शुरूआत की है।

बेल्जियम के लुकाकू ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा, 135 मैचों में दागे रिकॉर्ड 94 गोल

बेल्जियम। स्टार स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू ने 33 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। लुकाकू ने 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में बेल्जियम के लिए 135 मैच खेले और रिकॉर्ड 94 गोल किए। वह देश के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

लुकाकू ने राष्ट्रीय टीम के साथ बिताए पलों को याद करते हुए साथियों, प्रशिक्षकों और समर्थकों का आभार जताया। उन्होंने मार्च 2010 में क्रोएशिया के खिलाफ पदार्पण किया था। उस समय उनकी उम्र 16 साल, 9 महीने और 18 दिन थी। उन्होंने पहला अंतरराष्ट्रीय गोल रूस के खिलाफ नवंबर 2010 में किया था।



लुकाकू ने बेल्जियम की ओर से चार विश्व कप और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। उन्होंने डिफेंडर जान वर्टोंगन के साथ सर्वाधिक 6,110 मिनट मैदान साझा किए। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के बावजूद वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। फिलहाल वह तुर्किये के क्लब फेनरबाहचे से जुड़े हैं।

ज्वेरेव ने जोडार को हराया

ट्यूरिन। रविवार को निट्टो एटीपी फाइनल्स में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने दो सबसे मजबूत हथियारों का बखूबी इस्तेमाल किया और 20 साल के डेब्यू करने वाले खिलाड़ी राफेल जोडार को हरा दिया।

एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी के तौर पर अपने दूसरे मैच में, ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने सीजन के आखिर में होने वाली इस चैंपियनशिप में अपना तीसरा खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। 29 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी का बैकहैंड और सर्व - ये दो ऐसे शॉट हैं जिन्होंने 2026 में उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई है - इनलपी एरिना में मिली उनकी इस शुरूआती जीत में सबसे खास रहे। इस जीत के साथ ही वे जॉन मैकेनरो ग्रुप में 1-0 की स्थिति में आ गए हैं।



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026

मैंने यह किताब इसलिए लिखी, क्योंकि बहुत कुछ कहा जा रहा है और उसमें से ज्यादातर बातें सच्चाई से परे हैं। मैंने सच्चाई बताने के लिए किताब लिखी। - **सोनिया गांधी**

न्यूज इन ब्रीफ

भारत शर्तें नहीं थोपना चाहता, लेकिन खुद भी स्वीकार नहीं करेगा : सीपी



कटक। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि भारत दुनिया का नंबर-वन राष्ट्र इसलिए बनना चाहता है ताकि कोई भी देश उस पर अपनी शर्तें न थोप सके। कटक स्थित श्री श्री यूनिवर्सिटी के नए 'आइकॉनिक टावर' का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति दूसरों की मदद करने और सभी को साथ लेकर चलने की रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी आत्मविश्वास, क्षमता और वैश्विक नेतृत्व के साथ मनाना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पिछले 12 वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। 2014 में देश में 760 विश्वविद्यालय थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 1,400 हो गई है। इसी अवधि में आईआईटी 16 से 23, आईआईएम 13 से 22 और एम्स 7 से बढ़कर 13 हो गए हैं। विद्यार्थियों की संख्या भी 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और अधिक पदक हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम में ओडिशा के राज्यपाल ब्रजमोहन राम, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, श्री श्री रविशंकर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्तनपान का आंकड़ा घटा

सहारनपुर। जिले में शिशुओं को मां का दूध पिलाने की दर में भारी गिरावट सामने आई है। सीएमओ डॉ. शेर सिंह कक्कड़ ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के अनुसार स्तनपान की दर घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई है, जबकि पिछले सर्वेक्षण-5 में यह 67.4 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि छह माह तक मां का दूध शिशुओं के विकास, पोषण और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए बेहद जरूरी है।

दम्पती का मोबाइल हैक कर ठगी

जयपुर। जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने प्रताप चंद बिस्वास (45) का मोबाइल हैक कर उनके और पत्नी के बैंक खातों से रकम निकाल ली। साथ ही तीन क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 2.95 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोनिया के कार्यक्रम में पहुंचे अमरेन्द्र

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की सोनिया गांधी के संस्मरण विमोचन समारोह में मौजूदगी के बाद उनके कांग्रेस में लौटने की अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि, अमरिंदर सिंह पहले ही बीजेपी छोड़ने या कांग्रेस में वापसी की खबरों को खारिज कर चुके हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने पंजाब के मुद्दों पर राय नहीं लिए जाने को लेकर नाराजगी जताई थी। वर्ष 2021 में कांग्रेस छोड़ने के बाद उन्होंने पंजाब लोक कांग्रेस बनाई थी, जिसका बाद में बीजेपी में विलय कर दिया गया।

अजय माकन को यूपी की कमान

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 4 चुनावी राज्यों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि अजय माकन को उत्तर प्रदेश की कमान सौंपी गई है। वहीं, पंजाब का जिम्मा डॉ. सिरिवेला प्रसाद को सौंपा गया है। यूपी और पंजाब के अलावा कांग्रेस ने उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के लिए भी स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है। स्क्रीनिंग कमेटी में बीवी श्रीनिवास को भी जगह दी गई है।

सफाई पर करोड़ों खर्च के बावजूद नहीं सुधरी हालत, 520 नालों को बताया प्रशासनिक विफलता का आईना*

यमुना प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, खराब पानी मिला तो राज्यों पर लगेगा जुर्माना

नई दिल्ली।

यमुना नदी के बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्यों और प्रशासन की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि सफाई पर भारी रकम खर्च होने के बावजूद यमुना की हालत सुधरने के बजाय बिगड़ी है। अब यदि किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या जिले से गुजरते समय नदी के पानी की गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो संबंधित क्षेत्र पर जुमार्ना लगाया जाएगा।



सीपीसीबी करेगा सीमाओं पर पानी की निगरानी

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को निर्देश दिया है कि वह यमुना और उसमें गिरने वाले प्रमुख नालों के पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करे। नदी जहां किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या जिले में प्रवेश करती है और जहां से बाहर निकलती है, वहां जांच की जाएगी। अदालत ने सीपीसीबी को प्रदूषण की स्थिति के आधार पर पर्यावरणीय मुआवजे की गणना के लिए एक फामूर्ला तैयार करने को भी कहा है।

520 नाले बता रहे बदहाल व्यवस्था

कोर्ट ने कहा कि यमुना में गिरने वाले 520 नाले नदी की खराब स्थिति के साथ-साथ नगर निकायों की विफलता को भी दशार्ते हैं। अदालत ने कहा कि नदी किनारे बसे शहरों, कस्बों और गांवों की नागरिक व्यवस्था की कमियां इन नालों में साफ दिखाई देती हैं। पीठ ने कहा कि केवल नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाना समस्या का समाधान नहीं है। औद्योगिक कचरे और बिना शोधन वाले सीवेज को प्रदूषण फैलने वाली जगह पर ही रोकना होगा।

सीवेज व्यवस्था पर भी चिंता

अदालत ने कहा कि नदी किनारे बनी अवैध कॉलोनियां और झुग्गियां भी प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। बिना व्यवस्थित सीवेज नेटवर्क वाली इन बस्तियों से गंदा पानी सीधे नदी में पहुंच रहा है। जब तक ऐसी कॉलोनियों का पुनर्वास या उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक प्रदूषण रोकना चुनौती बना रहेगा।

एसटीपी को देना होगा लाइव डेटा

सुप्रीम कोर्ट ने सभी एसटीपी, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और संबंधित संयंत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने तथा संचालन और पानी की गुणवत्ता का लाइव डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों से पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। अदालत ने सभी संबंधित विभागों को सीपीसीबी को जांच और निगरानी के लिए पूरा सहयोग देने को कहा है।

रामसिंहपुर रेलवे स्टेशन से 300 मीटर पहले पीर की दरगाह के पास हुई बरामदगी

रेलवे ट्रैक ब्लास्ट; आरोपियों की निशानदेही पर मिले दो संदिग्ध बम, एक किया डिफ्यूज

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

रामसिंहपुर के 50 जीबी में 3 नवंबर को हुए आईईडी विस्फोट मामले की जांच में सुरक्षा एजेंसियों को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। रिमांड पर चल रहे आरोपियों से कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को रामसिंहपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के बेहद करीब दो संदिग्ध बमनुमा बॉक्स बरामद किए हैं। जयपुर से विशेष रूप से बुलाए गए बम निरोधक दस्ते ने इनमें से एक सुरक्षित बम को सफलतापूर्वक डिफ्यूज (निष्क्रिय) कर दिया, जबकि दूसरा बॉक्स पहले से ही टूटा और क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला। जांच अधिकारी आईपीएस नितिन चौधरी ने बताया कि 3 नवंबर को गांव 50 जीबी के पास हुए धमाके के मामले में गिरफ्तार आरोपी महकदीप कौर और दविंदर सिंह से लगातार पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने ट्रैक के पास दो और संदिग्ध बॉक्स छिपाए होने की बात कबूली।



फाइल फोटो

सोमवार को पुलिस टीम दोनों आरोपियों को मौका-तस्दीक के लिए रामसिंहपुर लेकर पहुंची। आरोपियों की निशानदेही पर रामसिंहपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 300 मीटर पहले पीर की दरगाह के पास झाड़ियों में तलाशी ली गई। यहाँ रेलवे लाइन से महज 10 से 20 मीटर और रामसिंहपुर पुलिस थाने से करीब 500 मीटर की दूरी पर दोनों संदिग्ध वस्तुएं बरामद हुईं।

इलाका किया सील, ट्रेन हुई देरी से रवाना

संदिग्ध बम मिलने की पुष्टि होते ही आईपीएस नितिन चौधरी ने तत्काल एसपी हरिशंकर यादव और उच्चाधिकारियों को सूचित किया। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके को सील कर सड़क पर यातायात और आमजन की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई। रेलवे प्रशासन को भी अलर्ट जारी किया गया, जिसके चलते अनूपगढ़-सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन को सुरक्षा कारणों से अनूपगढ़ स्टेशन पर ही रोकना पड़ा। बम निरोधक दस्ते द्वारा एक बम को निष्क्रिय करने और ट्रैक की सघन जांच के बाद ट्रेन को करीब 45 मिनट की देरी से रवाना किया गया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने क्षतिग्रस्त बॉक्स के आसपास बिखरे सामान और विस्फोटक सामग्री के सैंपल जुटाए हैं। पूछताछ में यह भी चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि आरोपी 12-13 अक्टूबर को दूसरी बार इस क्षेत्र में आए थे और इसी दौरान उन्होंने यहाँ आईईडी प्लांट किया था। अब जांच एजेंसियां इस बात की गहराई से पड़ताल कर रही हैं कि इन दोनों संदिग्ध बॉक्स का 3 नवंबर के धमाके से क्या सीधा कनेक्शन है और इसके पीछे आरोपियों का मुख्य उद्देश्य क्या था।

हिंद महासागर में चीन की मौजूदगी पर नौसेना सतर्क

नई दिल्ली।



हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती समुद्री गतिविधियों को लेकर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा है कि चीन की मौजूदगी वर्ष 2008 से बनी हुई है। भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में आने वाले हर जहाज की गतिविधियों पर लगातार नजर रखती है और राष्ट्रीय हितों व समुद्री सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है। एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा कि चीन सितंबर-अक्टूबर 2008 से हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग स्थायी रूप से मौजूद है। उन्होंने कहा कि चीन एक संप्रभु देश है और उसे अपने फैसले लेने का अधिकार है। भारत अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नौवहन की स्वतंत्रता में विश्वास करता है, इसलिए वैध व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हिंद महासागर में आने वाले किसी भी देश का स्वागत है।

आधुनिक युद्ध में साइबर-अंतरिक्ष अहम : नौसेना वर्तमान युद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है और भविष्य की जरूरतों के अनुसार अपनी क्षमता बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध अब केवल जमीन, समुद्र और आसमान तक सीमित नहीं है। साइबर, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और कॉग्निटिव डोमेन भी युद्ध के महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुके हैं। तकनीक के विस्तार ने संघर्षों को अधिक जटिल और बहुआयामी बना दिया है।

हर जहाज की कर रहे निगरानी : नौसेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि चीन की मौजूदगी मात्र भारत के लिए चिंता का विषय नहीं है, लेकिन यदि उसकी गतिविधियां क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बनती हैं तो भारत आवश्यक कदम उठाएगा।

मार्च के बाद आया पानी पूरा नहीं मिला, पशुचारे तक की बिजाई नहीं कर पाए

नोहर फीडर में दो दिन पहले ही बंद कर दिया सिंचाई पानी, टेल के किसानों की पिटी बारियां, रबी की बिजाई पर संकट

सीमा सन्देश # थालड़का।

नोहर फीडर के देईदास माईनर के टेल क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिंचाई पानी की उम्मीद लगाए बैठे किसानों को इस बार भी निराशा हाथ लगी है। निर्धारित अवधि से दो दिन पहले ही नहर में पानी बंद कर दिए। देईदास माइनर के अंतिम छोर के किसानों की सिंचाई की बारीयां पिट गई। हालात यह हैं कि किसान रबी की फसल की बिजाई तक नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में सूखती उम्मीदों और लगातार पानी की किल्लत ने किसानों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। अब किसानों का गुस्सा भी फूटने लगा है और उन्होंने बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन का ऐलान करने की चेतावनी दी है।

किसानों के अनुसार नोहर फीडर में 7 नवंबर को शनिवार शाम 6 बजे सिंचाई पानी छोड़ा गया था। किसानों को उम्मीद थी कि निर्धारित 8 दिन तक पानी मिलेगा, लेकिन महज 6 दिन में ही नहर का पानी बंद कर दिया गया। इससे टेल क्षेत्र के किसानों को पूरा पानी नहीं मिल पाया। किसान मुखराम सिहाग, राम सिंह बेनीवाल, देवीलाल सिहाग, साहबराम, हरिराम, राजेंद्र, फुलाराम, सुरेंद्र सिहाग, भीमराज, धन्नाराम, कृष्ण कुमार और मदनलाल आदि ने बताया कि देईदास माइनर के अंतिम छोर पर बैठे किसानों को सिंचाई पानी नहीं मिला। मार्च के बाद अब जाकर पानी आया था, लेकिन इस बार भी किसानों की प्यास अधूरी रह गई।

किसानों का आखिर कौन है धणी-धोरी?

किसानों ने सिंचाई विभाग और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि नोहर फीडर के किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बार-बार आंदोलन और महापंचायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों ने कहा कि अब उन्हें आगे भी सिंचाई पानी मिलने की उम्मीद नहीं रही। छोटे-मोटे आंदोलनों से जब कोई सुनवाई नहीं हो रही तो अब बड़े स्तर पर एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। किसानों ने चेतावनी दी कि टेल तक पूरा सिंचाई पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं की गई तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों में बढ़ता आक्रोश आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

पर्याप्त पानी न मिलने से फसलें हो रही प्रभावित

किसानों ने बताया कि इस बार खरीफ सीजन में बारिश नहीं होने और पर्याप्त सिंचाई पानी नहीं मिलने के कारण फसलें प्रभावित हुईं। अब रबी सीजन में भी समय पर पूरा पानी नहीं मिलने से बिजाई का संकट खड़ा हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि कई किसान पशुओं के लिए चारे की बिजाई तक नहीं कर पाए हैं। किसानों के सामने खेती के साथ पशुधन के लिए चारे का इंतजाम करना भी चुनौती बन गया है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर सिंचाई पानी नहीं मिला तो रबी की फसल का सीजन भी हाथ से निकल सकता है।

दो महापंचायतों में मिला था भरोसा, फिर नहीं पहुंचा पूरा पानी

किसानों ने बताया कि नोहर फीडर के भगवान हेड पर 23 फरवरी 2026 और 7 अगस्त 2026 को किसान महापंचायत आयोजित की गई थी। इनमें किसानों ने टेल तक पूरा सिंचाई पानी पहुंचाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। महापंचायत में सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों और किसानों के बीच वार्ता भी हुई थी। उस दौरान अधिकारियों की ओर से अक्टूबर माह से पूरा सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन किसानों का आरोप है कि विभागीय अनदेखी के चलते आज भी उन्हें पूरा पानी नहीं मिल रहा है।

हनी ट्रैप से आगे जासूसी की चाल, अंदरूनी खतरा सबसे बड़ी चुनौती: वायुसेना प्रमुख

कर्ज और आर्थिक लालच से जुटा रहे संवेदनशील जानकारी

नई दिल्ली।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने रक्षा क्षेत्र में बढ़ते जासूसी खतरे को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि विदेशी जासूसी नेटवर्क अब केवल हनी ट्रैप तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साइबर जासूसी, सोशल मीडिया, मल्टी लेवल मार्केटिंग और कर्ज के जाल जैसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, सेना के लिए सबसे बड़ा खतरा अंदरूनी लोगों के जरिए संवेदनशील जानकारी लीक होना है। दिल्ली में आयोजित 'नेशनल सिक्योरिटी समिट 3.0' में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियां हासिल करने के लिए जासूसी नेटवर्क नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में हनी ट्रैप के चार मामले सामने आए हैं, जिनमें नौसेना के दो जवान, वायुसेना का एक विंग कमांडर और एक पूर्व सैनिक शामिल थे।



सोशल मीडिया, साइबर माध्यमों से निशाना

दीक्षित ने कहा कि हनी ट्रैप को केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं समझना चाहिए। यह व्यापक साइबर जासूसी अभियान का हिस्सा है। विदेशी एजेंसियां सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर लोगों से संपर्क करती हैं और उन्हें संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए उकसाती हैं। इसके अलावा आर्थिक परेशानी में फंसे लोगों को कर्ज या अन्य लालच देकर भी निशाना बनाया जा सकता है।

'इनसाइडर थ्रेट' चिंता

वायुसेना प्रमुख ने बताया कि सेना के प्रमुख संचार नेटवर्क एयर गैप्ड हैं, यानी वे सामान्य इंटरनेट से अलग रखे जाते हैं। इसलिए इन पर सीधे साइबर हमला करना आसान नहीं है। लेकिन अब जासूसी नेटवर्क उन लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिनकी संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच है। उन्होंने कहा कि अंदरूनी लोगों से पैदा होने वाले खतरे से निपटने के लिए तकनीकी और संस्थागत उपाय किए जा रहे हैं।

निजी रक्षा कंपनियों को सतर्क रहने की सलाह

दीक्षित ने बताया कि सरकारी रक्षा संस्थानों के साथ निजी रक्षा कंपनियों की साइबर सुरक्षा पर भी काम किया जा रहा है। कंपनियों को सुरक्षित नेटवर्क और सही सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपायों का पालन करने से साइबर खतरों को काफी हद तक रोका जा सकता है।

राजनीति

बजट फाइल्स को लेकर चतुर्वेदी ने गहलोत पर साधा निशाना, बोले- एकांतवास में जाकर करें आत्ममंथन

जिला प्रमुख-प्रधान की कुर्सियों पर भाजपा का फोकस, संभागवार फीडबैक से बनेगी रणनीति

जयपुर।

पंचायतीराज चुनाव के मतदान के बाद अब भाजपा का पूरा फोकस जिला प्रमुख और प्रधान पदों पर कब्जा जमाने पर है. सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में संगठन स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हुआ. प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ संभागवार प्रभारियों और सह-प्रभारियों से चुनावी फीडबैक ले रहे हैं. बैठक में जिला प्रमुख-प्रधान की रणनीति, प्रशिक्षण शिविर और मतगणना की तैयारियों पर चर्चा हो रही है. फिलहाल अजमेर संभाग के प्रभारियों से चर्चा हुई. प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सहित कई वरिष्ठ नेता पहुंचे.अजमेर संभाग प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने बताया- बैठक में प्रशिक्षण शिविर और मतगणना की तैयारियों पर



विचार-विमर्श हुआ. उन्होंने निकाय चुनावों की तरह पंचायत चुनावों में भी भाजपा की जीत का दावा किया.

भाजपा की जीत का दावा

पंचायत चुनावों को लेकर चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में प्रशिक्षण शिविर और मतगणना की तैयारियों पर चर्चा की गई. प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ संभाग प्रभारियों और सह-प्रभारियों से चुनावी फीडबैक लेकर आगामी रणनीति पर विचार कर रहे हैं. चतुर्वेदी ने निकाय चुनावों का हवाला देते हुए पंचायत चुनावों में भी भाजपा की जीत का दावा किया.

संविधान दिवस पर गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संविधान दिवस को लेकर भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की प्रक्रिया शुरू की, ताकि नई पीढ़ी भी संविधान के महत्व और उसकी मूल भावना से परिचित हो सके. उन्होंने बताया कि इस बार संविधान दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा और कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय नेता भी शामिल होंगे।

गहलोत पर निशाना साधा

बजट फाइल्स को लेकर चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है. भाजपा मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए वित्त आयोग के चेयरमैन अरुण चतुर्वेदी ने गहलोत को एकांतवास में जाकर अपने कार्यकाल का आकलन करने की सलाह दी. उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत जब अपने शासनकाल की समीक्षा करेंगे तो उन्हें पछतावा होगा कि उन्होंने राजस्थान को लूटने और युवाओं को धोखा देने का काम किया. कांग्रेस ने अशोक गहलोत को पूरी तरह नकार दिया है. पार्टी के भीतर अब उनकी बातचीत समाप्त हो चुकी है और सम्मान भी खत्म हो गया है. गहलोत आज अपने राजनीतिक सम्मान के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं. मीडिया के जरिए खुद को राजनीति में प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इस तरह के मुद्दे खड़े करने का प्रयास कर रहे हैं.

28 महीनों से मुफ्त अनाज मिल रहा

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पंचायत चुनावों में भाजपा को निकाय चुनावों से बेहतर परिणाम मिलने का दावा किया है. उन्होंने कहा कि पहली बार भाजपा संपूर्ण ग्रामीण विकास के मुद्दे और संकल्प पत्र के आधार पर चुनाव मैदान में उतरी है. पार्टी को उम्मीद है कि सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का समर्थन चुनाव में उसके पक्ष में दिखाई देगा. राठौड़ ने दावा किया कि प्रदेश में सवा चार करोड़ लोगों को पिछले 28 महीनों से मुफ्त अनाज मिल रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में पट्टा जारी करने की घोषणा का भी अच्छा असर हुआ है.

राजनीतिक स्थिति का आंकलन करना होगा

राजेंद्र राठौड़ ने कहा- भाजपा के लिए पंचायत चुनाव केवल वार्ड और सरपंच स्तर के नतीजों तक सीमित नहीं हैं. पार्टी की नजर जिला परिषदों में जिला प्रमुख और पंचायत समितियों में प्रधान के पदों पर है. इन पदों पर अपने समर्थित उम्मीदवारों को बैठाने के लिए संगठन को स्थानीय समीकरण, निर्वाचित सदस्यों के समर्थन और संभागवार राजनीतिक स्थिति का आकलन करना होगा. ऐसे में प्रदेश नेतृत्व की यह बैठक आगामी चुनावी प्रक्रिया के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528